# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वर्ष 2026 में मध्य प्रदेश की चार प्रतिष्ठित हस्तियों ने अपने उत्कृष्ट कार्यों से प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में मोहन नागर को सामाजिक कार्य, कैलाश चंद्र पंत को साहित्य एवं शिक्षा, भगवान दास रायकवार को खेल तथा नारायण व्यास को पुरातत्व के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रतिष्ठित पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि से पूरे प्रदेश में गर्व और उत्साह का माहौल है।



समारोह के बाद राष्ट्रपति मुर्मू, पीएम मोदी, शाह सहित विभूतियों का ग्रुप फोटो

## सामाजिक कार्य, साहित्य, खेल और पुरातत्व में मप्र का बढ़ा मान: मोहन नागर, कैलाश चंद्र पंत, भगवान दास रायकवार और नारायण व्यास सम्मानित

## राष्ट्रपति मुर्मू ने मप्र की 4 हस्तियों को किया पद्मश्री से सम्मानित

### 1 कैलाश चंद्र पंत



1936 को महू में जन्मे वरिष्ठ साहित्यकार, पत्रकार और सांस्कृतिक विचारक कैलाश चंद्र पंत बचपन से ही आर्यवीर दल की गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल होते थे। स्कूली शिक्षा के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में शामिल रहे पंत 13 वर्ष की आयु ▶▶ शेष पेज 4 पर

### 2 डॉ. नारायण व्यास



भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) में कई दशकों तक सेवाएं देने वाले पुरातत्वविद् नारायण व्यास उन बिरली हस्तियों में शामिल हैं, जिन्होंने देश की प्राचीन धरोहरों को केवल खोजा ही नहीं, बल्कि उन्हें समझकर, सहेजकर समाज की जीवित स्मृति का हिस्सा ▶▶ शेष पेज 4 पर

### 3 भगवानदास रायकवार



बुंदेली मार्शल आर्ट, विशेष रूप से 'अखाड़ा' शैली के लिए आजीवन समर्पित सेवा देने वाले भगवानदास रायकवार ने अपना पूरा जीवन बुंदेली मार्शल आर्ट को सहेजने, सिखाने और अगली पीढ़ियों तक पहुंचाने में समर्पित कर दिया। बुंदेलखंड के 'दाऊ' ▶▶ शेष पेज 4 पर

### 4 मोहन नागर



सामाजिक कार्य के क्षेत्र में मप्र जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर ने सामाजिक कार्य, पर्यावरण और जल संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया। तीन दशकों से अधिक समय तक वनों, नदियों और आदिवासी उत्थान ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 09 भी


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सवाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
आरसीबी जीटी
शाम 7.30 बजे से

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ


## सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि जांच में सहयोग नहीं कर रही गिरिबाला

### सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए सुनवाई की

### मौत खुदकुशी हो या फिर अप्राकृतिक मौत, हर हाल में पूरी जांच सुनिश्चित करना बेहद जरूरी

# मप्र सरकार का 'सीबीआई जांच' का फैसला सही, निष्पक्ष जांच हो

*सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा एक मृत बेटी होने से कहीं बेहतर है कि बेटी तलाकशुदा होकर उनके साथ सुरक्षित रहे*

*शीर्ष अदालत ने कहा कि एक युवा बेटी को खोने पर परिवार को जिस असीम पीड़ा और दुख से गुजरना पड़ता है, उसके प्रति अदालत की पूरी सहानुभूति है*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली/ भोपाल

ट्विशा शर्मा संदिग्ध मौत मामले में सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए सोमवार को सुनवाई की। इस दौरान कोर्ट ने कई सवाल उठाए हैं और सीबीआई को मामले की जांच अपने हाथ में लेने का आदेश दिया। कोर्ट ने आरोपी और पीड़ित परिवार से मीडिया में या सार्वजनिक मंचों पर बयान न देने की अपील की है। अदालत में सुनवाई के दौरान सामने आया कि गिरिबाला अपने रसूख का इस्तेमाल कर जांच में सहयोग नहीं कर रही हैं। कोर्ट ने ये भी सवाल उठाया कि उन्हें तुरंत जमानत कैसे मिल गई। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि सीबीआई मामले की जांच अपने पास ले लेगी। सुप्रीम कोर्ट ने इस बात को रिकॉर्ड पर ले लिया। सीजेआई सूर्यकांत ने उम्मीद जताई कि सीबीआई तुरंत और निष्पक्ष जांच करेगी। अदालत ▶▶ शेष पेज 4 पर




### सुप्रीम कोर्ट ने मामले को सीबीआई को सौंपे जाने के फैसले की सराहना की



**मीडिया ट्रायल पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, दोनों परिवारों से मीडिया को बयान न देने की अपील की**

**कोर्ट ने ये भी सवाल उठाया कि गिरिबाला सिंह को तुरंत जमानत कैसे मिल गई?**

### मेहता ने कहा- गिरिबाला सिंह अब तक पूछताछ के लिए उपस्थित नहीं हुई

अदालत में सुनवाई के दौरान ये बात भी सामने आई कि आरोपी पक्ष की गिरिबाला सिंह के एक रिटायर्ड जज होने की वजह से समाज में ये नैरेटिव (विमर्श) सेट किया जा रहा है कि स्थानीय पुलिस द्वारा की जा रही जांच निष्पक्ष नहीं हो रही है। इसी के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट ने मामले को सीबीआई को ▶▶ शेष पेज 4 पर

### भोपाल पहुंची सीबीआई की टीम

### दर्ज की एफआईआर, केस डायरी भी कब्जे में ली

सीबीआई के दिल्ली मुख्यालय की विशेष टीम देर शाम भोपाल पहुंची और कटारा हिल्स थाने में दर्ज मूल मामले को अपनी एफआईआर के रूप में दोबारा दर्ज किया। सीबीआई ने भोपाल पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर केस डायरी सहित जांच से जुड़े सभी दस्तावेज और सबूत अपने कब्जे में ले लिए हैं। भोपाल पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने इसकी पुष्टि की है। सीबीआई ने इस मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की सुसंगत धाराओं और दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मृतका की सास गिरिबाला सिंह और पति समर्थ सिंह के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। एफआईआर के ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 03 भी

### फिर मार: चौथी बार बढ़े तेल के दाम

## 11 दिन में 7.5 रुपए का इजाफा कई शहरों में पेट्रोल 100 रु. के पार

**पेट्रोल में 2.61 और डीजल में 2.71 प्रति लीटर की बढ़ोतरी**



फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सोमवार को तेल कंपनियों ने एक बार फिर कीमतों में बड़ा इजाफा किया। 11 दिनों के भीतर यह चौथी बढ़ोतरी है, जिसके बाद देश के अधिकांश हिस्सों में पेट्रोल 100 प्रति लीटर के आंकड़े को पार कर चुका है, वहीं डीजल भी 100 के बेहद करीब पहुंच गया है। सोमवार को तेल कंपनियों ने पेट्रोल में 2.61 प्रति लीटर और डीजल में 2.71 प्रति लीटर की भारी बढ़ोतरी की है। 15 मई से अब तक (मात्र 11 दिनों में) दोनों ईंधनों की कीमतों में करीब 7.5 रुपए प्रति लीटर का इजाफा हो चुका है।

### भोपाल में पेट्रोल 114.45 रुपए और डीजल 99.56 रुपए लीटर

**अभी तक पेट्रोल में 8 रुपए और डीजल में करीब 7 रुपए बढ़े दाम**


वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

नई दरों के अनुसार राजधानी भोपाल में पेट्रोल में 2.83 रुपए प्रति लीटर और डीजल में 2.79 रुपए प्रति लीटर महंगा हुआ है और इस मूल्यवृद्धि के बाद भोपाल में पेट्रोल की कीमत 114.45 रुपए प्रति लीटर और डीजल की कीमत 99.56 रुपए ▶▶ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### ईद की छुट्टी 28 को होगी पहले 27 को था अवकाश

**भोपाल।** ईदुज्जुहा की सरकारी छुट्टी अब 27 की बजाय 28 मई को रहेगी। राज्य शासन ने सोमवार शाम को इसके आदेश जारी कर दिए। जिसके तहत 27 मई को सरकारी दफ्तर और बैंक खुले रहेंगे, लेकिन 28 मई को बंद रहेंगे। पहले बैंकों की भी 27 मई को ही छुट्टी थी। ईद के अवसर पर बैंक और वित्तीय संस्थानों में नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट के तहत पूर्व में घोषित 27 मई के अवकाश को संशोधित कर 28 मई घोषित किया गया है।



### गंगा नदी में डूबने से 7 श्रद्धालुओं की मौत

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश के बदायूं में सोमवार को गंगा दशहरा स्नान के दौरान बड़ा हादसा हो गया। उझानी के कछला घाट और उसहैत के अटैना घाट पर गंगा नदी में डूबने से किशोरी और युवकों समेत सात श्रद्धालुओं की मौत हो गई। स्नान के दौरान गहरे पानी में चले जाने के कारण कुल 25 श्रद्धालु नदी के तेज बहाव में बह गए थे। जिसके बाद पीएसी और निजी गोताखोरों ने मुस्तैदी दिखाते हुए 18 श्रद्धालुओं को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।






### गुलमर्ग में रोपवे में आई तकनीकी खराबी, 65 केबिन रुके

## हवा में अटके सभी 320 पर्यटक सुरक्षित

**एनडीआरएफ और भारतीय सेना ने बचाया अमित शाह ने की तारीफ**

एजेंसी ▶▶ बारामुला

जम्मू-कश्मीर के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल गुलमर्ग में सोमवार दोपहर करीब 1:20 बजे एक बड़ा हादसा टल गया। यहां गोंडोला (केबल कार) में आई तकनीकी खराबी के कारण हवा में अटके सभी 320 पर्यटकों को एक सघन संयुक्त रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद सुरक्षित निकाल लिया गया। जम्मू-कश्मीर पुलिस के महानिदेशक (डीजीपी) नलिन प्रभात ने बताया कि तकनीकी खराबी के बाद पर्यटकों से भरे केबिन हवा में ही लटक गए थे। सूचना मिलते ही सबसे पहले गुलमर्ग एसएचओ अपनी स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) टीम के साथ मौके पर पहुंचे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तुरंत ▶▶ शेष पेज 4 पर



### इंदौर हनीट्रैप केस में बड़ी कार्रवाई

## श्वेता और रेशू चौधरी समेत सात आरोपी जेल भेजे गए

**केस में एटीएस की भी एंट्री, खंगाल रही है रेशू चौधरी का मोबाइल डेटा**



रेशू चौधरी और श्वेता जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

चर्चित हनीट्रैप मामले में क्राइम ब्रांच की विशेष जांच दल (एसआईटी) ने सोमवार को रिमांड खत्म होने पर सभी सात आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। जेल भेजे गए आरोपियों में श्वेता विजय जैन, अल्का दीक्षित, जयदीप दीक्षित, रेशु चौधरी, लाखन चौधरी, जितेंद्र पुरोहित (पत्रकार) और प्रधान आरक्षक ▶▶ शेष पेज 4 पर


### मोबाइल डेटा रिकवरी की जा रही

एसआईटी की कार्रवाई से पहले ही एटीएस की टीम ने आरोपी रेशू चौधरी के मकरोनिया (सागर) स्थित घर पर दबिश देकर वह मुख्य मोबाइल फोन जब्त कर लिया है, जिससे आपत्तिजनक तस्वीरें फॉरवर्ड की गई थीं। साइबर एक्सपर्ट्स अब ▶▶ शेष पेज 4 पर

### प्रेमानंद महाराज ने भक्तों से की ये अपील

## मैं रहूं या न रहूं, दिखूं या न दिखूं लेकिन तुम्हारा मंगल जरूर होगा

**तुम्हारा भरण पोषण ईष्ट देव के द्वारा होगा। किसी व्यक्ति के द्वारा नहीं**



एजेंसी ▶▶ वृंदावन

वृंदावन के कथावाचक प्रेमानंद महाराज की पदयात्रा और भक्तों के साथ होने वाली निजी भेंट को कुछ दिन पहले ही अनिश्चितकाल के लिए बंद किया गया था। तबसे तमाम भक्त प्रेमानंद महाराज के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित हैं। अब प्रेमानंद महाराज के इंस्टाग्राम चैनल पर उनका एक नया वीडियो सामने आया है, जिसमें उन्होंने अपने भक्तों के लिए एक खास मैसेज छोड़ा है। इस वीडियो में प्रेमानंद महाराज ने लोगों से कहा कि बिल्कुल चिंता न करें। हम मिलें न मिलें। बोलें न बोलें। लेकिन, हम आप सबको बहुत प्यार करते हैं। हम चाहते हैं कि सबको श्री जी की कृपा प्राप्त हो और सब उनके चरणों तक पहुंचे। मैं सामने आऊं या न आऊं। इस बात ▶▶ शेष पेज 4 पर

### सुप्रीम कोर्ट का केंद्र, एनटीए, सीबीआई और इसरो प्रमुख वाली समिति को नोटिस

## एनटीए ने पिछली गलतियों से सबक नहीं लिया, पहले एक मॉनिटरिंग कमेटी बनाई गई थी, उसकी सिफारिशें कहां हैं?

**पीठ ने एनटीए को निर्देश दिया कि वह 2024 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए निर्देशों और सिफारिशों पर अब तक उठाए गए कदमों का विस्तृत हलफनामा गुरुवार तक दाखिल करे**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने नीट यूजी 2026 पेपर लीक मामले में एनटीए पर सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि एजेंसी ने पिछली घटनाओं से सबक नहीं लिया। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र, एनटीए और सीबीआई से जवाब मांगा है और सुधारों पर हलफनामा दाखिल करने को कहा है। नीट यूजी पेपर लीक मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी पर कड़ी टिप्पणी की।



फाइल फोटो

जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की पीठ ने एनटीए को निर्देश दिया कि वह 2024 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए निर्देशों और सिफारिशों पर अब तक उठाए गए कदमों का विस्तृत हलफनामा गुरुवार तक दाखिल करे। अदालत ने कहा कि पहले भी यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा था, जिसके बाद एक मॉनिटरिंग कमेटी बनाई गई थी और उसकी सिफारिशों को स्वीकार भी किया गया था। नीट यूजी 2026 परीक्षा 3 मई को आयोजित की गई थी। हालांकि, पेपर लीक के आरोपों के बाद 12 मई को परीक्षा रद्द कर दी गई। मामले की जांच फिलहाल सीबीआई कर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले से जुड़ी सभी याचिकाओं को एक साथ सुनने का फैसला किया है।

### एनटीए की जगह नई स्वायत्त संस्था बनाई जाए

यह मामला फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशनकी याचिका पर सुनवाई के दौरान सामने आया। संगठन ने मांग की है कि नीट यूजी जैसी बड़ी परीक्षा कराने के लिए मौजूदा व्यवस्था की जगह एक मजबूत और स्वायत्त संस्था बनाई जाए। याचिका में कहा गया है कि बार-बार पेपर लीक की घटनाएं 22.7 लाख से ▶▶ शेष पेज 4 पर

### इसरो के पूर्व प्रमुख वाली समिति से भी मांगी रिपोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार द्वारा गठित उस समिति से भी जवाब मांगा है जिसकी अध्यक्षता पूर्व इसरो प्रमुख के. राधाकृष्णन कर रहे हैं। इस समिति को एनटीए की कार्यप्रणाली में सुधार के लिए बनाया गया था। अदालत ने पूछा है कि आयोग की सिफारिशों पर क्या प्रगति हुई है।

माताजी की सड़क दुर्घटना को बताया हत्या का षडयंत्र, कार्रवाई की मांग

# जैन समाज ने राजधानी में जन आक्रोश सभा कर निकाला मौन जुलूस पुरुष-महिलाओं ने हाथों पर काली पट्टी बांधकर अपना विरोध जताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश की राजधानी भोपाल में चौक धर्मशाला से माताजी की सड़क दुर्घटना में हुई समाधि मरण के विरोध में विशाल जन आक्रोश सभा एवं मौन जुलूस का आयोजन किया गया। समाज के पुरुष महिला वर्ग ने हाथों पर काली पट्टी बांधकर मौन जुलूस निकाला तथा भवानी चौक, सोमवारा पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर अपनी पीड़ा एवं आक्रोश व्यक्त किया। समाजजनों ने आरोप लगाया कि माताजी की सड़क दुर्घटना केवल दुर्घटना नहीं, बल्कि जानबूझकर की गई हत्या है। समाज के सभी वरिष्ठ जनों एवं महिला वर्ग ने माता जी कि दुर्घटना के प्रति विंध्यांजलि एवं रोष व्याप्त किया गया इस घटना से संपूर्ण जैन समाज में भारी रोष व्याप्त है।

**प्रदर्शनकारियों ने दुर्घटना के प्रति विंध्यांजलि एवं जबरदस्त रोष जताया**

**नाराज लोगों ने कहा कि इस घटना को लेकर समाज के लोगों में बेहद रोष व्याप्त**



जैन समाज का विरोध-प्रदर्शन।

### कड़ी से कड़ी सजा देने एवं निष्पक्ष जांच की मांग की

समाज ने दोषी को कड़ी से कड़ी सजा देने एवं निष्पक्ष जांच की मांग की। इस अवसर पर भोपाल के सभी मंदिरों के अध्यक्षों, एवं पंचायत कमेटी के अध्यक्ष पंकज जैन सुपारी द्वारा पंचायत कमेटी के पदाधिकारियों एवं समाज के वरिष्ठजनों द्वारा अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। पंचायत कमेटी के अध्यक्ष पंकज जैन सुपारी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने समाज की भावनाओं से अवगत कराया। अपर कलेक्टर ने ज्ञापन को तत्काल मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। संपूर्ण वातावरण शांतिपूर्ण, अनुशासित एवं भावुक रहा।

### उग्र आंदोलन की चेतावनी

जैन समाज ने स्पष्ट किया है कि यदि जल्द ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो वे सड़कों पर उतरेंगे। ज्ञापन में जेल भरो आंदोलन, चक्का जाम और भारत बंद जैसे कदम उठाने की चेतावनी भी दी गई है।

### रीवा में हुई थी हृदय विदारक दुर्घटना

मध्यप्रदेश के रीवा में सड़क दुर्घटना में दो आर्यिका माताओं के दर्दनाक निधन के बाद देशभर में जैन समाज में तीव्र आक्रोश फैल गया है। इस घटना को लेकर समाज ने इसे महज सड़क हादसा मानने से इनकार करते हुए सुनियोजित साजिश करार दिया है और उच्चस्तरीय निष्पक्ष जांच की मांग की है। घटना 20 मई को रीवा के कलेक्ट्रेट और सिविल लाइन थाना क्षेत्र के पास की बताई जा रही है, जहां पूज्य आचार्य विद्यासागर जी महाराज की शिष्या आर्यिका श्रुतमती माताजी और आर्यिका उपशममती माताजी को तेज रफ्तार वाहन ने कुचल दिया। दोनों संतों की मौके पर ही मौत हो गई।

## खबर संक्षेप

### धर्मगुरुओं सहित हिंदू उत्सव एवं शांति समिति की बैठक संपन्न

**भोपाल।** राजधानी में ईद-उल-जुहा (बकरीद) के त्यौहार को ध्यान में रखते हुए पुलिस कमिश्नर संजय कुमार द्वारा शांति समिति, हिंदू उत्सव समिति, धर्मगुरुओं और गणमान्य नागरिकों के साथ बैठक की गई। कमिश्नर कार्यालय में बैठक के दौरान एमपीईबी, स्वास्थ्य विभाग और अन्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहें। बैठक में अगामी त्यौहार ईद-उल-जुहा को शांति पूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने के लिए अपील की गई। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था इत्यादि बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गई' इस दौरान उपस्थित लोगों द्वारा विभिन्न सुझाव एवं समस्या बताएगी। जिससे संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई कर निराकरण के लिए समुचित दिशा निर्देश मिलेगे।

### एमपी पीएससी के प्रारूप नियमों पर मांगे सुझाव

**भोपाल।** राज्य शासन ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की भर्ती परीक्षाओं को संचालित करने के लिए नए प्रारूप नियमों को तैयार किया गया है। इन्हें लागू करने से पहले 5 जून तक शासन ने सुझाव आमंत्रित किए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग के अपर सचिव अजय कटेसरिया के अनुसार राज्य शासन द्वारा मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग परीक्षा नियम 2026 अधिसूचित किया जाना प्रस्तावित है। प्रस्तावित नियमों के प्रारूप विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। प्रस्तावित नियमों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था या हितधारक को कोई आपत्ति या सुझाव देना हो तो वे 5 जून तक लिखित रूप में अपने सुझाव ई-मेल पर भेज सकते हैं। साथ ही सुझाव विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से भी विभाग को दिए जा सकते हैं।

### रचना टॉवर के बेसमेंट में लगी आग, दो वाहन जले

**भोपाल।** रचना नगर स्थित रचना टॉवर के बेसमेंट में सोमवार दोपहर डेढ़ बजे वाहनों में आग लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सबसे पहले बेसमेंट में खड़े एक चार्जिंग में लगे इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर में आग लगी। इसके पास कई वाहन खड़े थे। इनमें से एक एसयूवी कार ने आग पकड़ ली और देखते ही देखते पूरी कार धू-धूकर जलने लगी। आग लगते ही पूरी बिल्डिंग में धुआं भर गया। मौके पर पहुंची दमकल ने आग पर काबू पाया।

भोपाल मंडल ने दिव्यांग यात्रियों को दी सौगात, यात्रा बनाई सुगम और सुरक्षित

# यूडीआईडी कार्ड से विशेष कोच में दिव्यांगों को मिल सकेगी एंट्री

*फैसले का सीधा लाभ भोपाल स्टेशन सहित मंडल के कई स्टेशनों से सफर करने वाले प्रत्येक दिव्यांग यात्रियों को मिल सकेगा, जो सुविधा की दिशा में एक कदम है*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रेल ने दिव्यांगजनों के लिए यात्रा को और अधिक सुगम और सुरक्षित बनाने की दिशा में अहम कदम उठाया है। नए निर्देशों के तहत वैध यूनिक डिसेबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड धारक दिव्यांगजन अब मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में उनके लिए निर्धारित अनारक्षित कोच में आसानी से यात्रा कर सकेंगे। इस फैसले का सीधा लाभ भोपाल स्टेशन सहित मंडल के विभिन्न स्टेशन से सफर करने वाले दिव्यांग यात्रियों को इसका लाभ मिल सकेगा। रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार जिन दिव्यांगजनों के पास वैध यूडीआईडी कार्ड या रियायती किराया सुविधा का प्रमाण है, वे एसएलआरडी (सेकंड क्लास लगेज-कम-ब्रेक वैन) और एलएसएलआरडी कोच में यात्रा के पात्र होंगे। हालांकि, इसके लिए उनके पास वैध टिकट होना अनिवार्य है। यह व्यवस्था इसलिए की गई है ताकि दिव्यांग यात्रियों को भीड़भाड़ से राहत मिल सके और उन्हें सुरक्षित व सम्मानजनक यात्रा का अनुभव हो। रेलवे द्वारा जारी दिव्यांगजन कार्ड या ई-टिकटिंग फोटो पहचान पत्र के जरिए भी यात्रियों को रियायत मिलती है। यह कार्ड ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से बनवाया या नवीनीकरण कराया जा सकता है। कुल मिलाकर, यह पहल दिव्यांगजनों के लिए यात्रा को अधिक सुविधाजनक, सुरक्षित और सम्मानजनक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।





फाइल फोटो।

### आरपीएफ करेगी सख्त कार्रवाई

रेलवे की ओर से दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित इन कोचों में यदि कोई अनाधिकृत व्यक्ति यात्रा करते पाया जाता है, तो उसके खिलाफ रेल अधिनियम 1989 के तहत आरपीएफ की ओर से सख्त कार्रवाई की जाएगी। इससे यह सुनिश्चित किया जाएगा कि वास्तविक जरूरतमंद यात्रियों को ही इन सुविधाओं का लाभ मिल सके। इसके साथ ही रेलवे ने सभी मंडलों, विशेषकर भोपाल रेल मंडल को निर्देश दिए हैं कि इन नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए।

## भोपाल मंडल ने चार माह में ट्रेन में चेन पुलिंग करने वाले 1746 लोगों पर की कार्रवाई

**भोपाल।** भोपाल रेल मंडल की सुरक्षा और संचालन में व्यवधान को रोकने के लिए रेलवे सुरक्षा बल ने ट्रेनों में अलार्म चेन पुलिंग की घटनाओं को रोकने के लिए कई कठोर कदम उठाए हैं। अलार्म चेन का गलत उपयोग न केवल ट्रेन संचालन में देरी का कारण बनता है, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा के लिए भी खतरा उत्पन्न करता है। रेलवे अधिनियम की धारा 141 के तहत ट्रेनों में बिना उचित और पर्याप्त कारण के चेन पुलिंग किया जाना अपराध है। ऐसा करते पाए जाने पर एक वर्ष तक के कारावास या एक हजार रुपये तक के जुर्माने या दोनों से दण्डित किया जा सकता है। भोपाल मंडल द्वारा इस वर्ष 2026 के चार माह जनवरी से अप्रैल तक में रेलवे अधिनियम की धारा 141 के तहत कुल 1746 मामले दर्ज कर न्यायालय के माध्यम से 3.5 लाख रुपए का जुर्माना वसूल किया गया।

- एक साल में 5 हजार से ज्यादा चैन पुलिंग की घटनाएं, जुर्माने के बाद भी यात्रियों में नहीं है डर

### चेकिंग अभियान के बाद भी हर महीने चैन पुलिंग की घटनाएं

जनवरी में 495 मामलें, फरवरी में 391, मार्च में 420 तथा अप्रैल में 440 मामलें पकड़े गये जिनसे जुर्माना क्रमशः 11,0720 रूपये, 85,000 रूपये, 87,345 रूपये एवं 66,650 रूपये वसूला गया। भोपाल मंडल सभी रेल उपयोगकर्ताओं के लिए बेहतर यात्री सुविधाओं को उपलब्ध कराने के क्षेत्र में निरंतर प्रयासरत है। इन्हीं प्रयासों के क्रम में मंडल के वाणिज्य विभाग एवं रेलवे सुरक्षा बल द्वारा बिना उचित कारण के अलार्म चेन खीचने वालों के विरुद्ध निरंतर सघन चेकिंग अभियान चलाये जा रहे है।

### एक वर्ष में 5500 से ज्यादा बार चेन पुलिंग

रेलवे में चेन पुलिंग की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। स्थिति यह है कि अप्रैल 2025 से अप्रैल 2026 तक हर महीने सैकड़ों मामले सामने आए हैं। सबसे ज्यादा घटनाएं जुलाई, अगस्त और अक्टूबर 2025 में दर्ज की गईं। हलाकि इन घटनाओं के बाद आरपीएफ जुर्माना लगाता है लेकिन घटनाएं कम होने का नाम नही ले रही हैं।

### 2025 से 2026 तक बढ़ रही चैन पुलिंग की घटनाएं

आंकड़ों के अनुसार अप्रैल 2025 में 456, मई में 477, जून में 466, जुलाई में 651, अगस्त में 645, सितंबर में 513, अक्टूबर में 677, नवंबर में 573, दिसंबर में 519, जनवरी 2026 में 495, फरवरी में 391, मार्च में 420 और अप्रैल 2026 में 440 चेन पुलिंग के मामले सामने आए।

### अलार्म चेन खींचने के प्रभावः

- ट्रेन की समयपालनता प्रभावित होती है
- अन्य यात्रियों को परेशानी होती है
- रेलवे को आर्थिक नुकसान होता है।

### सुरक्षा नियमों का पालन करें यात्री....

रेलवे सुरक्षा बल यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि यात्रियों को सुरक्षित यात्रा अनुभव मिले और अलार्म चेन पुलिंग जैसी घटनाओं को कड़े कदमों से रोका जा सके। यात्रियों से अनुरोध है कि वे इन पहलों का समर्थन करें और सुरक्षा नियमों का पालन करें।

**सौरभ कटारिया, सीनियर डीसीएम, भोपाल रेल मंडल**

## कायस्थम 30 को करेगा 58 टॉपर्स बच्चों का सम्मान

- सर्वाधिक प्रतिशत वाले 9 विद्यार्थियों को दिवंगतों की स्मृति में मिलेगी प्रोत्साहन राशि

**भोपाल।** कायस्थम मप्र की ओर से 10 वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर उत्तीर्ण होने वाले 58 टॉपर्स चित्रांश विद्यार्थियों को 30 मई को आयोजित एक कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। कायस्थम ने 'कायस्थ मेधावी विद्यार्थी सम्मान के लिए चित्रांश विद्यार्थियों से प्रविष्टि मांगी थी। जिसके लिए मध्य प्रदेश से 60 से अधिक विद्यार्थियों ने अपना विवरण भेजा था । इनमे से 10 वीं बोर्ड के 40 और 12वीं बोर्ड के 18 विद्यार्थियों का चयन सम्मान के लिए किया गया है । कार्यक्रम शनिवार को सुबह 10.30 बजे से दुष्यंत संग्रहालय , शिवाजी नगर में होगा। कायस्थम प्रतिभा सम्मान समारोह में भोपाल के अलावा इंदौर, रीवा, जबलपुर, गंजबासौदा, विदिशा,सागर, छतरपुर आदि जिलों के विद्यार्थी सम्मान प्राप्त करेंगे।

### दिवंगतों की स्मृति में मिलेगी प्रोत्साहन राशि

कायस्थम मध्य प्रदेश के इस आयोजन में कायस्थ समाज के कुछ प्रमुख लोगों ने अपने दिवंगत परिजनों की स्मृति में सर्वाधिक प्राप्तांक वाले नो विद्यार्थियों को अपनी तरफ से स्मृति चिन्ह के अलावा प्रोत्साहन राशि देने की पहल की है।

कई स्कूलों के 34 विद्यार्थियों ने लिया भाग

## मैपकास्ट के सेंटर फॉर क्रिएटिव लर्निंग में कार्यशाला आयोजित



कार्यशाला का आयोजन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के अंतर्गत संचालित सेंटर फॉर क्रिएटिव लर्निंग में वर्चुअल साइंस फन कैंप और साइंस ऑफ साउंड्स विषय पर कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। कार्यशालाओं में विभिन्न विद्यालयों से आए 34 विद्यार्थियों ने सहभागिता करते हुए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से जुड़े आधुनिक डिजिटल उपकरणों, प्रयोगात्मक गतिविधियों एवं व्यवहारिक वैज्ञानिक अवधारणाओं की जानकारी प्राप्त की। मैपकास्ट के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक डॉ. रवि भारद्वाज, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. प्रवीण डिगर्रा, संयुक्त परियोजना संचालक डॉ. मनोज राठौर और प्रधान वैज्ञानिक डॉ. समीर द्वारा प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

*विद्यार्थियों ने वर्चुअल वैज्ञानिक उपकरणों एवं ध्वनि विज्ञान की प्रयोगात्मक गतिविधियों से बढ़ाई वैज्ञानिक समझ*

### प्रधान वैज्ञानिक डॉ. विकास शेंडे ने किया संवाद

मैपकास्ट के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. विकास शेंडे, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक डॉ. अजय चौधरी और वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी भूपेश सक्सेना ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए विज्ञान शिक्षा में प्रयोगात्मक अधिगम, जिज्ञासा एवं रचनात्मक सोच के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों को ऑनलाइन वैज्ञानिक उपकरणों एवं डिजिटल लैब टूल्स के उपयोग की जानकारी दी गई। वर्चुअल माइक्रोस्कोप, स्कैनिंग इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप, ओरिगामी और विभिन्न डिजिटल प्रयोगशाला उपकरणों के वैज्ञानिक उपयोग एवं महत्व को विद्यार्थियों ने समझा। कार्यशाला में रोचक गतिविधियों एवं हैंड्स-ऑन प्रयोगों के माध्यम से विद्यार्थियों को मानव मस्तिष्क की कार्यप्रणाली बताई गई। ब्रेन एक्टिविटीज के जरिए विद्यार्थियों को मस्तिष्क की कार्यप्रणाली एवं उसकी सुरक्षा के लिए हेलमेट के महत्व की जानकारी दी गई।

### तरंगों के वैज्ञानिक सिद्धांतों को समझा

विद्यार्थियों ने फ्रीक्वेंसी, वेवलेंथ, एमप्लिट्यूड एवं विभिन्न प्रकार की तरंगों के वैज्ञानिक सिद्धांतों को प्रयोगात्मक गतिविधियों के माध्यम से समझा। माउथ ऑर्गन किट एवं विभिन्न प्रकार की साउंड किट्स तैयार कर ध्वनि के उत्पन्न होने एवं उसके संचरण की प्रक्रिया को जाना। साथ ही उन्हें वैक्यूम में ध्वनि के संचरण न होने के वैज्ञानिक कारणों की जानकारी भी दी गई।

## प्रभारी मंत्री और महापौर ने की शाहपुरा झील की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जिले के प्रभारी मंत्री चैतन्य काश्यप और महापौर मालती राय ने शाहपुरा झील पहुंचकर साफ-सफाई के लिए श्रमदान किया। इस दौरान झील से कचरा और मिट्टी निकाली गई। प्रभारी मंत्री ने कहा कि नगर निगम शहर के सात तालाबों, कुओं और बावड़ियों के जीर्णोद्धार सहित सीवेज पर काम कर रहा है।

उन्होंने आम लोगों से इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। महापौर ने शहर के सौंदर्यीकरण और जल स्त्रोतों को सहेजने की बात कही। इस मौके पर निगम कमिश्नर संस्कृति जैन भी मौजूद रहीं।



छात्रा के माता-पिता भी रहे मौजूद

## एमबीबीएस पास छात्रा का मां चामुंडा दरबार ने किया सम्मान





हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शिवपुरी मेडिकल कॉलेज की छात्रा सृष्टि दुबे एमबीबीएस डिग्री प्राप्त की तो वहीं एलएनसीटी कॉलेज मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस डॉक्टर की डिग्री प्राप्त करते हुए दृष्टि तिवारी का मां चामुंडा दरबार में सम्मान किया गया। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने छात्रा को शिवपुरी कॉलेज में डिग्री प्रदान की थी। इस मौके दरबार के पुजारी गुरु पंडित रामजीवन दुबे ने छात्रा को उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर सृष्टि दुबे की माता नेहा दुबे पिता राजकुमार दुबे, रेखा तिवारी, एडवोकेट हेमंत तिवारी आदि लोग मौजूद थे।

## श्री हित राधावल्लभ व श्रीजी मंदिर में पुरुषोत्तम मास में चल रहे धार्मिक आयोजन

ठाकुर जी का दूल्हे के रूप में किया गया मनमोहक श्रृंगार

# गुलाब, मोगरा, रजनीगंधा, गेंदा, सेवंती सहित विभिन्न सुगंधित पुष्पों से सजाए गए मंदिर, पर्दे के अंदर निकुंज के भाव से ब्याहुला की हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

श्री हित राधावल्लभ मंदिर व श्रीजी मंदिर में पुरुषोत्तम मास महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत सोमवार को इतवारा स्थित श्री हित रसिक राधावल्लभ मंदिर में वैषाख माह का पहला ब्याहुला बड़े भक्तिभाव और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। ग्रीष्म ऋतु के आगमन पर आयोजित इस विशेष उत्सव में मंदिर परिसर को गुलाब, मोगरा, रजनीगंधा, गेंदा, सेवती सहित विभिन्न सुगंधित पुष्पों से भव्य रूप से सजाया गया। मंदिर के मुखिया नीलेश आचार्य ने बताया कि परंपरा के अनुसार संध्या आरती के पश्चात पर्दे के अंदर निकुंज के भाव से ब्याहुला की शुरूआत हुई। इस दौरान पर्दे के भीतर दूधाभाती की रस्म संपन्न की गई, जो इस आयोजन की प्रमुख विशेषता मानी जाती है। ब्याहुला में ठाकुर जी का दूल्हे के रूप में मनमोहक श्रृंगार किया गया। उन्होंने सेहरा धारण किया और पगड़ी पर बाँस का मोर सुशोभित किया गया। रसिकों ने गाया सखियन के उर ऐसी आई, ब्याह बिनोद रचें सुखदाई।





श्री हित राधावल्लभ मंदिर।

### यमुना पुलिन पर मचकी का झूला

सोमवार को प्रभु श्रीनाथजी को अरगजा वस्त्र के साथ सर पे मोर चंद्रिका एवं मोतियों के आभूषणों से श्रृंगार किया। संध्या काल में यमुना पुलिंग पर रस्सी से बने झूले को फूलों एवं पत्तियों से सुसज्जित कर प्रभु को विराजमान किया । इस दौरान चारों दिशाओं में फव्वारा चलाए गए । मंदिर के मुखिया श्रीकांत शर्मा ने बताया कि ऐसा लग रहा था मानो प्रभु सावन की बरसात के मध्य में झूले में विराजमान और मोर पेड़ों पर बैठी हुई है ।



श्रीजी मंदिर में सजाचट।

भोपाल
मंगलवार, 26 मई 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष -10
वर्ष : 13, अंक : 54
पृष्ठ : 14+8=22 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 43
न्यून. 30

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

11 विराट ब्रिगेड की बल्लेबाजी पर ...



विचार पेज
06 आत्मनिर्भरता से मजबूत ...

haribhoomi.com

▶▶ नौतपे के पहले दिन भोपाल सहित 23 जिलों में बदला मौसम

▶▶ आंधी, बादल और गरज चमक के साथ बौछारों से कुछ राहत

## नौतपा की शुरुआत
### 9 जिले 45 से 46 डिग्री पर तपे

# खजुराहो में गर्मी ने तोड़ा रिकॉर्ड... प्रदेश में इस साल पहली बार पारा 47.2 डिग्री पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सोमवार से नौतपे की शुरूआत हो गई। पहले ही दिन प्रदेश में खजुराहो सबसे गर्म रहा। यहां पारा 47.2 डिग्री दर्ज किया गया, जो इस साल का प्रदेश में सबसे अधिक पारा है। इससे पहले 19 मई को नौगांव में पारा 47 डिग्री रहा है।

धूप और भीषण गर्मी के बीच 9 जिलों में तापमान 45 से 46 डिग्री तक रहा, जबकि दो जिले 46 से 47 डिग्री तक पहुंच गए हैं। नौगांव में 46.8 डिग्री रहने से तीव्र लू का असर रहा। इधर, कुछ हिस्सों में दोपहर बाद मौसम में बदलाव की शुरूआत भी रही। देर शाम तक करीब 23 जिलों में बादल, बौछारें, आंधी और गरज चमक से भीषण गर्मी से कुछ राहत मिली है। मौसम केंद्र के अनुसार मंगलवार को भी अधिकांश जिलों में भीषण गर्मी और लू का असर रहेगा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार कुछ नमी आने से गर्मी के बीच मौसम में बदलाव भी होगा। इससे कुछ जिलों में दो दिन बाद तापमान में गिरावट होगी।

देर शाम करीब 23 जिलों में बौछारों से भीषण गर्मी से कुछ राहत मिली



जहांगीराबाद में गर्मी से बचते बाइक सवार, दोपहर का दृश्य

### यहां 45 से 46 डिग्री की गर्मी

दतिया, राजगढ़, दमोह, मंडला, रीवा, सतना, टीकमगढ़, मलाजखंड में पारा 45 से 46 डिग्री के बीच रहने से कुछ जिलों में लू और भीषण गर्मी रही। भोपाल में पारा दशमलव 7 डिग्री बढ़कर 43.4 डिग्री रहा, जो नॉर्मल से 2.2 डिग्री अधिक रहा।

### यहां बदला मौसम का मिजाज

भोपाल में भी तेज हवाओं के साथ बादलों का आना जाना रहा। सिवनी, छिंदवाड़ा, बालाघाट में आंधी के साथ बारिश और कुछ जगह ओले गिरे। पांढुर्णा, बैतूल, बालाघाट, मंडला, डिंडोरी, सीधी, शहडोल, नरसिंगपुर, जबलपुर में हल्की आंधी और बौछारें पड़ीं। देवास, रायसेन, सतना, पन्ना, सागर, दमोह में भी मौसम बदला। साथ ही मंदसौर, रतलाम, उज्जैन और सिंगरौली में भी आंधी बौछारों का दौर रहा।

### आज यहां लू का रेड अलर्ट

मौसम केंद्र ने मंगलवार को टीकमगढ़, सतना, पन्ना, छतरपुर, निवाड़ी में तीव्र लू का रेड अलर्ट है। गुना, दतिया, आगर, भिंड, सिंगरौली, सीधी, रीवा, शहडोल, उमरिया, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, मंडला, बालाघाट, दमोह, सागर और मैहर में तेज गर्मी और लू का यलो अलर्ट जारी किया गया है।

## खबर संक्षेप

### सीयूईटी-यूजी की परीक्षा बकरीद के कारण स्थगित



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने बकरीद के अवकाश की तारीख बदलने के कारण 28 मई के लिए निर्धारित स्नातक संयुक्त विवि प्रवेश परीक्षा 2026 स्थगित कर दी है। अभ्यर्थियों के लिए नयी परीक्षा तारीखें बाद में घोषित की जाएंगी। यह फैसला कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के 22 मई को जारी उस आदेश के मद्देनजर लिया गया, जिसमें ईद-उल-अजहा (बकरीद) की छुट्टी की संशोधित तारीख का उल्लेख किया गया।

### नवजात के शव को कुत्तों ने नोचा, दो टुकड़े किए



**अशोकनगर।** जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां सीएमएचओ कार्यालय और सर्किट हाउस के बीच झाड़ियों में करीब दो महीने के एक नवजात शिशु का शव दो टुकड़ों में मिला है। सोमवार सुबह राहगीरों ने देखा कि कुछ आवारा कुत्ते मासूम के शव को बेरहमी से नोच रहे थे, जिसके बाद लोगों ने पत्थरों से मारकर कुत्तों को भगाया और पुलिस को सूचित किया। पुलिस जांच में जुट गई है।

### आज राम मंदिर में मनेगी पहली वर्षगांठ



**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के प्रथम तल पर स्थापित राम परिवार की प्रथम वर्षगांठ मंगलवार को गंगा दशहरा के पावन अवसर पर भक्ति भाव से मनाई जाएगी। इस मौके पर राम मंदिर परिसर की यज्ञशाला में विशेष वैदिक अनुष्ठान और हवन-पूजन होंगे। भगवान का आकर्षक श्रृंगार कर नवीन वस्त्र अर्पित किए जाएंगे और 56 भोग लगाया जाएगा। साथ ही वाल्मीकि रामायण का पारायण भी होगा।

**भोजशाला में** मां वाग्देवी के दर्शन-पूजन-अर्चन कर जल गंगा सर्वधन अभियान के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

◆ **सीएम ने** कहा- राजा भोज शोध संस्थान की स्थापना भी की जाएगी

# भोजशाला में राज्य सरकार बनाएगी भव्य सरस्वती लोक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि धार स्थित भोजशाला परिसर में राज्य सरकार भव्य सरस्वती लोक बनाएगी। यहां राजा भोज शोध संस्थान की स्थापना भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक भोजशाला पर उच्च न्यायालय ने जो निर्णय दिया है, राज्य सरकार इस न्यायिक आदेश का अक्षरशः पालन कराएगी।

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि भोजशाला के लिए हुए आंदोलन में शहादत देने वाले तीन शहीदों के परिजनों को 5-5 लाख रुपए दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को गंगा दशहरा पर धार स्थिति ऐतिहासिक भोजशाला पहुंचे थे। वे वहां करीब 4 घंटे तक रहे। विधि विधान से मां वाग्देवी की पूजा अर्चना करने के बाद आरती में भी शामिल हुए। भोजशाला में आजादी के बाद पहली बार कोई मुख्यमंत्री पहुंचा था। इस ▶▶ शेष पेज 4 पर

> सीएम ने कहा कि प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान से प्रदेश में जल संवर्धन की नई क्रांति आएगी

भोजशाला के लिए हुए आंदोलन में शहादत देने वाले तीन शहीदों के परिजन को दिए जाएंगे 5-5 लाख रुपए



मंदिर में पूजा अर्चना करते सीएम

» ***भोजशाला में आजादी के बाद पहली बार कोई मुख्यमंत्री पहुंचा था***

» ***गंगा दशहरा पर हुए जल संरक्षण कार्यक्रम में सीएम ने किया 88 करोड़ के 12 विकास कार्यों का भूमिपूजन***

### राजा भोज ने साढ़े बारह तालाबों का निर्माण कराया था

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजा भोज जल संरक्षण के अग्रदूत थे। राजा भोज ने इस शहर में जलापूर्ति के लिए यहां साढ़े बारह तालाबों का निर्माण कराया था। इन्हें आपस में इस तरह से जोड़ा गया था कि एक तालाब भरने पर उसका अतिरिक्त पानी दूसरे तालाब में स्वतः चला जाता था। प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान से प्रदेश में जल संवर्धन की नई क्रांति ▶▶ शेष पेज 4 पर

### 64 प्राचीन बावड़ियों एवं तालाबों का संरक्षण एवं जीर्णोद्धार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिले के ग्रामीण क्षेत्र में जल संरक्षण के 5 हजार से अधिक काम पूर्ण किए गए है, इसी तरह धार नगरपालिका क्षेत्र में 64 प्राचीन बावड़ियों एवं तालाबों का संरक्षण एवं जीर्णोद्धार किया जा रहा ▶▶ शेष पेज 4 पर

### तीनों शहीदों के सम्मान में मौन श्रद्धांजलि

डॉ. यादव ने भोजशाला के लिए हुए आंदोलन में शहादत देने वाले तीन शहीदों स्व. बनसिंह, स्व. अंतरसिंह एवं स्व. लक्ष्मण सिंह के निकटतम परिजन को राज्य सरकार की ओर से 5-5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। कार्यक्रम के दौरान तीनों शहीदों के सम्मान में मौन रखकर ▶▶ शेष पेज 4 पर

## विदिशा में हैरान करने वाली घटना
# 5 दिन तक बेटे के शव के साथ घर में रहती रही मां

» ***मृत बेटे को जिंदा करने के लिए छाती पर बाइबल रखकर करती थी प्रार्थना***



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

विदिशा के क्रांति चौक इलाके में एक बेहद हैरान करने वाली घटना सामने आई है, जहां एक घर में 44 वर्षीय चीनू वर्गीस का शव कई दिनों तक सड़ता रहा और उसकी मानसिक रूप से अस्वस्थ बुजुर्ग मां उसी माहौल में सामान्य तरीके से रह रही थी। इस खौफनाक मामले का खुलासा सोमवार सुबह तब हुआ, जब दूध देने पहुंचे सचिन लोधी को घर से तेज बदबू आई और दरवाजे के नीचे से खून बहता दिखा। शक होने पर जब उन्होंने ▶▶ शेष पेज 4 पर

## तीर्थ नगरी में ट्रस्ट स्टाफ की ये करतूत
# ओंकारेश्वर में मंदिर ट्रस्ट कर्मचारियों ने श्रद्धालुओं को लाठी डंडों से पीटा

» ***वीडियो वायरल होने के बाद पांच कर्मचारियों को हटाया***



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ओंकारेश्वर में रविवार की शाम श्रद्धालुओं एवं मंदिर ट्रस्ट कर्मचारियों के बीच हुई विवाद और मारपीट की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद जिला प्रशासन एवं श्री ओंकारेश्वर मंदिर ट्रस्ट ने तत्काल संज्ञान लेते हुए सख्त कार्रवाई की है। घटना में प्रथम दृष्टया दोषी पाए गए ट्रस्ट सुपरवाइजर दीपक मालाकार सहित कर्मचारी अंकित योगी, राहुल चौहान, महेंद्र सिंह चौहान, शुभम राजपूत एवं उमाशंकर ▶▶ शेष पेज 4 पर

## 4 अधिकारियों के प्रभारों में परिवर्तन
# आरके गुप्ता को स्टेट प्रोटोकॉल ऑफिसर का अतिरिक्त प्रभार



3 और उप सचिव-अवर सचिव का प्रभार बदला

**भोपाल।** राज्य प्रशासनिक सेवा के 4 अधिकारियों के तबादले हुए हैं। आरके गुप्ता को स्टेट प्रोटोकॉल ऑफिसर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। 3 और उप सचिव, अवर सचिव का प्रभार भी बदला है। वंदना मेहरा अटूट सामान्य प्रशासन विभाग (पूल) में उप सचिव थीं, अब उन्हें पर्यटन विभाग में उप सचिव और निवेश संवर्धन बोर्ड के संचालक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। रंजना पाटने खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग में उप सचिव थीं, अब उन्हें सामान्य प्रशासन विभाग (पूल) में उप सचिव बनाया गया है। राजेश कुमार गुप्ता संस्कृति एवं पर्यटन ▶▶ शेष पेज 4 पर

## नई दिल्ली में होगा आयोजन
# प्रधानमंत्री मोदी पर केंद्रित पुस्तक 'अपनापन' का आज लोकार्पण




सांगठनिक और प्रशासनिक अनुभवों को साझा किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की प्रकाशित पुस्तक 'अपनापन' का लोकार्पण 26 मई को नई दिल्ली के पूसा स्थित सी. सुब्रमण्यम सभागार में होगा। प्रभात प्रकाशन द्वारा प्रकाशित इस कृति का विमोचन पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवगौड़ा की उपस्थिति में किया जाएगा। कार्यक्रम में कई केंद्रीय मंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री शामिल होंगे। यह पुस्तक पीएम नरेंद्र मोदी पर केंद्रित है, जिसमें शिवराज ने उनके साथ तीन दशकों से अधिक के सांगठनिक और प्रशासनिक अनुभवों को साझा किया है।

एनएचआरसी ने डीजीपी-सीएस को थमाया नोटिस

## साध्वियों को कार से कुचलने का विरोध
# जैन समाज की मौन रैली... कहा अहिंसा पर हमला, अब नहीं सहेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रीवा में सड़क दुर्घटना में दो आर्यिका माताओं के दर्दनाक निधन के बाद देशभर में जैन समाज में तीव्र आक्रोश फैल गया है। इस घटना को लेकर भोपाल जैन समाज की ओर विरोध-प्रदर्शन किया। इसमें राजधानी के सभी जैन मंदिर के समिति व जैन समाज के लोग शामिल हुए। इस मौके पर समाज के लोगों ने इसे महज सड़क हादसा मानने ▶▶ शेष पेज 4 पर




भोपाल के पीरगेट पर जैन समाज के लोग विरोध प्रदर्शन करते हुए

**रनवे पर** विमान के एक इंजन ने काम करना बंद किया

# यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के विमान से निकलने लगा धुआं

कराई गई इमरजेंसी लैंडिंग



एजेंसी ▶▶ मुरादाबाद

मुरादाबाद एयरपोर्ट पर उत्तर प्रदेश सरकार के सरकारी विमान में तकनीकी खराबी आने से अफरा-तफरी मच गई। रनवे पर विमान के एक इंजन ने काम करना बंद कर दिया और उसमें से धुआं निकलने लगा। उस समय उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक विमान में मौजूद थे। सुरक्षा एजेंसियों ने तुरंत उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला। सभी यात्री और अधिकारी सुरक्षित हैं। घटना के तुरंत बाद एयरपोर्ट प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हो गईं। ऐहतियात के तौर पर विमान को रनवे पर ही रोक दिया गया और उपमुख्यमंत्री को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। गौर हो कि इससे पहले अमौसी स्थित चौधरी चरण सिंह अन्तरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर प्रदेश के दोनों ▶▶ शेष पेज 4 पर

## मसूरी में जून-जुलाई 2026 में 25 दिन का मिड कैरियर ट्रेनिंग प्रोग्राम होगा

# मिड कैरियर ट्रेनिंग प्रोग्राम के लिए जाएंगे मप्र कैडर के 46 आईएएस अफसर, इनमें 5 जिलों के कलेक्टर भी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (लबासना), मसूरी में आयोजित होने वाले मिड करियर ट्रेनिंग प्रोग्राम के लिए मप्र कैडर के 46 आईएएस अफसर जाएंगे। इनमें 5 कलेक्टर भी शामिल हैं।

एक अनिवार्य सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य अधिकारियों के करियर के विभिन्न चरणों में उनकी प्रशासनिक क्षमताओं और नेतृत्व कौशल का उन्नयन करना है, ताकि वे उच्च स्तर की जिम्मेदारियों और चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना कर सकें। यह कार्यक्रम सेवा के अलग-अलग वर्षों के अनुभव वाले अधिकारियों के लिए तीन चरणों में विभाजित होता है। पहला चरण उन अधिकारियों के लिए जिनकी सेवा के 7 से 9 वर्ष पूरे हो चुके हों। यह कार्यक्रम रणनीति निर्माण और कार्यन्वयन पर केंद्रित होता है। दूसरा चरण उन अधिकारियों के लिए जिनकी सेवा के 14 से 16 वर्ष पूरे हो चुके हों। यह प्रोग्राम नीति निर्माण और नेतृत्व के उन्नत कौशल पर जोर देता है। तीसरा चरण उन अधिकारियों के लिए जिनकी सेवा के 26 से 28 वर्ष पूरे हो चुके हों। इसमें रणनीतिक प्रबंधन और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

15 जून से 10 जुलाई तक चलेगा ट्रेनिंग प्रोग्राम



लबासना भवन

### ट्रेनिंग के लिए जाएंगे ये अफसर

कौशलेंद्र विक्रम सिंह सचिव नगर तथा ग्राम निवेश, इलैयाराजा टी सचिव पर्यटन विभाग, शिल्पा गुप्ता सचिव गृह विभाग, लोकेश कुमार जाटव सचिव वित्त विभाग, अजय कटेसरिया अपर सचिव सामान्य प्रशासन विभाग, रोहित सिंह अपर सचिव वित्त विभाग, आशीष भार्गव अपर सचिव गृह विभाग, सुभाष कुमार द्विवेदी अपर सचिव सामान्य प्रशासन विभाग, रत्नाकर झा अपर आयुक्त राजस्व उज्जैन, धरणेंद्र कुमार जैन अपर सचिव विमानन विभाग, राजेश कुमार ओगरे अपर सचिव वाणिज्यकर विभाग, अरुण कुमार परमार अपर सचिव लोक सेवा प्रबंधन विभाग, शिवराज सिंह वर्मा अपर आयुक्त राजस्व, राजेश बाथम अपर सचिव वन विभाग, नेहा मारख्या सिंह अपर सचिव जनजातीय कार्य विभाग, संतोष कुमार ▶▶ शेष पेज 4 पर

# मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड नवाचारों में देश में श्रेष्ठ, वक्फ सुधारों के क्षेत्र में अग्रणी: डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि आज मध्यप्रदेश राज्य वक्फ बोर्ड विभिन्न नवाचारों से देश में सबसे आगे है। प्रदेश में वक्फ बोर्ड के माध्यम से वक्फ संपत्तियां ऑनलाइन की गई, इसके लिए भारत सरकार से स्कॉच अवार्ड मिला। यह पारदर्शी व्यवस्था पूरे देश के लिए उदाहरण बनी है।

मप्र वक्फ बोर्ड देश में श्रेष्ठ है। डॉ यादव सोमवार को रवीन्द्र भवन भोपाल में मध्यप्रदेश राज्य वक्फ बोर्ड के स्कॉलरशिप वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारा देश रहीम और रसखान की मेलजोल की संस्कृति में विश्वास रखता है। भारत की जनता कानून में भरोसा रखती है, चाहे किसी भी समुदाय की हो। डॉ यादव ने कहा कि देश के पूर्व राष्ट्रपति महान वैज्ञानिक डॉ एपीजे अब्दुल कलाम और भारत-पाक युद्ध में शौर्य के प्रतीक कैप्टन हमीद को कौन भूल सकता है।

## राज्य वक्फ बोर्ड के कार्यक्रम में बेटे-बेटियों को मिली स्कॉलरशिप

## मुख्यमंत्री ने पूर्व राष्ट्रपति कलाम और कैप्टन हमीद का किया स्मरण

नए वक्फ कानून से अनेक वक्फ संपत्तियां हुईं सुरक्षित



उद्बोधन देते सीएम।



स्कॉलरशिप प्रदान करते सीएम।

**बेटे-बेटियां पढ़ें, आगे बढ़ें, सरकार देगी पूरा सहयोग**

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय के बेटे-बेटियां शिक्षा के माध्यम से प्रोत्साहित हों और भविष्य के सपनों को साकार करें। मध्यप्रदेश सरकार इनका पूरा सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विभिन्न तरह के दान से भी निर्धन बच्चों को पढ़ाने का कार्य हो रहा है। दान दाताओं की भूमिका प्रशंसनीय है। ऐसे कार्यों में राज्य सरकार भी पूरा सहयोग करेगी। डॉ यादव ने कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न धार्मिक प्रमुखों और अन्य सभी जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया। स्कॉलरशिप प्राप्त करने वाले 849 बेटे-बेटियों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि नए वक्फ कानून से अनेक वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा संभव हुई है।

### प्रदेश में वक्फ सुधार के कार्य ऐतिहासिक

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद से लेकर अब तक वक्फ सुधार में इतना बड़ा कार्य नहीं हुआ है, जितना अब हुआ। इसके लिए मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड अभिनंदन का पात्र है। वक्फ संपत्तियों का संरक्षण और सुधार हो रहा है। नया वक्फ भवन भी बनाने की पहल हुई है, जिसका नाम पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के नाम पर रखने का निर्णय लिया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नए वक्फ कानून के माध्यम से सुशासन और पारदर्शिता की व्यवस्था लागू करवाई है। अतिक्रमण को रोकने में सफलता मिली है। मध्यप्रदेश इस कार्य में अग्रणी है। डॉ यादव ने कहा कि अब पारदर्शी कार्य प्रणाली लागू है। उम्मीद पोर्टल के माध्यम से सभी वक्फ संपत्तियां ऑनलाइन हैं और रिकॉर्ड में दर्ज हुई हैं। वक्फ संपत्तियों के अतिक्रमण हटाने का कार्य बोर्ड द्वारा किया जा रहा है, जो प्रशंसनीय है।

### बेटियों के ड्रॉप आउट को रोकने में मिली सफलता

बोर्ड के अध्यक्ष डॉ सनवर पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ यादव प्रदेश के सभी मेधावी विद्यार्थियों के साथ खड़े हैं। इसी का परिणाम है कि आज 849 मेधावी विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप प्रदान कर उनका सम्मान किया जा रहा है। गरीब-जरूरतमंद बेटा-बेटियों को मेडिकल कॉलेज तक की पढ़ाई करने में मदद दी जा रही है। नए कानूनों के कारण वक्फ बोर्ड की आय बढ़ी है। हमारा वक्फ बोर्ड गरीब बेटियों की पढ़ाई में सहायता करता है। औकाफ-ए-आम्मा के प्रयास स्कूल-कॉलेजों में बेटियों के ड्राप आउट को रोकने में कारगर सिद्ध हुए हैं। मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड ने अपनी संपत्तियों में इस वर्ष 5 लाख पौधे रोपने का निर्णय लिया है। कार्यक्रम में वक्फ बोर्ड की सीईओ श्रीमती फरजाना गजाल, शहर काजी मुस्ताक अली नदमी, जिलाध्यक्ष वक्फ बोर्ड असलम भाई सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में मुस्लिम छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

**खबर संक्षेप**

### भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री जामसांवली हनुमान मंदिर पहुंचे



**भोपाल।** भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने सोमवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के तहत पांढुर्णा में आयोजित जिला प्रशिक्षण वर्ग का ध्वजारोहण कर उद्घाटन किया एवं सत्र को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रशिक्षण आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इसके बाद क्षेत्रीय संगठन महामंत्री जामवाल ने पांढुर्णा जिले के सौसर में चमत्कारिक जामसांवली श्री हनुमान मंदिर तथा बैतूल जिले के मुलताई में माँ ताप्ती नदी के उद्गम स्थल पर दर्शन-पूजन कर प्रदेशवासियों के कल्याण एवं सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं सीहोर में आयोजित पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के अंतर्गत जिला प्रशिक्षण वर्ग के समापन सत्र को संबोधित किया।

### अजय सिंह ने लगाया नल-जल योजना में भ्रष्टाचार का आरोप

**भोपाल।** कांग्रेस के वरिष्ठ और पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने आरोप लगाया है कि गांवों में नल जल योजना के लिए केंद्र सरकार से मिले तीस हजार करोड़ रुपए में हुए हजारों करोड़ के भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए मध्य प्रदेश सरकार



अब पीएचई विभाग को ही बंद करने की तैयारी कर रही है। इसका कुछ भाग ग्रामीण विकास विभाग और कुछ हिस्सा नगरीय निकाय और आवास विभाग में विलय किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह सब केंद्र सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के उस फैसले की आड़ में किया जा रहा है जिसमें कहा गया है कि एकल नल जल योजना का पूरा हिस्सा पीएचई से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को दे दिया जाए। मुख्यमंत्री मोहन यादव इस पर अपनी मौखिक सहमति भी दे चुके हैं। यह सहमति केवल महा घोटाले के सबूत को मिटाने और भ्रष्टाचारी चहेते ठेकेदारों को बचाने की सोची समझी साजिश है। अजय सिंह ने मुख्यमंत्री मोहन यादव से मांग की हैं कि पीएचई विभाग और जल जीवन मिशन के तहत हुए सभी कार्यों की निष्पक्ष जांच शीघ्र ही किसी स्वतंत्र एजेंसी या मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के सिटिंग जज की निगरानी में समय सीमा में कराई जाए। उन्होंने कहा कि सरकार तुरंत एक श्वेत पत्र जारी कर पानी के लिए तरस रही जनता को बताए कि अब तक कितना बजट स्वीकृत हुआ, कितना भुगतान किया गया और वास्तव में कितने गांवों में पानी मिला। जब तक भ्रष्टाचार की जांच पूरी नहीं हो जाती और दोषियों को जेल नहीं भेजा जाता, तब तक विभाग के विलय या पुनर्गठन की प्रक्रिया पर तुरंत रोक लगाई जाए। पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने चेतावनी देते हुए कहा है कि सरकार यह मुगालता छोड़ दे कि वह विभाग का नाम बदलकर या उसे बंद करके जनता की गाढ़ी कमाई के हजारों करोड़ रुपए हजम करने वालों को बचा लेगी।

## धार के देवी सागर तालाब के गहरीकरण कार्य का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ

# जल संरक्षण केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, जनभागीदारी से जुड़ा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को धार जिले के धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व के देवी सागर तालाब के गहरीकरण कार्य का शुभारंभ कर स्वयं श्रमदान भी किया। जल संरक्षण और जल स्त्रोतों के संवर्धन को लेकर राज्य सरकार की ओर से चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गंगा दशहरा के अवसर पर हुए इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने देवी तालाब में विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया तथा श्रमदान कर जल बचाने में जन-सहभागिता का संदेश भी दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल संरक्षण केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि जनभागीदारी से जुड़ा एक सामाजिक अभियान है।

प्रदेशभर में जल स्त्रोतों के संरक्षण और संवर्धन के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने नागरिकों से जल बचाने और पारंपरिक जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने में सहभागिता निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर, नगरीय विकास एवं आवास तथा धार जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, पूर्व मंत्री राज्यवर्धन सिंह दत्तीगांव, विधायक नीना विक्रम वर्मा, विधायक कालू सिंह ठाकुर सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।


श्रमदान करते सीएम।

### प्रदेश भर में एक साथ मनाया गया गंगा दशहरा

गंगा दशहरा उत्सव प्रदेशभर में एक साथ मनाया गया। इसके तहत प्रदेश के सभी जिलों में जल स्त्रोतों का पूजन किया गया तथा गंगा कलश यात्राएं भी निकाली गईं। कार्यक्रमों के माध्यम से जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता का संदेश दिया गया।

### धार के देवीसागर तालाब का धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व

देवी सागर तालाब धार के ऐतिहासिक साढ़े बारह तालाबों में से एक प्रमुख जल संरचना है। ऐतिहासिक जल प्रबंधन धार के परमार राजाओं और बाद में पवार शासकों ने जल संरक्षण की अद्भुत तकनीकों का विकास किया था। यह बरसों से धार नगर को जलापूर्ति की महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। धार नगर के साढ़े बारह तालाब कुशल इंजीनियरिंग का उत्कृष्ट उदाहरण है। देवी सागर तालाब के संरक्षण के लिए नगरीय निकाय की ओर से प्रतिवर्ष जन जागृति अभियान चलाकर सामाजिक संगठनों के सहयोग से तालाब की निरंतर सफाई कराई जाती है।

### जल संरक्षण के लिए 2 लाख 42 हजार 188 कार्य करने का लक्ष्य

जल संरक्षण के लिए 2 लाख 42 हजार 188 कार्य करने का लक्ष्य तय किया गया है। इसके तहत प्रदेशभर में 2500 करोड़ रुपए लागत के कार्य प्रगति पर हैं। प्रदेश में 89 हजार 772 कुओं को रिचार्ज किया गया है, 55 हजार से अधिक खेत तालाब बनाए गए। अब तक 105 अमृत सरोवरों का निर्माण किया गया है। अब तक लाखों जलदूत बनाए गए हैं। नगरीय निकायों ने 2 हजार 224 कार्य करने का लक्ष्य रखा था, लेकिन अब तक 9 हजार 630 काम पूरे कर लिए गए है, जो निकायों के लक्ष्य का 433 गुना अधिक है। मप्र जल संरक्षण गतिविधियों में नंबर वन है। खंडवा, बड़वानी, अशोकनगर, राजगढ़, डिंडोरी और धार में बेहतर काम हुए हैं।

**राजा भोज ने लौह स्तंभ का भी निर्माण कराया**

राजा भोज के संरक्षित पुरातत्व के महत्व के अनेक स्थान और भोजपत्र हमारी धरोहर हैं। उन्होंने भोपाल के पास भोजपुर में विश्व के सबसे बड़े शिवलिंग का निर्माण कराया। भोपाल के बड़े तालाब की निर्माण तकनीक देखकर दुनिया के बड़े-बड़े विद्वान अचंभित रह जाते हैं। राजा भोज ने 45 फीट लंबे लौह स्तंभ का भी निर्माण कराया, जिसके संदर्भ में अरब के अलबलूनी ने कहा कि विश्व में ऐसा स्तंभ नहीं देखा, जिस लौह स्तंभ पर कभी जंग नहीं लगी। यह मालवा की धरोहर है। राजा भोज ने कवियों का सम्मेलन कराया और उनकी एक-एक रचना के लिए सोने की ईंट देकर पुरस्कृत किया।

## उज्जैन ने मकानों की संख्या में ग्वालियर को पीछे छोड़ा

# जनगणना: मप्र में अनुमान से 1.87 लाख ज्यादा मकान मिले, इंदौर सबसे आगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में जनगणना 2027 के तहत चल रहे मकान सूचीकरण और गणना कार्य में बड़ा अंतर सामने आया है। जनगणना निदेशालय के अनुमान से अब तक प्रदेश में 1 लाख 87 हजार 795 अधिक मकान मिल चुके हैं।

निदेशालय ने प्रदेश में कुल 2 करोड़ 36 लाख 74 हजार 168 मकानों का अनुमान लगाया था, लेकिन अब तक की गणना में ही यह संख्या बढ़कर 2 करोड़ 38 लाख 74 हजार 168 तक पहुंच गई है। जबकि मकानों की गणना पूरी होने में अभी छह दिन बाकी हैं।

### इंदौर टॉप पर, भोपाल दूसरे स्थान पर

मकानों की संख्या के आधार पर इंदौर प्रदेश में पहले स्थान पर बना हुआ है। भोपाल दूसरे और जबलपुर तीसरे स्थान पर है। इस बार उज्जैन ने ग्वालियर को पीछे छोड़ते हुए चौथा स्थान हासिल किया है।

### प्रदेश के प्रमुख शहरों में मकानों की संख्या

| | | |
|---|---|---|
| इंदौर | – | 12,38,707 |
| भोपाल | – | 8,92,237 |
| जबलपुर | – | 7,80,333 |

### मप्र में 2 करोड़ 39 लाख से अधिक मकानों की गणना पूर्ण, फील्ड कार्य अंतिम चरण में

मप्र में जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य तेज गति से अंतिम चरण की ओर अग्रसर है। प्रदेश में एक मई से प्रारंभ हुआ यह फील्ड कार्य 30 मई तक संचालित किया जा रहा है। राज्य के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रगणकों की ओर से घर-घर जाकर प्रत्येक मकान, परिवार एवं अन्य संरचनाओं से संबंधित जानकारी डिजिटल माध्यम से संकलित की जा रही है। सचिव गृह एवं नोडल अधिकारी जनगणना कार्य श्रीमती शिल्पा गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में जनगणना कार्य निर्धारित समय-सीमा के अनुसार निरंतर प्रगति पर है। राज्य में 1 लाख 37 हजार से अधिक मकान सूचीकरण ब्लॉक बनाए गए हैं। 25 मई तक प्राप्त जानकारी के अनुसार एक लाख 34 हजार 309 मकान सूचीकरण ब्लॉक में कार्य पूर्ण किया जा चुका है। 2 करोड़ 39 लाख 9 हजार 808 मकानों की गणना की जा चुकी है। शेष कार्य भी निर्धारित समयावधि में पूर्ण किए जाने के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं। 30 मई तक पूरे प्रदेश में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। इसके पूर्व 16 से 30 अप्रैल तक प्रदेश में स्व-गणना प्रक्रिया संचालित की।

संगठन को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक सक्रिय करने पर दिया जोर

# ट्रेनिंग कैंप में दिखी कुछ अलग तस्वीर पीछे बैठकर नोट्स बनाते रहे पटवारी

## कांग्रेस के प्रशिक्षण शिविर में आम कार्यकर्ता की तरह हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश कांग्रेस के रीवा में चल रहे प्रशिक्षण शिविर में सोमवार को एक अलग तस्वीर देखने को मिली। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी आम कार्यकर्ता की तरह सबसे आखिरी कतार में बैठकर प्रशिक्षण सत्र में शामिल हुए। इस दौरान वे ट्रेनिंग में दी जा रही सीख और सुझावों को अपनी डायरी में नोट करते नजर आए।

कांग्रेस के इस प्रशिक्षण शिविर में संगठन को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक सक्रिय करने और जनता से जुड़ाव बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। शिविर में पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक रणनीति और चुनावी तैयारियों को लेकर भी विस्तार से चर्चा हो रही है। जीतू पटवारी का कार्यकर्ताओं के बीच साधारण तरीके से बैठना और प्रशिक्षण की बातों को गंभीरता से नोट करना पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच चर्चा का विषय बना रहा। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि यह संगठन में संवाद, अनुशासन और सीखने की संस्कृति को मजबूत करने का संदेश है। पार्टी नेताओं ने इसे राहुल गांधी की उस सोच से भी जोड़ा, जिसमें संगठन से निकले कार्यकर्ताओं को नेतृत्व में आगे लाने पर जोर दिया जाता रहा है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना है कि राहुल गांधी ने कार्यकर्ताओं के बीच से निकले नेता को प्रदेश अध्यक्ष बनाया है और जीतू पटवारी उसी शैली में संगठनात्मक संस्कृति को आगे बढ़ा रहे हैं।



# पेट्रोल-डीजल की चौथी मार से जनता बेहाल, भाजपा सरकार ने महंगाई को बनाया राष्ट्रीय संकट: विभा पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष विभा पटेल ने केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि गलत आर्थिक नीतियों और जनविरोधी फैसलों के कारण पेट्रोल-डीजल की कीमतें लगातार आसमान छू रही हैं। पिछले 10 दिनों में चौथी बार हुई मूल्य वृद्धि ने आम जनता की कमर तोड़ दी है और महंगाई को विकराल संकट में बदल दिया है। विभा पटेल ने कहा कि सोमवार को भोपाल सहित पूरे मध्यप्रदेश में डीजल 100 रुपए प्रति लीटर के पार पहुंच चुका है, जबकि पेट्रोल 116 रुपए या उससे अधिक में बिक रहा है। 15 मई से शुरू हुई बढ़ोतरी का सिलसिला 25 मई तक लगातार जारी रहा, जिससे साफ है कि केंद्र की भाजपा सरकार को जनता की परेशानियों से कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार जनता को राहत देने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। रोज कमाने-खाने वाले लोग, नौकरीपेशा वर्ग, छोटे व्यापारी, ऑटो चालक और ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। ईंधन महंगा होने से परिवहन लागत बढ़ रही है, जिसका सीधा असर खाद्य सामग्री, सब्जियों और रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों पर पड़ रहा है। विभा पटेल ने कहा कि एक तरफ बेरोजगारी और आर्थिक संकट से लोग पहले ही परेशान हैं, वहीं दूसरी ओर पेट्रोल-डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों ने परिवारों का घरेलू बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है। भाजपा सरकार केवल टैक्स वसूली में लगी है, जबकि जनता महंगाई की आग में झुलस रही है।




### दो पहिया वाहन कबाड़ में बेचकर जताया बढ़ती पेट्रोल-डीजल की कीमतों का विरोध

केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बार-बार की जा रही बढ़ोतरी के विरोध में



सोमवार को पुल बोगदा चौराहे पर कांग्रेस नेता मो. शावर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एक दो पहिया वाहन को कबाड़े की दुकान पर बेचकर आम जनता की परेशानी को प्रतीकात्मक रूप से दर्शाया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि लगातार बढ़ते ईंधन दामों के कारण अब आम आदमी के लिए वाहन चलाना संभव नहीं रह गया है। इस प्रदर्शन में आसिफ़ अली, अरमान अली, अंकित साहू, सुनील शर्मा, रफ़ीक़ अहमद, अतीक ख़ान, मेहफ़ूज़ भाई, आशु ख़ान आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राज्यसभा चुनाव को लेकर दिल्ली में हलचल, कमलनाथ और मीनाक्षी के नाम भी चर्चाओं में

# ओबीसी चेहरे पर मंथन, दिग्विजय सिंह की जगह नए नामों पर चर्चा तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश से राज्यसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस में मंथन तेज हो गया है। पार्टी स्तर पर अभी प्रदेश में ज्यादा हलचल नजर नहीं आ रही, लेकिन दिल्ली में उम्मीदवारों के नामों को लेकर चर्चाएं तेज हैं।

कांग्रेस को एक सीट मिलने की संभावना है और इसी को लेकर कई दावेदारों के नाम सामने आ रहे हैं। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि इस बार कांग्रेस वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह को दोबारा राज्यसभा नहीं भेज सकती। उनकी जगह नए चेहरे को मौका दिए जाने की संभावना जताई जा रही है।

इस बार कांग्रेस दिग्विजय सिंह को दोबारा राज्यसभा नहीं भेज सकती

मध्यप्रदेश से राज्यसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस में गहमागहमी

### कमलनाथ और नटराजन के नाम पर विचार

सूत्रों के मुताबिक पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और कांग्रेस की राष्ट्रीय नेता मीनाक्षी नटराजन के नाम पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, अरुण यादव और कमलेश्वर पटेल के नाम भी चर्चा में हैं। हालांकि ये तीनों नेता ओबीसी वर्ग से आते हैं। कांग्रेस से वर्तमान में अशोक सिंह ओबीसी वर्ग का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और वे राज्यसभा सदस्य हैं। ऐसे में पार्टी इस बार सामान्य वर्ग से किसी चेहरे को मौका दे सकती है। इसी वजह से कमलनाथ और मीनाक्षी नटराजन के नामों को प्रमुख दावेदार माना जा रहा है।

### यह है राज्यसभा का गणित

मध्यप्रदेश में राज्यसभा की कुल 11 सीटें हैं। इनमें से आठ सीटों पर भाजपा और तीन सीटों पर कांग्रेस का कब्जा है। भाजपा के सुमेर सिंह सोलंकी, जॉर्ज कुरियन और कांग्रेस के दिग्विजय सिंह का कार्यकाल 26 जून को समाप्त हो रहा है। इन तीन सीटों के लिए जून में चुनाव होना है। विधानसभा में विधायकों की संख्या के हिसाब से एक उम्मीदवार को जीत के लिए 58 विधायकों के समर्थन की जरूरत होती है। मौजूदा संख्या बल के आधार पर भाजपा आसानी से दो सीटें जीत सकती है, जबकि कांग्रेस के खाते में एक सीट जाना तय माना जा रहा है।

## *दिल्ली में हाई कमान से उमंग सिंघार ने की मुलाकात*

भोपाल। दिल्ली में मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात कर राज्यसभा चुनाव और प्रदेश की राजनीतिक स्थिति पर चर्चा की। यह बैठक ऐसे समय हुई है, जब अगले महीने मध्यप्रदेश की राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव होना है और कांग्रेस संगठन अपनी रणनीति को अंतिम रूप देने में जुटा है। बैठक में दोनों नेताओं के बीच वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों, संगठनात्मक समीकरणों और विधानसभा चुनाव के बाद प्रदेश में पार्टी की स्थिति को लेकर विस्तार से मंथन हुआ। सूत्रों के मुताबिक नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने प्रदेश कांग्रेस की गतिविधियों, विधायकों की स्थिति, संगठन की मजबूती और आगामी राजनीतिक चुनौतियों से जुड़ी विस्तृत समीक्षा रिपोर्ट भी कांग्रेस अध्यक्ष को सौंपी। चर्चा के दौरान राज्यसभा चुनाव के लिए संभावित उम्मीदवारों, पार्टी के अंदर समन्वय और विपक्ष की भूमिका को मजबूत करने पर भी विचार-विमर्श किया गया। माना जा रहा है कि कांग्रेस हाईकमान मध्यप्रदेश में संगठन को सक्रिय करने और आगामी चुनावी रणनीति को लेकर लगातार वरिष्ठ नेताओं से फीडबैक ले रहा है।



# दो सौ गांवों में पानी की किल्लत, नल-जल योजना बंद, हैंडपंपों का सहारा

## कलेक्टर प्रियंक ने दी ग्रामीण क्षेत्रों में पानी सप्लाई की स्थिति पर नजर रखने की हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गर्मी का असर बढ़ने के साथ ही जिले के 479 गांवों में इन दिनों पानी का संकट खड़ा हो गया है। पीएचई और जल निगम की अधूरी तैयारी की वजह से इन गांवों में पीने के पानी के लिए हैंडपंपों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। इन गांवों में 121 नलजल योजनाएं अधूरी पड़ी हैं। जिसकी वजह से यहां के लोगों को तीन हजार से अधिक हैंडपंप से गुजारा करना पड़ रहा है। सोमवार को कलेक्टोरेट में टाइम लिमिट की बैठक में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी को ग्रामीण क्षेत्रों में पानी सप्लाई की स्थिति पर नजर रखने की हिदायत दी है।

*गांवों में पानी नहीं मिलने पर सूखा राहत कंट्रोल रूम बनाया*

*0755-2924467 नंबर पर कॉल कर मदद ली जा सकेगी*

### 261 गांवों में 86 योजनाएं बंद पड़ी तो 121 नलजल योजनाएं अब तक अधूरी



कलेक्टोरेट में टाइम लिमिट बैठक की जानकारी लेते कलेक्टर।

जिले के 261 गांवों में नलजल योजना से पानी दिया जा रहा है, जिसमें 86 योजनाएं बंद पड़ी हैं। जबकि 121 नलजल योजनाएं अब तक अधूरी हैं। ऐसे में आम लोगों तक पानी पहुंचाने के लिए कलेक्टोरेट में सूखा राहत कंट्रोल रूम बनाया गया है, जहां सुबह 8 से रात 8 बजे तक इस नंबर पर 0755-2924467 कॉल कर मदद ली जा सकेगी। जिससे यहां पर पानी पहुंचाया जाएगा। जिले के 479 गांवों के 98 हजार 128 परिवार रहते हैं। जिन्हें पानी सप्लाई करने की जिम्मेदारी पीएचई और जल निगम को दी गई है, लेकिन पीएचई और जल निगम की आधी अधूरी तैयारी की वजह से गांव के लोगों को पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है।

### 264 हैंडपंप हुए बंद, तीन हजार में जल स्तर गिरा

जिले के गांवों में पानी की आपूर्ति अब हैंडपंपों पर निर्भर हो गई है, जबकि कुछ गांवों में निजी ट्यूबवेलों से पानी की आपूर्ति की जा रही है। इधर जिले के 4 हजार 92 हैंडपंप में से 3 हजार 828 पानी दे रहे हैं। इनका जलस्तर गिरने की वजह से पाइप बढ़ाकर काम चलाना पड़ रहा है, जबकि 264 हैंडपंप पूरी तरह से बंद हो गए हैं। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि कई जगहों पर निजी ट्यूबवेलों को अधिग्रहण करने की प्रक्रिया भी चल रही है, जिससे गांव के लोगों तक पानी पहुंचाया जा सके।

### विभाग को अपनी उपलब्धि का डेटा तैयार करने को कहा

जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक को लेकर कलेक्टर ने सभी विभागों को अपनी उपलब्धियों, और जिले से जुड़ी मुख्य जानकारियों का डेटा तैयार करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सभी विभाग टीएल बैठक में पिछली बैठक के निर्देशों का प्रतिवेदन पेश करने की नसीहत भी दी।

## गिरिबाला की जमानत के विरुद्ध प्रस्तुत याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई, अगली सुनवाई कल

# एसआईटी समर्थ को लेकर पहुंची उसके घर और पूछा घटना का समय, किया स्पॉट वैरिफिकेशन

*दो घंटे तक सबूत जुटाने के लिए बारीकी से स्पॉट विजिट करती रही एसआईटी की टीम*

जबलपुर में समर्थ सिंह के मददगारों की भी जानकारी जुटा रही पुलिस

लोकेशन ट्रैस से बचने के लिए अपना मोबाइल फोन भी भोपाल में छोड़ गया था समर्थ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी सहित देश में बहुचर्चित ट्विशा आत्महत्या मामले में एसआईटी अभी तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। एसआईटी केवल जांच और पूछताछ की बात कर रही है। एसआईटी अब तक ट्विशा के पति समर्थ से यह पूछ नहीं सकी है कि फरारी के दौरान वह कहां था। वहीं सूत्र बताते हैं कि समर्थ सिंह ने जबलपुर में फरारी काटी है। एसआईटी का कहना है कि समर्थ सिंह अपने बचाव में बयान दे रहा है। रिटायर्ड जज और ट्विशा की सास गिरिबाला सिंह से भी पूछताछ जारी है। बयान को क्रॉस वेरिफाई किया जा रहा है।

सोमवार रात विशेष जांच दल (एसआईटी) की टीम समर्थ सिंह को लेकर कटारा हिल्स स्थित उसके निवास पहुंची। जहां पुलिस ने घटना के समय के बारे में पूछताछ की। एएआईटी की टीम वहां करीब दो घंटे तक रही और तमाम जानकारी के साथ तथ्य जुटाती रही। टीम ने वहां करीब दो घंटे से अधिक समय तक 'स्पॉट विजिट' की और घटनास्थल का बारीकी से मुआयना किया। जांच के दौरान एसआईटी ने ट्विशा का वह कमरा भी खुलवाया, जहां यह पूरी घटना घटी थी। आरोपी समर्थ की मौजूदगी में करीब एक घंटे तक घर के भीतर तफ्तीश की गई, ताकि घटना के समय की कड़ियों को आपस में जोड़ा जा सके और भौतिक साक्ष्यों को सुरक्षित किया जा सके। एसआईटी स्पॉट वेरिफिकिशन के बाद एसआईटी समर्थ को कटारा हिल्स थाने लेकर पहुंची थी। उसके बयानों का क्रॉस वेरिफिकेशन हो रहा है। पुलिस बैंक डिटेल्स, कॉल रिकॉर्ड और फरारी के दौरान उसे मदद करने वालों की जानकारी जुटा रही है।




### समर्थ के बैंक ट्रांजैक्शन, सीडीआर निकाल रही एसआईटी, सीसीटीवी से नहीं हुई है छेड़छाड़


सोमवार शाम एसआईटी समर्थ सिंह के घर पहुंची।

समर्थ के बैंक अकाउंट की जानकारी जुटाई जा रही है। इसके साथ ही मोबाइल की सीडीआर भी निकाली जा रही है। एसआईटी की जांच में सीसीटीवी कैमरे से किसी तरह की छेड़छाड़ की बात सामने नहीं आई है। कैमरे की रिकार्डिंग एसआईटी ने सुरक्षित रखी है। जरूरत पड़ने पर कोर्ट में सीसीटीवी फुटेज प्रस्तुत किए जाएंगे। जिला कोर्ट से गिरिबाला को मिली जमानत पर ट्विशा शर्मा के वकील ने हाईकोर्ट में आपत्ति जताई थी। सोमवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई और कोर्ट ने 27 मई को इस पर अगली सुनवाई करने का फैसला किया है। भोपाल जिला एवं सत्र न्यायालय में दोनों पक्षों की ओर से मामले में प्रस्तुत किए सभी आवेदनों पर भी तारीख बढ़ गई है।

### कार की चाबी कैसे पहुंची, यह भी जांच का विषय

ट्विशा की मौत के बाद उसके पास से फंदा, मोबाइल के अलावा फॉक्सवेगन कार की चाबी मिली थी। ट्विशा के परिजन का कहना है कि ट्विशा को कार ड्राइव करना नहीं आता था। इसके विपरीत ससुराल पक्ष के पास फॉक्सवेगन कार नहीं है। न ही मायके पक्ष में फॉक्सवेगन कार है। अब पुलिस पता लगाने की कोशिश कर रही है कि चाबी किस कार की है और कार कहां है। पुलिस ने ट्विशा के मोबाइल की कॉल डिटेल, चेट और सोशल मीडिया प्लेटफार्म से सबूत जुटाए हैं। अब चाबी और कार के बारे में जानकारी जुटा रही है।

### जबलपुर में काटी फरारी, हाईकोर्ट में वकीलों से मिला

फरारी के दौरान समर्थ जबलपुर में था। उसे उम्मीद थी कि जमानत केवल हाईकोर्ट से ही मिल सकती है। लिहाजा केस दर्ज होते ही वह जबलपुर चला गया। वहां दस दिन वह वकीलों के संपर्क में रहा। अब पुलिस उन लोगों के बारे में जानकारी जुटा रही है, जिन्होंने फरारी के दौरान जबलपुर में समर्थ की मदद की। जबलपुर में समर्थ पुलिस से बचने लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। गिरफ्तारी से बचने उसने अपना मोबाइल भी भोपाल में छोड़ दिया था। उसकी आखिरी लोकेशन भोपाल में ट्रेस हुई थी। हाईकोर्ट में जमानत अर्जी पर सुनवाई हुई और जमानत निरस्त कर दी गई। इसके बाद उसने हाईकोर्ट में आत्मसमर्पण करने का प्रयास किया। इसी दौरान पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। वह जिला कोर्ट में आत्मसमर्पण नहीं करना चाहता था। उसे पता था कि यदि वह जिला कोर्ट में आत्मसमर्पण करने पहुंचता है तो पुलिस उसे पहले ही गिरफ्तार कर लेगी।


जैसे ही समर्थ पुलिस की गाड़ी से निकला, मीडिया ने घेर लिया।


घर के अंदर ले जाती एसआईटी टीम।

## आम लोगों से लिया जा रहा स्वच्छता का फीडबैक

# एक दिन पिछड़ा स्वच्छता सर्वे, एप में ओपन नहीं हो सके वार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत दिल्ली से आई टीम स्वच्छता से जुड़े मापदंडों को लेकर सर्वे के काम में जुटी है। जिसके तहत शहर के आम लोगों से कचरा कलेक्शन, सीवेज और साफ-सफाई के बारे में जानकारी ली जा रही है।

टीम ऑनलाइन मिल रही लोकेशन के आधार पर मौके पर पहुंचती है। सोमवार को सर्वर डाउन होने की वजह से एप पर वार्ड की लोकेशन ही शो नहीं हुई, जिसकी वजह से टीम सर्वे नहीं कर पाई। ऐसे में स्वच्छता सर्वे का काम एक दिन पिछड़ गया है। गुरुवार से शुरू हुए इस जमीनी सर्वे में अब तक जोन 1, 2, 3, 4, 5, 7, 8, 12, 17, 18, 20 और 21 के सभी वार्डों का काम पूरा कर लिया गया है। इसके साथ जोन 9, 10 और 11 के कुछ वार्डों में ही सर्वे का काम पूरा हो पाया है। हालांकि मंगलवार को टीम कोलार के सभी वार्डों के साथ-साथ नर्मदापुरम रोड के जोन 13, 14 और 19 पर जाएगी।

### सर्वे में यह देखा जा रहा

- आम लोगों से लिया जा रहा गिल्ट-फ्री फीडबैक
- बारीकी से देखा जा रहा कचरा स्टेशन पर कचरा प्रबंधन
- बाजारों में डस्टबिन की मौजूदगी पर बराबर बनी है टीम की नजर

## कम बजट होने से बढ़ी फ्लैट की डिमांड

# प्लॉट, मकान से ज्यादा फ्लैट में इन्वेस्ट, 3 माह में रिकॉर्ड रजिस्ट्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रॉपर्टी की खरीद फरोख्त में अब युवा भी पीछे भी नहीं हैं। शहर में कई बड़ी कंपनियों के प्रोफशनल्स ने फ्लैट में निवेश किया है। इसकी पुष्टि खुद पंजीयन विभाग के अफसर भी कर रहे हैं। व्यापारी, कर्मचारी, अधिकारी व अन्य की पसंद आज भी डुप्लेक्स, मकान और प्लॉट बने हुए हैं। पंजीयन विभाग के अफसरों की मानें तो फ्लैट कम बजट में शहर में आसानी से अच्छी लोकेशन पर मिल रहे हैं। वहीं ड्यूप्लेक्स के सौदे कम से कम 50 लाख से शुरू होकर इससे ऊपर ही जाते हैं।

### मार्च माह में हुई थी इस बार रिकॉर्ड रजिस्ट्री

पंजीयन विभाग के अनुसार वर्ष 2026 की शुरूआत से ही मार्केट ने रफ्तार पकड़ी हुई है। मार्च 2026 में ही रिकार्ड 14 हजार रजिस्ट्री दर्ज की गईं, जबकि पिछले साल 24 हजार रजिस्ट्री हुई थीं। पिछले साल में हुई रिकार्ड रजिस्ट्री से विभाग को साढ़े तीन सौ करोड़ से अधिक की आय हुई थी। ये आंकड़ा मार्च माह तक का था। इसके बाद अप्रैल के दूसरे सप्ताह से लगातार अच्छे सौदे हो रहे हैं।

## शरीर पर चोट के निशान देख सहम गई पुलिस भी

# अपनी रिश्ते की बहन से बात करने के संदेह में मिनाल के गेट से नाबालिग का अपहरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अयोध्या नगर थाना क्षेत्र स्थित मिनाल गेट नंबर चार के पास से नाबालिग के अपहरण का मामला सामने आया है। आरोपी उसके परिचित हैं और बाइक पर उसे बिठाकर छोला मंदिर इलाके में ले गए थे, वहां बेल्ट और लात घूंसों से जमकर मारपीट करने के बाद उसे छोड़ दिया। इस दौरान आरोपियों ने उससे दो हजार रुपए की अड़ीबाजी भी की।

- आरोपियों ने नाबालिग से की बेरहमी से मारपीट

मारपीट में नाबालिग के शरीर पर चोट के निशान देकर पुलिस भी सहम गई। पुलिस ने तत्काल प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एक टीम रवाना की थी। टीम ने दोनों आरोपियों को रायसेन से हिरासत में लिया है। पूरी घटना की वजह रिश्ते की बहन से बातचीत करने की बात सामने आई है। दरअसल, नाबालिग पर संदेह को लेकर आरोपियों ने वारदात को अंजाम दिया।

पुलिस के अनुसार प्रतापपुरा इटारसी जिला नर्मदापुरम निवासी अंशुल मालवीय (17 साल 11 माह) पढ़ाई करता है। 18 मई को वह सीयूईटी (कॉमन यूनिवर्सिटी इंट्रेस टेस्ट) देने भोपाल आया था। अयोध्या नगर में उसके बड़े पापा रहते हैं। वह बड़े पापा के घर रुका था। 23 मई की शाम करीब 6 बजे पेपर देने के बाद वह बड़े पापा के घर पहुंचा। इस दौरान शाम करीब साढ़े 7 बजे अनिल का कॉल आया। कॉल करने वाले दाहोद के हैं और अनिल के परिचित हैं। वह कहने लगे कि तू कहां है हम लोग मिनाल गेट नंबर चार पर आ रहे हैं। तब रात करीब 8 बजे अंशुल बड़े पापा की स्कूटी लेकर गेट नंबर चार पर पहुंचा। वहां पर अनिल व राज मिले। दोनों कहने लगे कि स्कूटी यहीं खड़ी कर दे और हमारे साथ बाइक पर चल।

अनिल व राज उसे उड़ान एकेडमी के पास सुनसान जगह पर ले गए और दोनों बोले कि दो हजार रुपए निकाल, हमें शराब पीना है। अंशुल ने पैसे देने से मना किया तो वे गाली-गलौज करने लगे। अनिल और राज ने अपने बेल्ट निकाल लिए और अंशुल को पीटना शुरू कर दिया। उसकी पीठ, कंधे, सिर, चेहरा और हाथ-पैरों में बेल्ट से पीटने से चोट लगी है। आरोपियों ने उसे इतनी बुरी तरह पीटा कि पूरा शरीर लाल पड़ गया। मारपीट करने के बाद अनिल और राज, अंशुल को अपनी बाइक पर बीच में बिठाकर छोला मंदिर इलाके ले गए। वहां अंशुल के साथ जमकर मारपीट की है।

### छोला से दाहोद लेकर पहुंचे आरोपी

छोला मंदिर इलाके में मारपीट करने के बाद आरोपी उसे जबरन अपने साथ दाहोद लेकर पहुंचे। वहां अनिल और राज बोल रहे थे कि आगे से जब भी पैसे मांगे तो दे देना। नहीं दिए तो अगली बार जान से खत्म कर देंगे। बताया जा रहा है कि आरोपियों के चंगुल से मुक्त होकर अंशुल मालवीय दाहोद से लिफ्ट लेकर हबीबगंज आया और रात करीब पौने 3 बजे हबीबगंज से उसने अपने बड़े भाई अंकित मालवीय को कॉल करके बुलाया। उसके बाद अंशुल अपने बड़े भाई अंकित के साथ बड़े पापा के घर अयोध्या नगर आ गया। अगले दिन 24 मई को परिजन के साथ वह रिपोर्ट दर्ज कराने अयोध्या नगर थाने पहुंचा।

## 44 डिग्री तापमान में चौराहों पर वाहन चालकों की बढ़ी परेशानी

# भीषण गर्मी के बीच लंबा सिग्नल टाइम बना मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भीषण गर्मी के बीच अब ट्रैफिक सिग्नलों की लंबी टाइमिंग लोगों के लिए बड़ी परेशानी बन गई है। शहर का तापमान 44 डिग्री के पार पहुंच चुका है, वहीं कई प्रमुख चौराहों पर वाहन चालकों को तेज धूप में लंबे समय तक रुकना पड़ रहा है। खासकर दोपहिया वाहन चालकों को सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है। होशंगाबाद रोड स्थित बागसेवनिया चौराहा, पॉलिटेक्निक चौराहा सहित कई अन्य व्यस्त सिग्नलों पर रेड लाइट का समय 90 सेकंड से ज्यादा बताया जा रहा है।

दोपहर के समय सड़क पर चलना ही मुश्किल हो रहा है, ऐसे में लंबे समय तक सिग्नल पर खड़े रहने से लोग गर्म हवाओं और तेज धूप की मार झेल रहे हैं। कई वाहन चालक चक्कर, सिरदर्द और बेचैनी की शिकायत भी कर रहे हैं। नौतपा शुरू होने के बाद गर्मी और ज्यादा बढ़ गई है। जरूरत होने पर ही लोग घरों से बाहर निकल रहे हैं, लेकिन ट्रैफिक सिग्नलों की लंबी टाइमिंग से राहत नहीं मिल रही। वाहन चालकों ने प्रशासन से मांग की है कि गर्मी को देखते हुए ट्रैफिक सिग्नलों की टाइमिंग कम की जाए, ताकि लोगों को कम समय तक धूप में रुकना पड़े। कुछ लोगों ने सुझाव दिया है कि दोपहर के समय कम ट्रैफिक वाले चौराहों पर सिग्नल अस्थायी रूप से बंद किए जाएं या मैनुअल ट्रैफिक व्यवस्था लागू की जाए। वहीं, चौराहों पर टेंट या शेड लगाने की मांग भी उठ रही है, ताकि वाहन चालकों को तेज धूप से राहत मिल सके। फिलहाल प्रशासन की ओर से सिग्नल टाइमिंग में किसी तरह का बदलाव नहीं किया गया है।


दोपहर करीब एक बजे एमपी नगर थाने के सामने सिग्नल पर खड़े दो पहिया वाहन चालक।

### जल्द ही व्यवस्था होगी...

इसका समाधान निकला जा रहा है, कोशिश रहेगी कि सिग्नल टाइम कम की जाए। इसके साथ ही टेंट या शेड लगाने की भी जल्द ही व्यस्था होगी।

**बसंत कौल**, एडिशनल डीसीपी, ट्रैफिक

## शहर में शाम को 4 डिग्री की राहत, आसपास बूंदाबांदी और तेज हवाओं ने गिराया पारा

**भोपाल**। राजधानी में सोमवार को दिनभर में मौसम के दो रंग दिखे। सुबह से कड़के की धूप से गर्मी चरम पर रही। दोपहर बाद 3 बजे से सीहोर की ओर से बादलों ने एंट्री ली और करीब 40 किमी की रफ्तार से हवाएं चलीं। सीहोर से गांधी नगर के बीच कुछ हिस्सों में अंधड़ के साथ बौछारें पडऩे से शाम को शहर में भी पारा करीब 4 डिग्री गिर गया। दिन में पारा 43.4 डिग्री रहा, जो शाम 6 बजे 39 से 40 डिग्री के बीच पहुंच गया। शाम को हवाओं की रफ्तार सामान्य होने के बाद भी पारा गिरने से फिजा में कुछ राहत घुल गई। हालांकि, गर्मी का दौर देर रात तक जारी रहा।



### रात में गर्मी रही

शहर में रात का पारा 29.6 डिग्री रहा, जो नॉर्मल से 2.3 डिग्री ज्यादा रहा। हवा में नमी बढऩे से अभी रात के तापमान में बढ़त का दौर जारी है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार हवा में नमी की मात्रा बढऩे से मंगलवार रात में भी गर्मी बढऩे की उम्मीद है। इससे उमस और गर्मी का दौर अभी कुछ दिन और रहेगा।

# ढाई घंटे में 35 किलोमीटर दूर साइकिल से दफ्तर पहुंचे जिला पंचायत उपाध्यक्ष जाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल


मोहन सिंह जाट

जिला पंचायत के उपाध्यक्ष मोहन सिंह जाट सोमवार को साइकिल से दफ्तर पहुंचे। उन्होंने बैरसिया रोड स्थित अपने गांव कनेरा से जिला पंचायत दफ्तर तक करीब 35 किलोमीटर की दूरी ढाई घंटे में पूरी की। उनका कहना है कि सप्ताह में अब एक बार साइकिल से दफ्तर आऊंगा, जिससे ईंधन बचने के साथ सेहत भी ठीक रहेगी। उपाध्यक्ष जाट ने बताया कि सोमवार को 43.4 डिग्री वाली गर्मी की वजह से काफी दिक्कतें भी आईं। दोपहर 12 बजे गांव से निकला था और ढाई बजे तक जिपं पहुंच गया। तेज गर्मी की वजह से कुछ देर रास्ते में उतरा भी। पानी की बॉटल साथ में ही रखी थी, जिससे कुछ राहत रही।




## जैकेट का शेष

### कैलाश ...

में सत्याग्रह के दौरान गिरफ्तार भी हुए। मप्र राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के महासचिव पंत ने भाषा को बढ़ावा देने के लिए कई सेमिनार, कार्यशालाएं और साहित्यिक कार्यक्रम राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किए। भोपाल में किसान भवन का निर्माण और हिंदी भवन का विकास काम पंत के प्रमुख कार्यों में से एक है। उन्होंने हिंदी साहित्य को समर्पित त्रैमासिक पत्रिका अक्षरा का संपादन किया, इसके अलावा 'कौन किसका आदमी' और 'धुंध के आर पार', मालवांचल में कूर्मांचल नामक अभिनंदन-ग्रंथ का प्रकाशन भी किया एवं 'हम भारतीय' अभियान के राष्ट्रीय संयोजक भी रहे।

### डॉ. नारायण ..

बनाया। 'पुरातत्व का महान व्यक्ति' कहलाने वाले 77 वर्षीय व्यास ने गुजरात स्थित विश्व धरोहर रानी की वाव के उत्खनन में बड़ी भूमिका निभाई, वहीं यूनेस्को एवं भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के साथ सांची और सतधारा जैसे स्थलों पर कार्य करते हुए उन्होंने ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण को नई दिशा दी। भोपाल और रायसेन क्षेत्र में शैलचित्रों तथा प्राचीन अवशेषों की खोज, गोरखपुर (रायसेन) के पास भारत की सबसे बड़ी प्राचीन दीवार की पहचान और दौलतपुर जैसे विशाल शैलाश्रयों का अध्ययन उनके प्रमुख योगदानों में शामिल है। भीमबेटका जैसे विश्व प्रसिद्ध शैलचित्र स्थलों के अध्ययन में उनका योगदान विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा है। अपने गुरु पद्मश्री डॉ. विष्णुधर वाकणकर के मार्गदर्शन में उन्होंने शैलचित्रों को मानव सभ्यता की प्रारंभिक अभिव्यक्ति के रूप में स्थापित किया।

### भगवानदास ...

कहलाने वाले भगवानदास लंबे समय तक छत्रसाल बुंदेला अखाड़े के उस्ताद रहे। 1982 में बैंक में नौकरी लगने के बावजूद जब अखाड़ा साधना में बाधा आई, तो उन्होंने कठिन लेकिन साहसिक निर्णय लेते हुए नौकरी छोड़ दी। सीमित संसाधन और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बावजूद उन्होंने कभी अपने लक्ष्य और संस्कृति से समझौता नहीं किया। लाठी, भाला, ढाल, तलवार और त्रिशूल जैसे युद्ध उपकरणों के शानदार प्रदर्शन के माध्यम से 82 वर्षीय भगवानदास ने बुंदेली मार्शल आर्ट की श्रेष्ठता को देश और विश्व स्तर पर स्थापित किया।

### मोहन ...

के लिए काम करने वाले नागर ने जल संरक्षण और 'गंगा अवतरण अभियान', पहाड़ियों में जल क्रांति जैसे महत्तवपूर्ण कार्यों को अंजाम दिया है। उन्होंने बैतूल के पहाड़ी इलाकों में भूजल स्तर बढ़ाने के लिए स्थानीय आदिवासी समाज के साथ मिलकर काम किया। छोटे प्रयास, बड़े परिणाम के रुप में मेड़ बंधान, बोरी बंधान, सोकपीट निर्माण और खंतियां खोदकर बारिश का पानी रोकने का कार्य किया। जिससे सूखे हैंडपंपों में 30 फीट ऊपर तक पानी आ गया। सतपुड़ा की हरीतिमा के रूप में सोना घाटी में 1939 में भवानी प्रसाद मिश्र द्वारा लिखे गए गीत को साकार करते हुए, उन्होंने 2014 में 'गंगा अवतरण अभियान' चलाया और पूरी पहाड़ी को फिर से हरा-भरा कर दिया। प्रदेश के 55,000 गांवों तक पर्यावरण और सामाजिक योजनाओं को पहुंचाने का कार्य किया।

### मप्र सरकार का...

ने सुनवाई के दौरान बेहद स्पष्ट शब्दों में कहा कि चाहे ये मौत खुदकुशी हो या फिर कोई अन-नेचुरल डेथ (अप्राकृतिक मौत), हर हाल में इस पूरे मामले की तह तक जाकर एक निष्पक्ष और पूरी जांच सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम इस वक्त मीडिया और आम जनता के बीच चल रही किसी भी तरह की अटकलों को बिल्कुल बढ़ावा नहीं देना चाहते हैं।

### मेहता ने कहा- ...

सौंपे जाने के फैसले की सराहना की है, ताकि जांच बिना किसी बाधा के पूरी तरह निष्पक्ष रूप से आगे बढ़ सके। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि गिरिबाला सिंह अब तक पुलिस पूछताछ के लिए उपस्थित नहीं हुई हैं, लेकिन वह लगातार अलग-अलग टीवी चैनलों को इंटरव्यू देकर दिवंगत ट्विशा शर्मा को बदनाम करने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने कोर्ट को बताया कि जांच के लिए उनसे जब उनका मोबाइल मांगा गया तो उन्होंने इस को लेकर भी परेशानियां खड़ी कीं। कोर्ट ने सॉलिसिटर जनरल की इन बातों को गंभीरता से लिया है और दोनों पक्षों (आरोपी-पीड़ित) के परिवारों को सख्त हिदायत दी है कि वो मीडिया में बयान देने के बजाय अपने बयानों को सीधे जांच एजेंसी के पास रिकॉर्ड कराएं।

**परिवार दायर कर सकता है ट्रांसफर याचिका** : ट्विशा शर्मा के परिवार की ओर से पैरवी कर रहे वकील ने अदालत को सूचित किया कि वह इस पूरे मुकदमे की निष्पक्षता के लिए इसे मध्य प्रदेश राज्य से बाहर किसी अन्य राज्य में स्थानांतरित (ट्रांसफर) करने की मांग कर सकते हैं।

### दर्ज की एफआईआर ...

मुताबिक, 9 दिसंबर 2025 को हुई शादी के बाद से ही ट्विशा को दहेज के लिए लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। सूत्रों के अनुसार, सीबीआई की टीम घटना स्थल का मुआयना करने के साथ ही दिल्ली एम्स की विशेष टीम द्वारा किए गए दूसरे पोस्टमार्टम की रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। रिपोर्ट मिलते ही सीबीआई भोपाल पुलिस की रिमांड पर चल रहे आरोपी पति समर्थ सिंह को अपनी कस्टडी में लेकर पूछताछ शुरू करेगी। मप्र सरकार ने 22 मई 2026 को डीएसपीई एक्ट की धारा 6 के तहत अधिसूचना जारी कर सीबीआई को इस केस की जांच की अनुमति दी। इसके बाद 25 मई को भारत सरकार ने धारा 5 के तहत सीबीआई का क्षेत्राधिकार पूरे मप्र में बढ़ा दिया। अब यह केस भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 80 (2), 85, 3(5) और दहेज निषेध अधिनियम 1961 की धारा 3 व 4 के तहत सीबीआई के पास है। जांच अधिकारी डिप्टी एसपी निशु कुशवाहा को बनाया गया है।

### भोपाल में पेट्रोल ...

प्रति लीटर पहुंच गई है। मध्यप्रदेश पेट्रोल पंप ऑनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय सिंह के अनुसार हालिया बढ़ोतरी को मिलाकर अब तक पेट्रोल की कीमतों में लगभग 8 रुपए प्रति लीटर और डीजल में करीब 7 रुपए प्रति लीटर की वृद्धि दर्ज की जा चुकी है।

### हवा में अटके सभी ...

एसडीआरएफ की 15 टीमें, 8 माउंटेन रेस्क्यू टीमें और सेना की 9 स्नो लेपर्ड यूनिट्स को बचाव कार्य में लगाया गया। एनडीआरएफ, भारतीय सेना और स्थानीय प्रशासन के समन्वय से यह ऑपरेशन चलाया गया। बारिश और खराब मौसम की चुनौतियों के बावजूद जवानों ने सूझबूझ से काम लिया। डीजीपी के मुताबिक, फंसे हुए लोगों में से करीब 45 पर्यटक शारीरिक रूप से अस्वस्थ थे, जिन्हें बेहद सावधानी से स्ट्रेचर पर लिटाकर नीचे लाया गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस सफल रेस्क्यू ऑपरेशन की सराहना की है।

### श्वेता और रेशू चौधरी ...

विनोद शर्मा शामिल हैं। यह पूरी कार्रवाई शराब कारोबारी चिंटू ठाकुर की शिकायत पर दर्ज मामले के तहत की गई है। डीसीपी राजेश त्रिपाठी के अनुसार आरोपियों से पूछताछ पूरी हो चुकी है और उनके पास से मोबाइल व कार जब्त कर ली गई है। इस बीच, मामले की गंभीरता को देखते हुए इंटेलिजेंस एडीजी ए. साईं मनोहर के निर्देश पर आतंकवाद विरोधी दस्ते (एटीएस) की भी एंट्री हुई है।

### मोबाइल डेटा ...

इस मोबाइल से डिलीट और फॉरवर्ड किए गए डेटा को रिकवर करने में जुटे हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि ये तस्वीरें किन-किन लोगों को भेजी गई थीं। जांच में रेशू चौधरी की पृष्ठभूमि को लेकर भी अहम खुलासे हुए हैं। मस्कट से पढ़ी रेशू का वर्ष 2018 में विवाह हुआ था, लेकिन तीन महीने में ही वह अलग हो गई थी। अब उसका ब्वॉयफ्रेंड शुभम भी जांच के दायरे में आ गया है, जो पेशे से किसान है।

### मैं रहूं या न रहूं, दिखूं ...

की चिंता बिल्कुल नहीं करनी कि मेरा उत्थान कैसे होगा। मैं बिना बोले ही आपके दिमाग में रहूंगा। तुम वही सब करोगे जो गुरुदेव कहेंगे। जो जहां जिस सेवा में है, उसी सेवा में रहिएगा। बस नाम जप करते रहो। मैं रहूं या न रहूं। दिखूं या न दिखूं। लेकिन तुम्हारा मंगल जरूर होगा। तुम्हारा भरण पोष ईष्ट देव के द्वारा होगा। किसी व्यक्ति के द्वारा नहीं। और जिस दिन लगे कि उद्धार किसी व्यक्ति के द्वारा हो रहा है तो उसे छोड़ देना। आप निर्भय, निश्चिंत और निशोक होकर भजन करते रहो। हमारा जब मन होगा बोल देंगे। वरना मौन, एकांत रहेंगे। और यह मौन-एकांत हम आपके लिए हैं, अपने लिए नहीं। हमारे लिए जो होना था, वो हो चुका है। अब जो कुछ हो रहा है, वो आप सबके लिए हो रहा है।

### एनटीए की जगह नई ...

अधिक छात्रों के अधिकारों पर सीधा हमला हैं। संगठन ने यह भी मांग की कि नई संस्था बनने तक सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में एक हाई-पावर मॉनिटरिंग कमेटी गठित की जाए। इसमें एक सेवानिवृत्त सुप्रीम कोर्ट जज, साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ और फॉरेंसिक वैज्ञानिक को शामिल करने का सुझाव दिया।

**क्षेत्रीय कार्यालय, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण परिसर, ई-5, अरेरा कालोनी, भोपाल**

**समय परिवर्तन**

मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के लोक सुनवाई के संबंध में दैनिक समाचार पत्र हरिभूमि के दिनांक 23 अप्रैल 2026 को प्रकाशित आम सूचना मेसर्स अनन्या इंजीनिरिंग प्रा.लि. (डायरेक्टर श्री अभाष गुप्ता) में समय में परिवर्तन किया गया है। लोकसुनवाई आयोजन दिनांक 28/5/2026 दिन गुरुवार अब समय **4:00** बजे को परियोजना स्थल पर ग्राम माली खेड़ी तहसील हुजूर जिला भोपाल में निर्धारित की जाती है बाकी नियम एवं शर्तें यथावत रहेगी।

## पेज 1 का शेष

### भोजशाला में राज्य...

मौके पर केंद्रीय मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, नगरीय विकास व आवास एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा धार जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, धार की विधायक श्रीमती नीनाविक्रम वर्मा, सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने धार में जल गंगा संवर्धन अभियान के राज्य स्तरीय कार्यक्रम को भी संबोधित किया। गंगा दशहरे पर समूचे मप्र में प्रदेशव्यापी जल संरक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### राजा भोज ने ...

आएगी। अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन में खण्डवा, बड़वानी, अशोकनगर, राजगढ़ और डिंडौरी के बाद धार जिला छठवें स्थान पर है।

### 64 प्राचीन बावड़ियों...

है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजा भोजपाल की ओर से स्थापित यह भोजशाला सदियों तक ज्ञान-विज्ञान-अनुसंधान और संस्कृत भाषा का सबसे प्रखर केंद्र रहा है। यह हमारी प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा का अटूट प्रतीक है। राज्य सरकार भोजशाला के उसी गौरवशाली अतीत को पुनर्जीवित करने के लिए सभी जरूरी प्रयास करेगी।

### तीनों शहीदों के...

इन्हें श्रद्धांजलि दी गई। मुख्यमंत्री ने विभिन्न शासकीय योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को मंच से हितलाभ भी वितरित किए।

### 5 दिन तक बेटे...

पूर्व शिक्षिका रह चुकीं बुजुर्ग महिला से पूछताछ की, तो उन्होंने रोते हुए कहा कि सबने मिलकर मेरे लड़के को मार डाला, चीनू मर गया। पड़ोसियों के मुताबिक, पिछले दो-तीन दिनों से इलाके में दुर्गंध फैल रही थी, लेकिन महिला को रोजमर्रा के काम करते और खुद दूध लेते देख किसी को अनहोनी का शक नहीं हुआ। एकाकी जीवन जी रही इस महिला का किसी से ज्यादा मिलना-जुलना नहीं था। मृतक चीनू के दो भाई विदेश में रहते हैं और वह खुद पिछले कुछ समय से बीमार था और मां की देखभाल के लिए उनके साथ रह रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस ने दरवाजा खुलवाया और शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पड़ोसियों ने बताया कि महिला मरियम वर्गिस एक रिटायर्ड शिक्षिका हैं, जो लंबे समय से मानसिक तनाव से गुजर रही थीं। उन्ही की देखभाल के लिए बेटा नौकरी छोड़कर उनके पास आया था। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का असली कारण पता चल सकेगा।

### ओंकारेश्वर में ...

सिसोदिया को सेवा से पृथक कर दिया गया है। वहीं थाना मान्धाता पुलिस द्वारा भी मामले में विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। प्राप्त जानकारी अनुसार रविवार को अत्यधिक भीड़ के दौरान श्रद्धालुओं और कर्मचारियों के बीच मार्ग व्यवस्था को लेकर विवाद हुआ, जो बाद में मारपीट में बदल गया। घटना के वीडियो सामने आने के बाद प्रशासन ने स्पष्ट किया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सुचारु दर्शन व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता है। मंदिर ट्रस्ट एवं जिला प्रशासन ने कहा है कि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएंगे तथा किसी भी कर्मचारी द्वारा अभद्र व्यवहार पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही श्रद्धालुओं से भी अपील की गई है कि दर्शन व्यवस्था में सहयोग करें एवं संयम बनाए रखें, ताकि सभी श्रद्धालु सुरक्षित एवं सुगमता से भगवान ओंकारेश्वर के दर्शन कर सकें।

### आरके गुप्ता ...

विभाग में उप सचिव थे, अब उन्हें राज्य शिष्टाचार अधिकारी (स्टेट प्रोटोकॉल ऑफिसर) मध्यप्रदेश भोपाल और संस्कृति विभाग में उप सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। शिराली जैन सामान्य प्रशासन विभाग में अवर सचिव कार्मिक थीं, अब उन्हें सामान्य प्रशासन विभाग (पूल) में अवर सचिव बनाया गया है।

### जैन समाज की ...

से इनकार करते हुए सुनियोजित साजिश करार दिया है और उच्चस्तरीय निष्पक्ष जांच की मांग की है। मनोज जैन बांगा ने बताया कि दिगंबर जैन पंचायत कमेटी ट्रस्ट के अध्यक्ष पंकज सुपारी के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर चौक जैन मंदिर से विरोध सभा निकाली गई, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए पीरगेट पहुंची, जहां श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रशासन की ओर से एडीएम को सीएम के नाम का ज्ञापन दिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने संज्ञान लिया है। विदिशा के विनोद के. शाह की शिकायत पर आयोग ने मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन और डीजीपी कैलाश मकवाना को नोटिस जारी कर दो सप्ताह में कार्रवाई प्रतिवेदन मांगा है।

### यूपी के डिप्टी ...

उप मुख्यमंत्री की फ्लाइट में तकनीकी खराबी आ गई, जिसकी वजह से वह परेशान हुए। कोलकाता जाने वाली फ्लाइट उड़ान भरने से पहले ही आई तकनीकी खराबी की वजह से एक घंटे लेट हुई। तकनीकी खराबी की वजह से फ्लाइट को एप्रन तक वापस लाया गया। इसके बाद जब इंजीनियरों ने ठीक किया तब जाकर फ्लाइट रवाना हो सकी। फ्लाइट में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक दोनों सवार थे।

### ट्रेनिंग के लिए ...

वर्मा उप सचिव। निधि निवेदिता आयुक्त महिला एवं बाल विकास, स्वरोचिष सोमवंशी आयुक्त आर्थिक एवं सांख्यिकी, अवधेश शर्मा आयुक्त तकनीकी शिक्षा, सौरव कुमार सुमन आयुक्त पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, मोहित बुंदस आयुक्त रेशम विभाग, अनय द्विवेदी आयुक्त वाणिज्यकर विभाग इंदौर, अरूण राठी आयुक्त आदिवासी विकास, कर्मवीर शर्मा आयुक्त खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, आशीष सिंह आयुक्त उज्जैन संभाग. भास्कर लक्षकार आयुक्त कोष एवं लेखा, अभिषेक सिंह आयुक्त लोक शिक्षण। हर्षिका सिंह सीईओ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन. दीपक आर्य सीईओ ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, अनुराग वर्मा एमडी भंडार गृह निगम, कुमार पुरुषोत्तम एमडी कृषि विपणन बोर्ड, चंद्रमौली शुक्ला एमडी इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कार्पोरेशन, वीएस चौधरी कोलसानी एमडी जल निगम, अभिजीत अग्रवाल एमडी राज्य सहकारी विपणन संघ, अनुराग चौधरी एमडी मत्स्य महासंघ, अजय गुप्ता एमडी पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी जबलपुर, सिबी चक्रवती एम एमडी भवन विकास निगम। गिरिश शर्मा परियोजना संचालक स्किल डेवलपमेंट प्रोजेक्ट, सरिता बाला ओम प्रजापति संचालक वाल्मी, हरजिंदर सिंह संचालक राज्य शिक्षा केंद्र, प्रतिभा पाल कलेक्टर सागर, राजीव रजन मीणा कलेक्टर धार, नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी कलेक्टर रीवा, उषा परमार कलेक्टर पन्ना, रूचिका चौहान कलेक्टर ग्वालियर। अमित तोर महानिरीक्षक मुद्रांक एवं पंजीयन।

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमांतिका परिसर जवाहर चौक, भोपाल**

**// आम सूचना //**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, करोंद, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित शेड क्रमांक- 425/बी मण्डल द्वारा श्रीमती सदिया बी पत्नी श्री जावेद खान के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 18/09/2023 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 13/01/2022 को पंजीकृत है। श्रीमती सदिया बी पत्नी श्री जावेद खान द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री साहिल उद्दीन आत्मज श्री वहीद उद्दीन को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 13/01/2026 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्री साहिल उद्दीन आत्मज श्री वहीद उद्दीन के पक्ष से हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-1, भोपाल**

## कार्यालय संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएं, भोपाल संभाग भोपाल

("डी" ब्लॉक पुराना, सचिवालय भोपाल)

क्रमांक / परिसमापन / 2026/599 — भोपाल, दिनांक 20/05/2026

**कारण बताओ सूचना पत्र**
**(म.प्र. सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 18 (क) के अन्तर्गत)**

कार्यालय संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएं भोपाल संभाग भोपाल के अंतर्गत पंजीकृत सहकारी संस्थाओं के वर्ष 2024-25 के प्रभारी अंकेक्षको ने सहकारी संस्थाओं के संबंध मे म.प्र. सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 18 (क) के अन्तर्गत पंजीयन निरस्त करने हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया है। उक्त प्रस्ताव अनुसार संस्थाए विगत कई वर्षों से अकार्यशील हैं एवं संस्थाओ के द्वारा अपने उदश्यो की पूर्ति हेतु कोई कार्य नही किया जा रहा है। अतः उनका पंजीयन जीवित रखा जाना अधिनियम के प्रावधानो के अनुरूप आवश्यक प्रतीत नहीं होता है। प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार संस्थाओं की सूची निम्न अनुसार है:-

| क्र. | संस्था का नाम | पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक | कार्यालय संयुक्त आयुक्त सहकारिता द्वारा जारी कारण बाताओं सूचना पत्र का क्र. एवं दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1 | यूसुफ यातायात सहकारी संस्था मर्यादित भोपाल | जे.आर.बी. 23 दिनांक 05.02.2016 | 596 / 20.05.2026 |

अतः उपरोक्त सूची में उल्लेखित सहकारी संस्थाओं के समप्रवर्तकों, संचालक मण्डल और संस्था के सदस्यों को म.प्र. सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 18 (क) के अंतर्गत इस लोकसूचना के माध्यम उपरोक्त संस्थाओं का रजिस्ट्रीकरण समाप्त करने के संबंध में पक्ष प्रस्तुत करने हेतु सुचित किया जाता है कि रजिस्ट्रीकरण समाप्त करने के संबंध में यदि किसी को अपना पक्ष प्रस्तुत करना हो तो इस सूचना प्रकाशन के 10 दिवस के अंदर इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। यदि कोई व्यक्तिगत रूप से पक्ष प्रस्तुत करना चाहता हो तो दिनांक 12.06.2026 को मेरे समक्ष कार्यालय संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाए भोपाल संभाग भोपाल, डी ब्लॉक पुराना सचिवालय भोपाल में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त समयावधि में कोई पक्ष समर्थन प्रस्तुत नहीं होने अथवा पक्ष समर्थन समाधानकारक नहीं होने की स्थिति में प्रस्तावित आदेश पारित कर दिया जावेगा। यह कारण बताओं सूचना पत्र आज दिनांक 20.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

(के.के.द्विवेदी)
संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएं,
भोपाल संभाग भोपाल

G-13408/26 — " स्वच्छता ही सेवा "

## मध्यप्रदेश शासन
## सामान्य प्रशासन विभाग (अधीक्षण शाखा)
**मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल दूरभाष क्र.- 0755-2512077, 2512076**

क्रमांकः एफ-2/3/1/0001/2024/12-1/1238 — भोपाल, दिनांक 18/05/2026

**// ई-निविदा सूचना //**

मध्यप्रदेश सामान्य प्रशासन विभाग, वल्लभ भवन, मंत्रालय में पदस्थ शासकीय सेवकों से संबंधित आयकर एवं जी.एस.टी. सहित मुख्यमंत्री सहायता कोष के आयकर / लेखांकन/ऑडिट एवं रिटर्न संबंधी कार्य सम्पादन एव इससे संबंधित अन्य कार्यों हेतु कर सलाहकार का कार्य कराये जाने हेतु निविदा की दरें स्वीकृत करने की सूचना देने की दिनांक से आगामी 02 (दो) वर्ष के लिए लिए प्रभावशील रहेगी। ऑनलाईन ई-निविदाएं ई-प्रोक्योरमेंट प्रोर्टल **https://mptenders.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित की जाती है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं निविदा प्रोसेसिंग फीस | रुपए 1000/- प्रोसेसिंग शुल्क |
| 2 | निविदा फार्म ऑनलाईन क्रय करने की प्रारंभतिथि व समय | दिनांक 20/05/2026 एवं समय अपरांह 12:00 बजे से |
| 3 | निविदा फार्म ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि व समय | दिनांक 11/06/2026 एवं समय अपरांह 12:00 बजे तक |
| 4 | निर्धारित अवधि में प्राप्त ऑनलाईन निविदाओं को खोलने की तिथि एवं समय | 1. टेक्निकल बिड- दिनांक 12/06/2026 समयः अपरांह 12:00 बजे<br>2. फायनेंशियल बिड-दिनांक 12/06/2026 समयः अपरान्ह 12:30 बजे |
| 5 | प्राप्त निविदाएं खोले जाने का स्थान | मंत्रालय स्थित कक्ष क्रमांक-116 (समिति कक्ष) |
| 6 | निविदाओं को खोलते समय निविदाकारों की उपस्थिति प्रार्थनीय है। | मंत्रालय स्थित कक्ष क्रमांक-116 (समिति कक्ष) |

ई-निविदा सूचना में कोई भी संशोधन समाचार पत्रों में प्रकाशित न किया जाकर वेबसाईट पर ही जारी किये जायेगें। निविदा की विस्तृत शर्ते एवं जानकारी उपरोक्त वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है।

(मनोज श्रीवास्तव)
अवर सचिव (अधीक्षण)
मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग

G-13421/26 — " स्वच्छता ही सेवा "

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी — भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोप्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
सफल ईलाज का 40 वर्षो का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm



Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

### नाम परिवर्तन

मैं रचना अहीरवार पिता श्री मालाराम 43/1 संजय नगर नियर आटा चक्की हुज़ूर भोपाल मध्य प्रदेश 462030 मेरी मार्कशीट में मेरा नाम रचना है जबकि मेरा सही नाम रचना अहीरवार (RACHNA AHIRWAR) पिता श्री मालाराम (MALARAM) है। मेरे पेन कार्ड और आधार कार्ड में भी यही नाम दर्ज है (आधार क्र. 9695-2771-3947) अब मैं पासपोर्ट मैं भी यही नाम दर्ज कराना चाहती हूँ।

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष** — सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचने का प्रयास करें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**वृष** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**मिथुन** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। पिता का साथ मिलेगा। आत्मसंयत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कर्क** — किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में वृद्धि हो सकती है। मन परेशान हो सकता है। रहन-सहन में असहज रहेंगे। कारोबार का विस्तार होगा।

**सिंह** — अनावश्यक भागदौड़ में बढ़ोतरी हो सकती है। भवन या सम्पत्ति सुख में वृद्धि होगी। खर्च बढ़ेंगे। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

**कन्या** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। परिश्रम अधिक रहेगा। वाणी का प्रभाव बढ़ेगा।

**तुला** — कारोबार में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। भागदौड़ अधिक रहेगी। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


**धनु** — विदेश यात्रा के योग भी बन रहे हैं। यात्रा लाभप्रद रहेगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य मिलेगा।

**मकर** — कारोबार में कुछ बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त जिम्मेदारियां मिल सकती हैं।

**कुंभ** — शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। खर्च बढ़ेंगे। बातचीत में सन्तुलित रहें। आय की स्थिति में सुधार होगा। अनियोजित खर्चों पर नियंत्रण रखें।

**मीन** — किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं।

## शब्द पहेली - 6237



**बाएँ से दाएँ**
1.फिल्म 'बॉबी' के निर्माता-निर्देशक -2,3
4.आश्चर्य, विलक्षणता-4
7.जीत, फतेह-2
8.आकाश रेखा, छोर-3
9.तल, पैंदा-2
10.थाती, धरोहर-4
11.मोटा आटा-2
13.सलाह, मशवरा-4
14.अन्य, वो, तिन-2
16.घर,गृह-3
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.नाम रखना-2,3
21.परामर्शदाता-5
24.सुनसान, नीरव-3
26.वन, जंगल-3
28.मिट्टी, रेत-2
29.चेतनाहीन-4
30.पराग कण-2
32.भयभीत होना-4
33.छोटी सवारी गाड़ी-2
35.फूलों का हार जो बालों में लगाते हैं,वेणी-3
36.द्वार,किवाड़-2
37.जनता की राय-4
38.नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.मत, सलाह-2
2.करतब-4
3.वह जंगल जो संरक्षित हो-3,2
4.अनश्वर, चिरयुवा-3
5.लीन, मग्न-2
6.जलाऊ लकड़ी-4
7.रनिवास 3,2
10.मूर्ख (उर्दू-4)
12.बांया-2
15.आनंदित होना-4
17.शत्रुघ्न सिन्हा व रीना राय की फिल्म-3
18.योद्धा-4
20.अमिताभ के तिहरे रोल वाली फिल्म-3
22.मुआवजा-4
23.चित्रपट, फिल्मी दुनिया-3,2
25.राज वंश-2,3
26.काम, कार्य-4
27.मादा का विलोम-2
29.उपद्रव फैलाने वाला-4
31.दुनिया, जहान-3
34.क्रिकेट में बनते हैं-2
36.पंख, पराया-2

### शब्द पहेली- 6236 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | रा | ज | क | ता | | | म | वा | ली | |
| स | म | | ल | | चा | ला | न | | ख | त |
| मा | | | प | ना | ह | | न | | | म |
| न | ज | रा | ना | | | म | | क | या | स |
| ता | | व | | ना | ला | य | क | | प | |
| | प्रा | ण | | म | | खा | | जा | न | |
| | रु | | आ | ज | मा | ना | | हि | | म |
| स | प | ना | | द | | | ब | ल | वा | न |
| र | | | स | | ल | की | र | | | भा |
| ल | व | | न | सी | ब | | सा | | दा | व |
| | ध | म | की | | | इ | त | मी | ना | न |

## सूडोकु नवताल - 6247

★★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6246 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

भोपाल में छोटी-बड़ी करीब 1 हजार दुकानें दुकानदार बैठे ग्राहकी के इंतजार में

# पीएम मोदी की अपील, ऊंचे दाम, भीषण गर्मी और शादी सीजन पर ब्रेक लगने से सोने-चांदी की बिक्री में 30 फीसदी तक गिरावट

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सोना-चांदी के लगातार बढ़ते दाम, भीषण गर्मी, आगामी दो माह तक वैवाहिक मुहूर्त नहीं होने और प्रधानमंत्री नरेंद मोदी की ओर से 10 मई को की गई एक वर्ष तक सोना नहीं खरीदने की अपील के बाद राजधानी भोपाल सहित प्रदेशभर में सराफा बाजार की रौनक फीकी पड़ गई है। कारोबारियों के अनुसार सोने-चांदी के आभूषणों की मांग और बिक्री में दोनों 25 से 30 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई है। सराफा कारोबारियों के मुताबिक शादी सीजन खत्म होने और अगले दो महीनों तक शुभ मुहूर्त नहीं होने से भी बाजार पर सीधा असर पड़ा है। इसके अलावा भीषण गर्मी के चलते बाजारों में ग्राहकों की आवाजाही कम हुई है, जिससे कारोबार प्रभावित हो रहा है।

कारोबारियों के अनुसार भोपाल में छोटी-बड़ी करीब 1 हजार सराफा दुकानों पर इन दिनों ग्राहकों की आवाजाही कम हो गई है। व्यापारी दिनभर ग्राहकों के इंतजार में बैठे नजर आ रहे हैं। बाजार विशेषज्ञ और सराफा व्यापारी नवनीत अग्रवाल का कहना है कि रिकॉर्ड ऊंचे दामों के कारण उपभोक्ता सोने-चांदी के ज्वेलरी खरीदने से बच रहे हैं और केवल जरूरत के हिसाब से हल्की ज्वेलरी या छोटे निवेश विकल्पों की ओर रुख कर रहे हैं। यदि आने वाले समय में कीमतों में नरमी नहीं आती और वैवाहिक सीजन शुरू नहीं होता, तो बाजार में मंदी का यह दौर कुछ और समय तक जारी रह सकता है।


फाइल फोटो

### हल्की ज्वेलरी की ओर ग्राहकों का झुकाव

विशेषज्ञों का मानना है कि रिकॉर्ड ऊंचे दाम, निवेशकों की मुनाफावसूली, पुराने सोने के एक्सचेंज में बढ़ोतरी और ग्राहकों का हल्की ज्वेलरी की ओर झुकाव इस बदलाव के प्रमुख कारण रहे। व्यापारियों के अनुसार आने वाले समय में भी ग्राहकों का रुझान कम वजन वाली ज्वेलरी और निवेश आधारित खरीदारी की ओर बना रह सकता है।

### मध्य प्रदेश सहित पूरे देश में सोना-चांदी के वॉल्यूम में गिरावट

| पहलू | पारंपरिक ज्वेलरी | गोल्ड वॉल्ट |
|---|---|---|
| कीमत | भाव + मेकिंग चार्ज + मार्जिन | एमसीएक्स का लाइव भाव |
| उद्देश्य | पहनना और शादी | निवेश और लंबी अवधि होल्डिंग |
| स्टोरेज | घर या लॉकर | सुरक्षित वॉल्ट |
| पारदर्शिता | दुकान पर निर्भर | एक्सचेंज आधारित |
| डिलीवरी | तुरंत गहना | जरूरत पड़ने पर फिजिकल डिलीवरी |

### व्यापारिक आकलनों के अनुसार वास्तविक बिक्री मात्रा में लगभग 25 से 30 फीसदी की कटौती हुई

व्यापारिक आकलनों के अनुसार बीते माह 10 से 20 अप्रैल को अक्षय तृतीया और शादी सीजन के प्रभाव से बाजार में अच्छी रौनक रही। इस दौरान हल्की ज्वेलरी, सिक्कों और निवेश खरीद में तेजी देखने को मिली, जबकि भारी ज्वेलरी की मांग सीमित रही। लेकिन अब ऊंचे दामों और पीएम मोदी की नसीहत के बाद खरीदारी की गति धीमी पड़ गई। मध्य प्रदेश के बाजारों में सोने की वास्तविक बिक्री मात्रा में लगभग 25 से 30 फीसदी की कटौती हुई है। जबकि चांदी की मात्रा में करीब 20 से 25 प्रतिशत की कमी दर्ज हुई है।

### सरकारी एडवाइजरी के कारण भी घटी बिक्री

*जहां पहले लोग 100 ग्राम चांदी या 10 ग्राम सोना आसानी से खरीदते थे, लेकिन अब बजट इसका आधा वजन खरीदने को मजबूर हैं। आयात ड्यूटी में बढ़ोतरी और प्रधानमंत्री की ओर से सोने की खरीद से परहेज करने की राष्ट्रीय अपील के बाद बाजार में मांग लगभग और गिर गई है।*

### सोना-चांदी के बाजार, मूल्य और वॉल्यूम में गिरावट

*10 मई 2026 से 24 मई 2026 के बीच भोपाल, मध्य प्रदेश सहित पूरे भारत में सोना-चांदी के बाजार में मूल्य तो ऊंचा रहा, लेकिन वॉल्यूम में गिरावट देखी गई। अर्थात महंगे भाव के कारण कम ग्राम/किलो धातु बिकी पर कुल कारोबार रुपए में बड़ा असर दिखा। 10 मई 2026 के बाद भारत में सोने की मांग में मात्रा के लिहाज से लगभग 50 से 60 टन की गिरावट आने का अनुमान लगाया गया है। यह गिरावट सरकार द्वारा सोने पर आयात शुल्क को 6 फीसदी से बढ़ाकर 15 फीसदी किए जाने के कारण दर्ज की जा रही है। वर्ष 2025-26 में भारत का कुल सोने का आयात मात्रा के हिसाब से लगभग 721 टन और वैल्यू के अनुसार रिकॉर्ड 6 लाख करोड़ रुपए था। 10 मई के बाद शुद्ध आभूषण की मांग में 20 से 25 फीसदी तक की कमी आई है।*

---

डर नहीं, विश्वास जरूरी, आर्थिक मोर्चे पर चुनौतियों के बीच वित्त मंत्री का बड़ा बयान

# चुनौतियां होने के बावजूद भारत की घरेलू अर्थव्यवस्था सकारात्मक और लचीली है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने देश की अर्थव्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण बयान दिया है। उन्होंने कहा कि भारत में कुछ लोग डर फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्हें ऐसा करने की बजाय लोगों में विश्वास जगाना चाहिए। वित्त मंत्री ने पश्चिम एशिया संकट के बीच अपनी उपलब्धियों को कम आंकने वालों पर भी टिप्पणी की। सीतारमण ने मुंबई में सिडबी के एक कार्यक्रम में ये बातें कहीं। उन्होंने बताया कि बाहरी कारकों से चुनौतियां होने के बावजूद भारत की घरेलू अर्थव्यवस्था सकारात्मक और लचीली बनी हुई है। सरकार की नीतिगत प्रतिक्रिया को झटकों को सहने के लिए तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य अंतर्निहित विकास गति को बनाए रखना है। वित्त मंत्री ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में कटौती का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इस कटौती से सरकार को एक लाख करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान होगा। सीतारमण ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के विलंबित भुगतानों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि एमएसएमई के 8.1 लाख करोड़ रुपए के भुगतान अटके हुए हैं। इससे उनकी कार्यशील पूंजी और वृद्धि प्रभावित हो रही है।


निर्मला सीतारमण

### एमएसएमई को समय पर भुगतान

*वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि एमएसएमई को 45 दिन की समय सीमा के भीतर भुगतान करें। यह कदम एमएसएमई को वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। समय पर भुगतान से उनकी कार्यशील पूंजी की समस्या हल होगी। इससे छोटे व्यवसायों को आगे बढ़ने में मदद मिलेगी।*

### स्टैंडर्ड प्रोडक्ट नॉन-स्टैंडर्ड बिजनेस के काम नहीं आ सकते

*वित्त मंत्री ने बैंकरों से कहा है कि वे केवल एक जैसे (स्टैंडर्ड) लोन प्रोडक्ट बेचने तक सीमित न रहें। उन्होंने जोर देकर कहा कि स्टैंडर्ड प्रोडक्ट नॉन-स्टैंडर्ड बिजनेस के काम नहीं आ सकते। वर्तमान में बैंक या माइक्रोफाइनेंस संस्थाएं हर महीने या हर हफ्ते ईएमआई मांगती हैं, जबकि हर बिजनेस में हर महीने एक जैसी कमाई नहीं होती है।*

### भव्य योजना से मैन्युफैक्चरिंग को बड़ा बूस्टर

*आर्थिक विकास की इसी गति को औद्योगिक बुनियादी ढांचे का साथ देने के लिए केंद्र सरकार ने 33,660 करोड़ रुपये की 'भव्य' योजना के तहत काम शुरू कर दिया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि पहले चरण में 50 नए प्लग-एंड-प्ले इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित करने के लिए राज्यों से अगले चार महीनों के भीतर आवेदन मांगे गए हैं। इस योजना के तहत 100 से 1,000 एकड़ (पहाड़ी राज्यों में 25 एकड़) के पार्क विकसित किए जाएंगे, जिसके बुनियादी ढांचे के लिए सरकार प्रति एकड़ एक करोड़ रुपए तक की वित्तीय सहायता देगी।*

---

# रिलायंस फाउंडेशन का ईएसए मैच बना यादगार 20 हजार बच्चों की खुशियों से गूंजा वानखेड़े

एजेंसी ▶▶ मुंबई

वानखेड़े स्टेडियम में सिर्फ क्रिकेट का रोमांच नहीं, बल्कि 20 हजार से अधिक बच्चों की उत्साहभरी आवाजों और मुस्कान ने पूरे माहौल को खास बना दिया। मुंबई इंडियंस के वार्षिक एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स फॉर ऑल मैच में महाराष्ट्र के विभिन्न हिस्सों से आए बच्चों ने अपने पसंदीदा खिलाड़ियों का लाइव मुकाबला देखा।

इस आयोजन का संचालन मुंबई इंडियंस और रिलायंस फाउंडेशन की साझेदारी में किया गया। इस वर्ष का ईएसए मैच कई मायनों में विशेष रहा। पहली बार 100 दृष्टिबाधित बच्चे अपने 'हियरिंग बडीज' के साथ मैच देखने पहुंचे। इसके अलावा 200 से अधिक विशेष रूप से सक्षम बच्चों ने भी इस अनूठे अनुभव का हिस्सा बनकर मैच का आनंद लिया। रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक एवं चेयरपर्सन नीता एम. अंबानी ने कहा कि बच्चों की खुशी और उत्साह ही इस आयोजन को खास बनाता है। उन्होंने कहा कि मैं उम्मीद करती हूं कि ये बच्चे यहां से बहुत सारी खूबसूरत यादें लेकर जाएं।




Can Fin Homes Ltd (Sponsor : CANARA BANK)

शाखा: बी-202, प्रथम तल, इन्द्रा नगर, मंडीदीप- 462046
फोन : 07480 – 401340, 7625079225 Email: mandideep@canfinhomes.com
Website: www.canfinhomes.com CIN No -L85110KA1987PLC008699

परिशिष्ट – IV क [ नियम 9(1) का परन्तुक देखें ]

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

**प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

आम लोगों को तथा विशेष रूप से ऋणी (यों) एवं जमानतदार (रो) को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का **सांकेतिक / भौतिक कब्जा** केनफिन होम्स लिमिटेड भोपाल शाखा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर **श्री गोपाल दास रजक एवं श्रीमती सुनीता (ऋणी)** से केनफिन होम्स लिमिटेड (प्रतिभूत लेनदार) की दिनांक **25-05-2026** को **22,67,864/-** (रु. बाईस लाख सडसठ हजार आठ सौ चौसठ मात्र) की बकाया राशि की वसूली हेतु दिनांक **09-06-2026** को बेचा जाएगा।
आरक्षित मूल्य ₹ **5,50,000/-** (रुपये पांच लाख पचास हजार मात्र) होगा और अग्रिम धनराशि ₹ **55000/-** (रुपये पचपन हजार मात्र) होगी।

**संपत्ति का विवरण**

**प्लाट नं. 348 शारदा विहार कालोनी, ग्राम- विशन खेड़ी, तहसील गौहरगंज, जिला- रायसेन (म.प्र.) प्लाट क्षेत्रफल- 600 वर्गफिट चर्तुसीमाएं- पूर्व- प्लाट नं. 347, पश्चिम- प्लाट नं. 349, उत्तर- कालोनी रोड, दक्षिण- प्लाट नं. 339**
ज्ञात भार का विवरण : कोई भार नहीं
नीलामी के नियम एवं शर्तें तथा विस्तृत विवरण हेतु केनफिन होम्स लिमिटेड की अधिकृत वेबसाइट (https://www.canfinhomes.com/SearchAuction.aspx) देखें । ई-नीलामी में भाग लेने हेतु लिंक - **www.bankeauctionwizard.com**

दिनांक : 25-05-2026
स्थान: मंडीदीप
(हस्ता.) प्राधिकृत अधिकारी
केनफिन होम्स लि.


# आरपी फाउंडेशन का रोजगार मेला 1200 से अधिक युवाओं ने लिया भाग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आरपी फाउंडेशन द्वारा आयोजित विशाल रोजगार मेला का आयोजन पीपुल्स मॉल, भानपुर, भोपाल में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम पीपुल्स ग्रुप के उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा आर पी फाउंडेशन के संस्थापक रोहित पंडित की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित किया गया।

रोजगार मेले में युवाओं का उत्साह देखने लायक रहा, जिसमें 1200 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। देश की विभिन्न प्रतिष्ठित 15 कंपनियों ने मेले में शामिल होकर युवाओं के इंटरव्यू एवं चयन प्रक्रिया को संपन्न किया। कार्यक्रम के दौरान लगभग 400 प्रतिभागियों को विभिन्न कंपनियों द्वारा शॉर्टलिस्ट किया गया। वहीं शेष प्रतिभागियों की पहचान कौशल प्रशिक्षण हेतु की गई है, जिन्हें प्रशिक्षण प्रदान कर भविष्य में बेहतर रोजगार अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस अवसर पर रोहित पंडित ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि उनका संकल्प हजारों युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना एवं उन्हें रोजगार के लिए तैयार करना है। उन्होंने युवाओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने तथा अपने कौशल को विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

रोजगार मेले में पीपुल्स ग्रुप, राज ग्रुप, व्हाइट ओशन सिक्योरिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, एमडीपी इंफ्रा, आरआईसीआर, राज वेदांता स्कूल, टेक्नोटास्क, टेलीपरफॉर्मेंस, एचडीएफसी लाइफ, गोकुलदास एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, स्टारटेक बीपीओ एवं नोबल हेल्थकेयर जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं एवं कंपनियों ने सहभागिता की।

ट्रांसपोर्टर और वाहन चालक बोले

# बार-बार मूल्य वृद्धि से ट्रांसपोर्टरों और वाहन चालकों का बिगड़ रहा 'आर्थिक संतुलन'

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

लगातार ईंधन की कीमतों में हो रही बढ़ोतरी का असर ट्रांसपोर्ट सेक्टर और वाहन चालकों पर गहराता जा रहा है। ट्रांसपोर्टरों और वाहन चालकों का आर्थिक संतुलन बिगड़ रहा है। ट्रक ऑपरेटरों का कहना है कि डीजल की कीमतों में बार-बार होने वाले बदलावों के कारण उनकी मासिक बजट योजना प्रभावित हो रही है।

ईंधन खर्च के साथ-साथ टायर, मेंटेनेंस, बीमा और ड्राइवर वेतन जैसे खर्चों में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जिससे कुल परिचालन लागत पर अतिरिक्त दबाव बन गया है। व्यवसायियों के अनुसार पहले जहां माल ढुलाई का खर्च अपेक्षाकृत स्थिर रहता था, वहीं अब हर ट्रिप पर लागत का आकलन करना चुनौतीपूर्ण हो गया है। छोटे ट्रांसपोर्ट ऑपरेटरों को सबसे अधिक नुकसान झेलना पड़ रहा है, जबकि बड़े ऑपरेटर भी घटते मार्जिन से जूझ रहे हैं। ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र कपूर के अनुसार एक भारी मालवाहक ट्रक को दूसरे राज्यों तक माल पहुंचाकर वापस आने में कई दिन लग जाते हैं। यात्रा के दौरान ईंधन कीमतों में लगातार बदलाव होने से नकद भुगतान, एडवांस राशि, भाड़ा समायोजन और खर्च प्रबंधन में भारी परेशानी आती है। वहीं ट्रांसपोर्टर ठाकुरलाल राजपूत ने कहा कि भारत में अधिकांश माल परिवहन सड़क मार्ग से होता है और डीजल की कीमतों का सीधा असर खाद्यान्न, निर्माण सामग्री एवं रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों पर पड़ता है। इससे आम जनता भी अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित होती है। ट्रांसपोर्ट यूनियनों का कहना है कि ईंधन कीमतों में अस्थिरता का सीधा असर माल भाड़ा दरों पर पड़ रहा है, जिससे अंततः आम उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतों में भी बढ़ोतरी की संभावना बन रही है।



### समीक्षा प्रतिदिन के बजाए माह में एक बार औसत अंतरराष्ट्रीय कीमतों के आधार पर करने की मांग

राजेंद्र कपूर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी से मांग की है कि पेट्रोल, डीजल एवं सीएनजी की कीमतों की समीक्षा प्रतिदिन करने के बजाय माह में एक बार औसत अंतरराष्ट्रीय कीमतों के आधार पर की जाए। साथ ही महीने में केवल एक बार ही दाम बढ़ाए या घटाए जाएं, ताकि ट्रांसपोर्ट उद्योग, व्यापारियों और चालकों को स्थिरता मिल सके तथा अनावश्यक भ्रम और आर्थिक असंतुलन से बचा जा सके।


बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
एक परिवार एक बैंक

अंचल कार्यालय :
1/14 प्रशासनिक जोन, अरेरा हिल्स, भोपाल
फोन: 9098030663, E-mail : cmmarc_bho@mahabank.co.in

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस (परिशिष्ट – IV क )**

**प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार अर्थात बैंक ऑफ महाराष्ट्र के पास गिरवी/प्रभारित है, का **कब्जा बैंक ऑफ महाराष्ट्र** के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर निम्नवर्णित तालिका में वर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों से **बैंक ऑफ महाराष्ट्र** (प्रतिभूत लेनदार) की निम्नवर्णित बकाया राशि की वसूली हेतु दिनांक **16 जून 2026** को बेचा जाएगा। अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण एवं उस पर भार, कब्जे का प्रकार, आरक्षित मूल्य, धरोहर राशि एवं बिड वृद्धि राशि निम्नानुसार है:-

| क्र. सं. | उधारकर्ता एवं जमानतदार का नाम | दिनांक 25.06.2026को बकाया राशि (लाख में) | अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण/भार का विवरण एवं कब्जे का प्रकार | आरक्षित मूल्य/ धरोहर राशि/ बिड बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ऋणीः **मेसर्स उमा लोकल सर्विस प्रोपराइटर : श्री उमा शंकर राठौड़** जमानतदार : **1) श्रीमती कलावती बाई पत्नि स्व. श्री बद्री प्रसादजी राठौड़ 2) श्री रमेश राठौड़ पुत्र श्री बद्री प्रसाद** | LB- ₹ **3.17** Un Int. +Penal Interest ₹ **3.58** Total ₹ **6.75** | संपत्ति का समस्त भू भाग व्यावसायिक भूमि स्थित 134, इब्राहिमगंज, बाग घासीरामजी छोला रोड, भोपाल- 462001 संपत्ति मालिक- श्रीमती कलावती राठौर **चर्तुसीमाएं:** पूर्व- तेज सिंह का प्लॉट, पश्चिम- सरकारी रोड, उत्तर- नूराबाई का मकान, दक्षिण- अबचक और बिहारीलालजी का मकान। संपत्ति मलिक- श्रीमती कलावती बाई पत्नि स्व. श्री बद्री प्रसादजी राठौर **सांकेतिक कब्जा** **भार-ज्ञात नहीं** | ₹ **16.13** लाख / ₹ **01.61** लाख / ₹ **10,000/-** |
| 2. | ऋणी : **मेसर्स जेड के कन्स्ट्रक्शन प्रोपराइटर- श्री जमीर खान पुत्र इकरार खान** | LB- ₹ **07.57** Un Int. +Penal Interest ₹ **08.71** Total ₹ **16.28** | संपत्ति का समस्त भू भाग भूमि स्थित एक कमर्शियल दुकान क्रमांक एम-01, जिसका नाम 01/02 है, कुल 208.52 वर्गफुट क्षेत्रफल में से दुकान का क्षेत्रफल 108.52 वर्ग फुट है, भूतल, शिवानी कॉम्प्लेक्स, 6 नंबर बस स्टॉप, शिवाजी नगर, वार्ड क्रमांक 31, तहसील-हुजूर, जिला- भोपाल, भोपाल के उप पंजीयक कार्यालय के भीतर, **चर्तुसीमाएं-** पूर्वः गैरेज क्रमांक 02, पश्चिमः नगर निगम भवन उत्तर-खुला क्षेत्र, दक्षिण-दुकान क्रमांक एम-1 का शेष भाग **सांकेतिक कब्जा** **भार-ज्ञात नहीं** | ₹ **18.08** लाख / ₹ **01.80** लाख / ₹ **10,000/-** |

| ई-नीलामी दिनांक एवं समय | धरोहर राशि सहित बिड जमा करने की अंतिम तिथि | निरीक्षण दिनांक एवं समय (पूर्व अनुमति से) |
|---|---|---|
| **16.06.2026 एवं सुबह 11.00 बजे से 14.00 बजे तक** (5 मिनट के असीमित विस्तार पर यदि बोली अंतिम 5 मिनट के भीतर लगाई जाती है) | **15.06.2026 रात्रि 23:59 से पूर्व** | **08.06.2026 से 12.06.2026 एवं सुबह 10:00 बजे से सायं 16:00 बजे तक** |

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया बैंक की वेबसाइट https://bankofmaharashtra.in/asset-for-sales-search provided in the Bank's website and also on Bank Asset Auction Network (BAANKNET) portal -https://baanknet.com देखें।
दिनांक: 26.05.2026
स्थान: भोपाल
(अमरीत कुमार मिश्रा)
मुख्य प्रबंधक एवं प्राधिकृत अधिकारी
अंचल कार्यालय, भोपाल


# पीएनबी और असम राइफल्स महानिदेशालय के बीच एमओयू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में शामिल पंजाब नेशनल बैंक ने शिलांग में महानिदेशालय असम राइफल्स के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

इस समझौते के तहत पीएनबी अपनी प्रमुख योजना पीएनबी रक्षक प्लस के माध्यम से असम राइफल्स के सेवारत कर्मियों एवं पेंशनभोगियों को विशेष बैंकिंग सेवाएं, बढ़ा हुआ बीमा कवरेज और कई अतिरिक्त सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। एमओयू का आदान-प्रदान असम राइफल्स के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल विकास लखेरा, एवीएसएम, एसएम की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर बैंक के मुख्य रक्षा बैंकिंग सलाहकार मेजर जनरल डीएस बिष्ट, एसएम, वीएसएम तथा महाप्रबंधक संजीव भारद्वाज भी मौजूद रहे। समझौते पर महानिदेशालय असम राइफल्स की ओर से ब्रिगेडियर संदीप चटर्जी, एसएम तथा पीएनबी की ओर से अंचल प्रबंधक बिजेंद्र सिंह ने हस्ताक्षर किए। एमओयू के तहत असम राइफल्स कर्मियों एवं पेंशनभोगियों को कई आकर्षक लाभ प्रदान किए जाएंगे। इनमें 100 लाख का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा, 150 लाख रुपये का हवाई दुर्घटना बीमा, पूर्ण अथवा आंशिक दिव्यांगता पर 100 लाख रुपए का कवरेज तथा सैन्य अभियानों के दौरान मृत्यु होने पर अतिरिक्त 10 लाख का विशेष कवरेज शामिल है।



### छात्रों का रुझान 'करियर-फर्स्ट एजुकेशन' की ओर

**फरीदाबाद** । भारत में उच्च शिक्षा का परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। अब छात्र पारंपरिक डिग्री कार्यक्रमों के बजाय रोजगारपरक शिक्षा, इंडस्ट्री की मांग के अनुरूप पाठ्यक्रमों और भविष्य के करियर अवसरों को अधिक प्राथमिकता दे रहे हैं। मानव रचना एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस में चल रही एडमिशन प्रक्रिया के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सिक्योरिटी, डेटा साइंस, साइकोलॉजी और इंटरडिसिप्लिनरी प्रोग्राम्स की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। देशभर के 30 से अधिक केंद्रों पर आयोजित मानव रचना नेशनल एप्टीट्यूड टेस्ट में सामने आए आंकड़ों के अनुसार छात्र अब करियर-ओरिएंटेड और इंडस्ट्री-इंटीग्रेटेड कोर्सेज की ओर तेजी से आकर्षित हो रहे हैं।

### सिग्निफाई ने फिलिप्स स्मार्ट लाइट हब नेटवर्क का विस्तार किया, 345 स्टोर्स तक पहुंच

**नई दिल्ली**। लाइटिंग क्षेत्र की वैश्विक कंपनी सिग्निफाई ने भारत में अपने फिलिप्स स्मार्ट लाइट हब नेटवर्क के बड़े विस्तार की घोषणा की है। कंपनी ने बताया कि अब देशभर में इन स्टोर्स की संख्या बढ़कर 345 तक पहुंच गई है। मई महीने में ही 15 नए स्मार्ट लाइट हब शुरू किए गए, जिससे भारत में स्मार्ट और प्रीमियम लाइटिंग अनुभव को और मजबूत किया गया है।कंपनी के अनुसार, भारत में स्मार्ट होम और ऊर्जा-कुशल लाइटिंग की मांग तेजी से बढ़ रही है। उपभोक्ता अब केवल रोशनी के बजाय घर की सजावट, सुविधा और कस्टमाइज्ड लाइटिंग अनुभव पर अधिक ध्यान दे रहे हैं। इसी बदलते रुझान को देखते हुए सिग्निफाई ने अपने एक्सपीरियंस-आधारित स्टोर्स का नेटवर्क तेजी से बढ़ाया है।


Can Fin Homes Ltd (Sponsor: CANARA BANK) HOME LOANS • DEPOSITS Translating Dreams into Reality

शाखा: बी-202, प्रथम तल, इन्द्रा नगर, मंडीदीप- 462046
फोन : 07480 – 401340, 7625079225 Email: mandideep@canfinhomes.com
Website: www.canfinhomes.com CIN No -L85110KA1987PLC008699

परिशिष्ट – IV-A [ नियम 8(6) का परन्तुक देखें ]

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

**प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का कब्जा **केनफिन होम्स लिमिटेड मंडीदीप शाखा** (प्रतिभूत लेनदार) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर केनफिन होम्स लिमिटेड (प्रतिभूत लेनदार) द्वारा संबंधित ऋणी एवं जमानतदारों से मांग सूचना दिनांक को बकाया राशि एवं देय ब्याज एवं अन्य खर्चों की वसूली हेतु ई-नीलामी द्वारा दिनांक **30/06/2026** को बेचा जाएगा।

| क्र. सं. | ऋणी एवं जमानतदार का नाम | दिनांक 25.05.2026 को बकाया राशि | आरक्षित मूल्य | धरोहर राशि | कब्जा का प्रकार | संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ऋणी : **पिंकी वर्मा पत्नि तरुण वर्मा एवं तरुण वर्मा पुत्र श्री रामसिंह वर्मा** (Loan No.225233000002 & 225201000200) | ₹ 17,30,036/- (रुपये सत्रह लाख तीस हजार छत्तीस मात्र) | ₹ 23,80,000/- (रुपये तेईस लाख अस्सी हजार मात्र) | ₹ 2,38,000/- (रुपये दो लाख अड़तीस हजार मात्र) | भौतिक | फ्लैट नं. एमआईजी-01, प्लाट नं. 14 जे (सेक्टर-जे) रोहित प्लाजा चतुर्थ तल, राजहर्ष कालोनी, ग्राम- गेहूँखेड़ा, तहसील हुजूर जिला- भोपाल सुपर बिल्टअप क्षेत्रफल- 732 वर्गफिट चर्तुसीमाएं- उत्तर- कॉरिडोर एवं फ्लैट नं. 03, दक्षिण- रोड, पूर्व- प्लाट नं. 02, पश्चिम- अन्य की संपत्ति |
| 2. | ऋणी : **श्री राजकुमार पंडोले पुत्र रामप्रसाद पंडोले** जमानतदार: **राजेश पुत्र रामप्रसाद** | ₹ 3,60,074/- (रुपये तीन लाख साठ हजार चौहत्तर मात्र) | ₹ 9,20,000/- (रुपये नौ लाख बीस हजार मात्र) | ₹ 92,000/- (रुपये बानवे हजार मात्र) | भौतिक | फ्लैट नं. 104, प्रथम तल, किंग्स पैराडाइज, प्लाट नं. 06, वेतवा कालोनी, मंडीदीप, तहसील- गौहरगंज, जिला- रायसेन सुपर बिल्टअप क्षेत्रफल- 484 वर्गफिट चर्तुसीमाएं- उत्तर- फ्लैट नं. 103, दक्षिण- शीतल सिटी कालोनी, पूर्व- अन्य की जमीन, पश्चिम- फ्लैट नं. 105 |

नीलामी के नियम एवं शर्तें तथा विस्तृत विवरण हेतु केनफिन होम्स लिमिटेड की अधिकृत वेबसाइट **(www.canfinhomes.com)** देखें। ई-नीलामी में भाग लेने हेतु लिंक - **https://www.canfinhomes.com/SearchAuction.aspx Link for participating in e-auction : www.bankeauctionwizard.com**
दिनांक : 25-05-2026
स्थान: भोपाल
हस्ता/.
प्राधिकृत अधिकारी
केनफिन होम्स लि.

## चिंतन

# अब अर्थव्यवस्था पर दिखने लगा दबाव

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और वैश्विक अनिश्चितताओं का असर अब भारतीय अर्थव्यवस्था पर दिखाई देने लगा है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में दो सप्ताह में करीब 7 रुपये प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी हो चुकी है। यह इस बात का संकेत है कि सरकार भी अब दबाव महसूस कर रही है। हालांकि सरकार लगातार यह कोशिश कर रही है कि आम जनता पर बोझ सीमित रहे, लेकिन अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों ने आर्थिक मोर्चे पर चुनौतियां बढ़ा दी हैं। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा खाड़ी देशों से आयात करता है। ऐसे में पश्चिम एशिया में किसी भी तरह का तनाव सीधे तौर पर भारत की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करता है। अमेरिका और ईरान के बीच जारी टकराव तथा युद्ध की आशंका ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में अस्थिरता पैदा कर दी है। सोमवार को युद्ध समाप्ति की उम्मीद में शेयर बाजार में तेजी जरूर देखने को मिली, लेकिन रुपये पर दबाव अभी भी बना हुआ है। डॉलर की मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव ने सरकार की चिंता बढ़ा दी है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी केवल वाहन चलाने की लागत तक सीमित नहीं रहती। इसका असर पूरे आर्थिक तंत्र पर पड़ता है। परिवहन महंगा होने से खाद्यान्न, सब्जियां, दूध और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतें बढ़ना स्वाभाविक है। यानी महंगाई का सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ता है। मध्यम वर्ग और गरीब तबका सबसे ज्यादा प्रभावित होता है, क्योंकि उनकी आय सीमित होती है, जबकि खर्च लगातार बढ़ते जाते हैं। सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह आर्थिक संतुलन बनाए रखे और जनता के असंतोष को भी नियंत्रित करे। यही कारण है कि केंद्र सरकार फूंक-फूंक कर कदम उठा रही है। यदि तेल कंपनियों को लगातार घाटे में चलने दिया जाए तो आर्थिक बोझ बढ़ेगा, जबकि कीमतें बढ़ाने से जनता में नाराजगी का खतरा रहता है। इससे खाद्यान्न उत्पादन प्रभावित होने और कीमतें बढ़ने की आशंका रहती है। सप्लाई चेन बाधित होने की स्थिति में जरूरी वस्तुओं की कमी भी पैदा हो सकती है। इन परिस्थितियों के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने '3 एफ' यानी ईंधन (फ्यूल), उर्वरक (फर्टिलाइजर) और विदेशी मुद्रा भंडार (फॉरेक्स) के रणनीतिक प्रबंधन पर जोर दिया है। उनका कहना है कि सरकार की प्राथमिकता विदेशी मुद्रा भंडार को मजबूत बनाए रखना और नागरिकों के हितों की रक्षा करना है। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 688 अरब अमेरिकी डॉलर के पार पहुंचना निश्चित रूप से एक सकारात्मक संकेत है। असली चुनौती यह है कि वैश्विक अस्थिरता के बीच आर्थिक विकास की रफ्तार को कैसे बनाए रखा जाए। यदि कच्चे तेल की कीमतें लंबे समय तक ऊंची बनी रहती हैं तो सरकार की कई विकास योजनाओं पर असर पड़ सकता है। कुछ परियोजनाएं धीमी पड़ सकती हैं और कुछ में देरी होना स्वाभाविक है। निजी निवेश पर भी असर पड़ सकता है, क्योंकि उद्योग जगत अनिश्चित माहौल में निवेश को लेकर सतर्क हो जाता है। खाड़ी संकट जल्द नहीं सुलझा तो जरूरी वस्तुओं की कमी हो सकती है और सप्लाई चेन बाधित हो सकती है। ऐसे में सरकार पूरी सावधानी के साथ कदम उठा रही है। देखा जाए तो देश में अभी तक कीमतें और उपलब्धता काफी हद तक नियंत्रण में हैं। लेकिन यह आगे नहीं बढ़ेंगी इस पर अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी। ऐसे में उम्मीद की जा सकती है कि खाड़ी संकट जल्द दूर होगा, अर्थव्यवस्था पर दबाव कम होगा और आमजन को महंगाई से कुछ राहत मिलेगी।



मुद्दा

डॉ. अश्विनी महाजन

# आत्मनिर्भरता से मजबूत होगा रुपया

> जब 10 मई, को प्रधानमंत्री ने राष्ट्र से पेट्रोल और डीज़ल बचाने की अपील की, जिसके लिए उन्होंने अनावश्यक पेट्रोल-डीज़ल से चलने वाले वाहनों का इस्तेमाल कम करने, विदेश यात्रा में कटौती करने, घर से काम करने और ऑनलाइन बैठकें करने का सुझाव दिया तो असल में यह नागरिकों से विदेशी मुद्रा बचाकर भारतीय रुपये की रक्षा करने की अपील ही थी। इसी संदर्भ में, प्रधानमंत्री की नागरिकों से सोने की खरीद से बचने, खाना पकाने के तेल की खपत कम करने, विदेशी ब्रांड के सामान न खरीदने और स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करने, रासायनिक उर्वरकों का उपयोग कम करने और प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ने की अपील का उद्देश्य विदेशी देशों पर निर्भरता कम करना और कीमती विदेशी मुद्रा बचाना है।

भारतीय रुपया लंबे समय से कमज़ोर हो रहा है, लेकिन अमेरिका, इज़राइल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के ढाई महीने के बहुत कम समय में रुपये के मूल्य में आई हालिया गिरावट नीति निर्माताओं के लिए चिंता का बड़ा कारण है। हालांकि, भारतीय रुपये के मूल्य में गिरावट का सीधे तौर पर ज़िक्र नहीं किया गया, लेकिन यह कोई भी समझ सकता है कि जब 10 मई, 2026 को प्रधानमंत्री ने राष्ट्र से पेट्रोल और डीज़ल बचाने की अपील की, जिसके लिए उन्होंने अनावश्यक पेट्रोल-डीज़ल से चलने वाले वाहनों का इस्तेमाल कम करने, विदेश यात्रा में कटौती करने, घर से काम करने और ऑनलाइन बैठकें करने का सुझाव दिया तो असल में यह नागरिकों से विदेशी मुद्रा बचाकर भारतीय रुपये की रक्षा करने की अपील ही थी। इसी संदर्भ में, प्रधानमंत्री की नागरिकों से सोने की खरीद से बचने, खाना पकाने के तेल की खपत कम करने, विदेशी ब्रांड के सामान न खरीदने और स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करने, रासायनिक उर्वरकों का उपयोग कम करने और प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ने की अपील का उद्देश्य विदेशी देशों पर निर्भरता कम करना और कीमती विदेशी मुद्रा बचाना है। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि खाड़ी युद्ध की इस अवधि के दौरान, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 38 अरब अमेरिकी डॉलर कम हो गया है, और हमारा भंडार 27 फरवरी को 728.5 अरब अमेरिकी डॉलर से घटकर 12 मई, 2026 तक 690.7 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया है।

आम तौर पर, रुपये की स्थिरता के बारे में दो तरह के विचार हैं। एक वर्ग मानता है कि विनिमय दर, बाज़ार द्वारा निर्धारित एक मूल्य से ज़्यादा कुछ नहीं है; और अगर मुद्रा का मूल्य गिरता भी है, तो भी किसी को चिंता नहीं करनी चाहिए, क्योंकि आयात और निर्यात विनिमय दर के अनुसार अपने आप समायोजित हो जाएंगे। उनका मानना है कि घरेलू मुद्रा के मूल्य में गिरावट आयात को हतोत्साहित और निर्यात को प्रोत्साहित कर सकती है। भारतीय रुपये के बारे में, कभी-कभी उनका मानना होता है कि इसका मूल्य ज़रूरत से ज़्यादा है, और इसलिए यदि रिज़र्व बैंक रुपये में किसी भी गिरावट को रोकने के लिए हस्तक्षेप करता है, तो इससे अर्थव्यवस्था को नुकसान होगा, क्योंकि ऐसा करने से आयात को बढ़ावा मिलेगा और निर्यात हतोत्साहित होगा। दूसरा वर्ग एक मज़बूत रुपये में विश्वास रखता है। उन्हें लगता है कि केवल एक मज़बूत रुपया ही मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है, और ऋण सेवाओं (मूलधन और ब्याज की अदायगी), लाभांश, रॉयल्टी, वेतन और अन्य आय हस्तांतरणों के कारण होने वाले विदेशी मुद्रा के बहिर्प्रवाह को नियंत्रण में रख सकता है। सत्ता की बागडोर संभालने से पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यह तर्क देते रहे हैं कि पिछली सरकार की गलत नीतियों के कारण ही रुपये में गिरावट आई है, और इसलिए केवल सही नीतियों द्वारा ही समूह ही रुपये के अवमूल्यन को रोका जा सकता है। हालांकि, रुपये का मूल्य हमेशा से चर्चा का विषय रहा है, लेकिन हमें यह समझना होगा कि सरकार चाहे कितनी भी मज़बूत क्यों न हो, वह कृत्रिम रूप से विनिमय दर तय नहीं कर सकती और न ही इसे बढ़ाने में मदद कर सकती



है। विनिमय दर विदेशी मुद्राओं (जैसे डॉलर) की मांग और आपूर्ति द्वारा तय होती है। जहां विदेशी मुद्रा की मांग वस्तुओं और सेवाओं के आयात, ऋण चुकाने (अतीत में लिए गए ऋणों के मूलधन और ब्याज की वापसी), लाभांश, रॉयल्टी, तकनीकी शुल्क, वेतन और अन्य आय हस्तांतरण के कारण होती है; वहीं विदेशी मुद्रा की आपूर्ति वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के शुद्ध प्रवाह, और विदेशों से प्राप्त विदेशी पोर्टफोलियो निवेश आदि से होती है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि कभी-कभी भारतीय रिज़र्व बैंक बाज़ार में हस्तक्षेप करता है और बाज़ार में विदेशी मुद्रा की आपूर्ति बढ़ाकर रुपए में अल्पकालिक उतार-चढ़ाव को रोकने की कोशिश करता है; लेकिन यदि चालू खाते पर भुगतान संतुलन में लगातार घाटे के कारण रुपए का मूल्य गिरता है, तो लंबे समय में इस प्रकार के हस्तक्षेप का प्रभाव बहुत सीमित होता है। रुपये के मूल्य को कृत्रिम रूप से बनाए रखने के लिए आरबीआई को अपने विदेशी मुद्रा भंडार से लगातार अधिक से अधिक डॉलर बाज़ार में डालने पड़ते हैं। इसलिए, यह खतरा बना रहता है कि यदि रिज़र्व बैंक विदेशी मुद्रा बाज़ार में हस्तक्षेप करना जारी रखता है, तो उसका विदेशी मुद्रा भंडार समाप्त हो सकता है। अतः, रुपए का मूल्य सुधारने के लिए, हमें इस घाटे के लिए ज़िम्मेदार मूल कारणों को ठीक करने की आवश्यकता है। हाल के वर्षों में भारत में रुपये के मूल्य पर विचार करें, तो हम पाते हैं कि 1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 के बीच रुपए का मूल्य अपेक्षाकृत स्थिर रहा और इस अवधि के दौरान इसमें मात्र 2.3 प्रतिशत की गिरावट आई। लेकिन 1 अप्रैल 2025 से अब तक, एक साल से कुछ अधिक समय में ही रुपये का मूल्य 11.7 प्रतिशत गिर गया है। इस अवधि के दौरान सबसे बड़ी गिरावट 27 फरवरी 2026 को युद्ध शुरू होने से लेकर 13 मई 2026 तक के समय में हुई। मात्र ढाई महीने की छोटी सी अवधि में ही रुपए का मूल्य काफी गिर गया 4.4 प्रतिशत की गिरावट के साथ, यह 91.1 रुपये प्रति अमेरिकी डॉलर से गिरकर 95.5 रुपए प्रति अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया। इससे नीति निर्माताओं में बड़ी चिंता व्याप्त है। हम समझते हैं कि रुपये की कीमत में गिरावट का मुख्य कारण कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें हैं, जिससे व्यापार घाटा तेज़ी से बढ़ रहा है, और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा शेयर बाज़ारों में भारी बिकवाली भी जारी है। भुगतान संतुलन का पहला हिस्सा वस्तुओं के व्यापार संतुलन से आता है। हम देखते हैं कि पिछले कुछ सालों में, वस्तुओं के आयात में बढ़ोतरी और निर्यात में सुस्ती का रुझान काफी बढ़ा है। लेकिन साल 2025-26 के दौरान, आयात में अचानक तेज़ी देखी गई, जबकि निर्यात लगभग स्थिर रहा; इसके परिणामस्वरूप वस्तु व्यापार घाटा 50 अरब अमेरिकी डॉलर बढ़ गया, और 2024-25 के 283.5 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2025-26 में 333.2 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया। हालांकि, घाटे में हुई इस भारी बढ़ोतरी की कुछ हद तक भरपाई सेवाओं के व्यापार में हुए अतिरिक्त अतिरेक से हो गई; यह अतिरेक 2024-25 के 188.8 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2025-26 में 213.9 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, यानी इसमें 25 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई। अगर हम भारत द्वारा आयात किए जाने वाले मुख्य सामानों पर नज़र डालें, तो उनमें पेट्रोलियम उत्पाद, सोना, खाने का तेल, रासायनिक उर्वरक आदि शामिल हैं। वैश्विक संघर्षों, बाधित मूल्य श्रृंखलाओं और हमारे विदेशी मुद्रा भंडार के खत्म होने के खतरे के कारण लगातार गिरते रुपये की समस्या की गंभीरता को देखते हुए, देश के हितों की रक्षा के लिए राष्ट्र को संकीर्ण राजनीतिक विमर्शों से ऊपर उठकर तेजी से कदम उठाने होंगे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## मंथन

विवेक मिश्रा



# साझा परिवहन जैसे प्रयोगों से ही होगी ईंधन की बचत

वैश्विक अर्थव्यवस्था को दलदल में घसीट रहे, पश्चिम एशिया के संघर्ष से, भारत जैसे प्रगतिशील देश अछूते रह सकें, यह संभव नहीं है। ऊर्जा की नश्वर तैलीय तमन्नाओं के उन्माद ने तरक्की पसंद मुल्कों की सरल राहों को रोका है। अतिवाद और तेलीयकरण के परिवेश में शांति प्रयासों की कोई सुबह होती नहीं दिख रही है, बढ़ती हुई पेट्रोल डीजल की कीमतें इस वास्तविकता की पुष्टि कर रहीं हैं। ऐसे संकटकाल में प्रधानमंत्री की देशवासियों से उपयोग व उपभोग में संयम बरतने की अपील, धैर्य की सभी कसौटियों को कसने के बाद ही की गई होगी, हम यह मानकर चलें। राजनीतिक दृष्टि से इस अपील की गहन गवेषणा की जा सकती है। इस एवज में कि हम अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का 85% विदेशों से आयात करते है, जिसमें फारस की खाड़ी वाले मार्ग का हिस्सा 35% है। चीन के बाद गोल्ड का सबसे बड़ा उपभोक्ता भारत है और यह भी आयात पर ही निर्भर है। इस तरह ईंधन और स्वर्ण आभूषण से दबी भारतीय अर्थव्यवस्था अंतरराष्ट्रीय मुद्रा डॉलर पर बहुत निर्भर करती है, जंग से निर्मित हालातों में बढ़ती कीमतों और हमारी मांगों से विदेशी मुद्रा भंडार के तेजी से कम होने का खतरा बढ़ रहा है, जनवरी की तुलना में मई 2026 में यह लगभग 723 बिलियन डॉलर से 690 बिलियन डॉलर पर आ चुका है। इन परिस्थितियों में संयम के संयुक्त प्रयत्नों से ही हम भारत के प्रगति पथ को निर्बाध संचालित रख सकते हैं। संयुक्त प्रयास इसलिए महत्वपूर्ण है , क्योंकि यह हम 140 करोड़ भारतीयों के दैनंदिन व्यवहार और बरतने की आदतों से जुड़ा विषय है। प्रयासों के इस क्रम में नेतृत्व कर्ताओं द्वारा अपने काफिलों से कमोबेश पचास प्रतिशत वाहन कम करने की बात कही गई है, जिसकी पालना फिलहाल कई माननीयों के द्वारा सड़कों पर किए गए वाहन शक्ति प्रदर्शन में देखने को नहीं मिल सकी, हालांकि केंद्रीय व शीर्ष नेतृत्व सराहनीय रूप से प्रयास कर रहे हैं । निजी क्षेत्र जरूर अपने सशक्त तकनीकी ढांचे के दम पर वर्क फ्रॉम होम जैसी व्यवस्था को तुरंत मूर्तरूप दे सकते हैं। सरकारी कार्यालयों में भी अधिकारियों-कर्मचारियों के आवागमन को सार्वजनिक व साझा परिवहन से जोड़कर इच्छित परिणाम हासिल किए जा सकते है। अधिकांशतः सभी सरकारी दफ्तर सप्ताह में पांच दिन संचालित किए जाते हैं, लेकिन देशभर में स्कूल प्रायः सप्ताह में छह दिन लगाए जा रहे हैं। ग्रीष्मकालीन अवकाशों की अवधि भी 1980 से 2010 तक 2 माह तक हुआ करती थी , यह अधिकांश राज्यों में अब 30 से 45 दिन तक सिमट चुकी है। आने वाले 1 वर्ष के लिए यदि 5 दिवसीय व्यवस्था और ग्रीष्मकालीन अवकाश को बढ़ाने का निर्णय लिया जाता है, तो कुछ चमत्कृत परिणाम हासिल हो सकते है। एक प्रयोग मॉडल के तरह हम इस पर विमर्श कर सकते हैः- इंटरनेट पर उपलब्ध जानकारी के हिसाब से देशभर के 10 लाख सरकारी स्कूलों में 51 लाख सरकारी शिक्षक कार्यरत हैं। यदि यह सभी शिक्षक बाइक साझा कर अपने अपने घरों से स्कूल आने जाने के लिए कम से कम 10 किलोमीटर का सफर भी तय करते हैं, तो एक मोटरसाइकिल से दो शिक्षकों को 200 एम.एल. पेट्रोल की जरूरत होती है। वहीं देशभर के शिक्षकों के साथ ईंधन की यह खपत 510000 लीटर /प्रतिदिन हो जाती है। पेट्रोल की इस खपत को यदि अगले एक वर्ष के लिए फाइव डे वर्किंग मॉडल और 2 महीने के ग्रीष्मकालीन अवकाश से जोड़ दें (मौजूदा 1 माह के अवकाश से 30 दिन अधिक) तो कुल 39,780,000 लीटर पेट्रोल की बचत की जा सकती है। इतने मात्रा के पेट्रोल को परिष्कृत करने में लगने वाले कच्चे तेल की तादाद 86,478,261 लीटर या 77,698 मीट्रिक टन हो जाती है। (1 लीटर कच्चे तेल से लगभग 450 एम.अल. पेट्रोल का उत्पादन होता है।) आज अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 478 करोड़ रुपये होगी। हालांकि यह तथ्य भी स्पष्ट करना जरूरी है, कि भारत में कच्चे तेल की प्रतिदिन खपत 7,50,000 मीट्रिक टन है,अर्थात वर्षभर किए गए इन तमाम प्रयासों के बाद भी हम एक दिन की खपत का केवल 10% प्रतिशत ही कच्चा तेल बचा सकेंगे, जो देश में मात्र ढाई घंटे की आपूर्ति को पूरा करेगा। प्रथम दृष्टया इस प्रयोग का सीमित प्रभाव क्षेत्र हमें हताशा से भर सकता है, किंतु यह ध्यान रखना होगा कि यह 51 लाख सरकारी शिक्षकों के साथ किया गया प्रयोग है और यह भारत की कुल जनसंख्या का मात्र 0.36% प्रतिशत है। इस मॉडल को स्कूलों में पढ़ने वाले 25 करोड़ विद्यार्थियों की संख्या के अनुपालन से और प्रधानमंत्री के 140 करोड़ भारतीयों से किए गए आग्रह के अनुशासन से जोड़ दिया जाए, तो अगले एक वर्ष में जो परिणाम हम हासिल करेंगे, वह प्रत्येक भारतीय को राष्ट्रभावना के अप्रतिम रोमांच से भर देगा।

(लेखक शिक्षाविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# शिवत्व की साधना



संकलित

**दर्शन**

हर कर्म का आरंभ संकल्प से होता है। बातों को बनाने, बिगाड़ने व संभालने का आधार भी हमारा सोच रूपी कर्म है। अच्छे या बुरे सोच के कारण हमारे कर्म और कर्मफल सुखदायी व दुखदायी होते हैं। इसलिए कहते हैं, परमात्मा शिव अपनी शुद्ध और श्रेष्ठ संकल्पों से सोच को परिष्कृत कर दुनिया को परिवर्तित कर देते हैं। उनका प्रत्येक संकल्प मानवता का कल्याण व सद्ज्ञान है, जिसकी वर्षा से प्रकृति में शांति, संतुलन, सद्भावना व प्रसन्नता का वातावरण निर्मित होता है। मानव जीवन व संसार से विकार, व्यभिचार, भ्रष्टाचार, पापाचार, दुख, कष्ट व हिंसा के ताप समाप्त होते हैं। परमात्मा के इस सृष्टि परिवर्तन या उद्धार कार्य से कृतज्ञ होकर हम श्रावण मास में भगवान शिव की पूजा-अर्चना और व्रत-उपवास करते हैं। शिव की महिमा स्मरण, गायन, पूजन व श्रवण से श्रावण मास शिवमय हो जाता है। कहते हैं, चातुर्मास के आरंभ में भगवान विष्णु जब शयन में चले जाते हैं, तब परमात्मा शिव संसार की बागडोर संभालते हैं। शिव निराकार ज्योति स्वरूप हैं। वे शिव ज्ञान व योग सिखाकर मनुष्यों में सतयुगी दिव्य गुण व दैवी संस्कारों को पुनः विकसित करते हैं। जब भगवान विष्णु योगनिद्रा में चले जाते हैं, तब सृष्टि को बचाने एवं भक्तों की शुद्ध भावनाओं और कामनाओं का फल देने हेतु शिव अदृश्य रूप में संसार का कार्यभार संभालते हैं। ज्ञान सूर्य ज्योति स्वरूप शिव अपने ईश्वरीय ज्ञान व शिक्षा के प्रकाश द्वारा मनुष्यों के आसुरी अवगुणों को सद्गुण, दैवी चरित्र व दैवी संस्कारों में बदलते हैं।

# सेवा का समर्पण भाव



संकलित

**प्रेरणा**

एक बार एक राजा भोजन कर रहा था, अचानक खाना परोस रहे सेवक के हाथ से थोड़ी सी सब्जी राजा के कपड़ों पर छलक गई। राजा की त्यौरियां चढ़ गयीं। जब सेवक ने यह देखा तो वह थोड़ा घबराया, लेकिन कुछ सोचकर उसने प्याले की बची सारी सब्जी भी राजा के कपड़ों पर उड़ेल दी। अब तो राजा के क्रोध की सीमा न रही। उसने सेवक से पूछा, तुमने ऐसा करने का दुस्साहस कैसे किया? सेवक ने अत्यंत शांत भाव से उत्तर दिया, महाराज! पहले आपका गुस्सा देखकर मैनें समझ लिया था कि अब जान नहीं बचेगी। लेकिन फिर सोचा कि लोग कहेंगे की राजा ने छोटी सी गलती पर एक बेगुनाह को मौत की सजा दी। ऐसे में आपकी बदनामी होती। तब मैनें सोचा कि सारी सब्जी ही उड़ेल दूं। ताकि दुनिया आपको बदनाम न करे। और मुझे ही अपराधी समझे। राजा को उसके जबाव में एक गंभीर संदेश के दर्शन हुए और पता चला कि सेवक भाव कितना कठिन है। जो समर्पित भाव से सेवा करता है उससे कभी गलती भी हो सकती है फिर चाहे वह सेवक हो, मित्र हो, या परिवार का कोई सदस्य, ऐसे समर्पित लोगों की गलतियों पर नाराज न होकर उनके प्रेम व समर्पण का सम्मान करना चाहिए। क्योंकि ये ही लोग हमारे सच्चे हितैषी और सेवक होते हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### आस्था, मोक्ष व मानवता का महापर्व है गंगा दशहरा

भारतीय संस्कृति में नदियों को केवल जलधारा नहीं बल्कि जीवन, चेतना और मोक्ष का स्रोत माना गया है। इनमें भी मां गंगा का स्थान सर्वोच्च है। करोड़ों भारतीयों की आस्था का केंद्र गंगा केवल एक नदी नहीं बल्कि सनातन सभ्यता की आत्मा हैं। हिमालय की गोद से निकलकर मैदानों को जीवन देने वाली गंगा सदियों से भारतीय संस्कृति, अध्यात्म, कृषि, साहित्य और लोकजीवन की धुरी रही है। ज्येष्ठ शुक्ल दशमी को मनाया जाने वाला गंगा दशहरा दिव्य चेतना और गंगा के पृथ्वी पर अवतरण का महापर्व है। मान्यता है कि इसी दिन मां गंगा स्वर्ग से पृथ्वी पर अवतरित हुई थी। इस बार यह पर्व अत्यंत शुभ और दुर्लभ संयोगों में आया है। यह आस्था, मोक्ष व मानवता का महापर्व है।

*- विवेक त्यागी, सोनीपत*

## करंट अफेयर

# श्रीलंका में कानून-व्यवस्था के लिए भारत ने दिए 134 पुलिस वाहन




भारत ने सोमवार को कोलंबो में राष्ट्रपति भवन परिसर में आयोजित समारोह में श्रीलंका को 134 पुलिस वाहन सौंपे, जिसे दोनों देशों के बीच 'बहुआयामी विकास साझेदारी' में एक और महत्वपूर्ण घटनाक्रम माना जा रहा है। इस सौदे से जुड़े समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर दिसंबर 2024 में श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके की नयी दिल्ली यात्रा के दौरान हस्ताक्षर हुए थे। भारतीय उच्चायुक्त संतोष झा ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, 'राष्ट्रपति अनुरा दिसानायके की गरिमामयी उपस्थिति में श्रीलंका पुलिस को 30 करोड़ श्रीलंकाई रुपये से खरीदे गए 134 वाहन सौंपे गए।' उन्होंने बताया कि श्रीलंका पुलिस के अनुरोध पर की गई यह पहल सड़क सुरक्षा, नागरिकों को समय पर मदद पहुंचाने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लक्ष्यों को पूरा करने में सहायक होगी। भारतीय उच्चायोग ने एक बयान में कहा कि इस बेड़े की सुपुर्दगी भारत और श्रीलंका के बीच सभी प्रमुख क्षेत्रों में जारी बहुआयामी विकास साझेदारी में एक और महत्वपूर्ण अध्याय है। राष्ट्रपति दिसानायके के अलावा श्रीलंका के सुरक्षा मंत्री आनंद विजेपाल और पुलिस महानिरीक्षक प्रियंत वीरसुरिया भी समारोह में मौजूद थे।

## ऑफ बीट

# विटामिन बी3 सप्लीमेंट से त्वचा कैंसर का खतरा कम



त्वचा कैंसर दुनिया का सबसे आम प्रकार का कैंसर है। इस कैंसर का कारण लगातार धूप में रहने, गोरी त्वचा और उम्र बढ़ने से जुड़ा है। रोकथाम की मौजूदा रणनीतियां पराबैंगनी (यूवी) किरणों से बचाव और 'सनस्क्रीन लोशन' के इस्तेमाल पर केंद्रित हैं। यह भी देखने में आया है कि एक बार त्वचा कैंसर का पता चलने पर कई बार रोगियों को इसकी पुनरावृत्ति का सामना करना पड़ता है। निकोटिनामाइड एक सस्ता और व्यापक रूप से उपलब्ध सप्लीमेंट है, जिसका इस्तेमाल त्वचा कैंसर से बचाव के लिए किया जा सकता है। शोधकर्ताओं ने पाया कि विटामिन बी3 का यह रूप पराबैंगनी किरणों से होने वाली क्षति के बाद त्वचा की प्राकृतिक मरम्मत प्रणालियों को मजबूत करता है, सूजन कम करता है और प्रतिरक्षा प्रणाली को असामान्य कोशिकाओं का पता लगाने तथा उन्हें हटाने में मदद करता है। नये अध्ययन में 12,000 से अधिक रोगियों, जिन्होंने एक महीने से अधिक समय तक प्रतिदिन दो बार 500 मिलीग्राम निकोटिनामाइड लेना शुरू किया, की तुलना 21,000 से अधिक रोगियों से की गई, जिन्होंने इसे नहीं लिया। निकोटिनामाइड लेने वालों में फिर से त्वचा कैंसर के विकास का जोखिम 14 प्रतिशत कम देखा गया।

## ट्रेंड

### बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाएं



भीषण गर्मी को देखते हुए, मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि कृपया अपने राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में नीट परीक्षा आयोजित करने वाले जिले के अधिकारियों व सभी स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों में जरूरी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए उचित निर्देश जारी करें। **-धर्मेंद्र प्रधान,** केंद्रीय शिक्षा मंत्री

### देश में इबोला का केस नहीं



सभी अधिकारी देश भर में हवाई अड्डों, बंदरगाहों और भूमि सीमा पार करने सहित देश के सभी प्रवेश बिंदुओं पर इबोला स्क्रीनिंग व्यवस्था को पूरी तरह से सतर्क और मजबूत रखें। अभी देश में इबोला का कोई केस नहीं है यह राहत वाली बात है। **-जेपी नड्डा,** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### एक और संस्था धांधली का प्रतीक



मोदी-प्रधान की जोड़ी ने एक और संस्था को धांधली का प्रतीक बना दिया। दशकों में पहली बार सीबीएसई बोर्ड परीक्षा पर इतने गंभीर सवाल उठे हैं। 18.5 लाख बच्चों ने परीक्षा दी और एक हफ़्ते से ओएसएम ग़लत मार्किंग और जांच की गड़बड़ी की शिकायतें अनसुनी पड़ी हैं और शिक्षा मंत्री अपनी कुर्सी से चिपके हुए हैं। **-राहुल गांधी,** नेता विपक्ष

### भारत में कम बढ़ोतरी



नेता विपक्ष राहुल गांधी देश को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। दुनिया भर में तेल और डीजल की कीमतों में भारी उछाल आया है, हालांकि, इसकी तुलना में भारत में कीमतों में हुई बढ़ोतरी मामूली रही है, विशेष रूप से तब जब इसे अमेरिका, ब्रिटेन और खाड़ी देशों में हुई वृद्धि के साथ देखा जाए। **-गौरव भाटिया,** राष्ट्रीय प्रवक्ता, भाजपा

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

अगले दो महीने तक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 लागू


# नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन सख्त, सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक मैसेज, वीडियो वायरल करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक, वाट्सएप ट्विटर आदि के माध्यम से असामाजिक तत्वों द्वारा अलग-अलग ग्रुप सामाजिक ताने-बाने को तोड़ने और दो समुदायों के बीच संघर्ष, वैमनस्यता की स्थिति निर्मित करने के लिए, तरह-तरह के आपत्तिजनक संदेश एवं फोटो सहित वीडियो और ऑडियो मैसेज का प्रसारण किया जा सकता है।

इस प्रकार की पोस्ट से कई बार लोगों को एक स्थान पर एकत्रित होने एवं एक समुदाय के विरुद्ध वातावरण निर्मित करने जैसे संदेशों का प्रसारण किया जाता है। इससे भोपाल शहर के सामुदायिक सद्भाव और शांति व्यवस्था के लिए प्रतिकूल स्थितियां निर्मित हो सकती है।

### शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने शेयर और फॉरवर्ड सहित कमेंट्स और क्रॉस कमेंट्स से बचें



### लोगों की भावनाएं आहत हो सकती है

इसके अतिरिक्त धार्मिक भावनाओं को उभारने एवं साम्प्रदायिक वातावरण निर्मित करने का प्रयास भी किया जा सकता है। सोशल मीडिया पर इस प्रकार के प्रसारण से आमजन की भावनाएं आहत हो सकती है और कई बार लोक व्यवस्था को खतरा होने की स्थितियां निर्मित होती है।

### सामाजिक शांति भंग हो सकती है

यहां यह उल्लेखनीय है कि आपत्तिजनक पोस्ट से उतनी वैमनस्यता का संचार नहीं होता है जितना कि उस पर आए कमेंट्स एवं के कारण होता है। क्रॉस कमेंट्स पर एक प्रकार वैमनस्यता की अभिव्यक्ति ऐसे पोस्ट के माध्यम से होती है। जिस पर कोई भी बिना सोचे समझे किसी दायित्व के द्वेषपूर्ण एवं अश्लील शब्दों का प्रयोग कर धार्मिक भावनाओं को आहत करता है। इस प्रकार के इंटरनेट सोशल मीडिया वार अभी भी सक्रिय है जिनसे लोक व्यवस्था एवं सामाजिक शांति भंग हो सकती है। उक्त संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए सोशल मीडिया पर इस प्रकार की आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के खिलाफ महानगर भोपाल में जन सुरक्षा तथा लोक परिशांति बनाए रखने के लिए पुलिस कमिश्नर संजय कुमार सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा- 163 लागू की है।

### इन बातों का रखें ध्यान

- कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर धार्मिक, सामाजिक, जातिगत भावनाओं एवं विद्वेष भड़काने के लिए किसी भी प्रकार के संदेशों का प्रसारण करता है तो कार्रवाई की जाएगी।
- कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया के किसी भी प्लेटफॉर्म पर किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक एवं उन्माद फैलाने वाले संदेश, फोटो, वीडियो, ऑडियो इत्यादि जिससे धार्मिक, सामाजिक, जातिगत आदि भावनाएं भड़क सकती हैं।
- सोशल मीडिया के किसी भी पोस्ट जिसमें धार्मिक, सांप्रदायिक एवं जातिगत भावना भड़कती हों, को कमेंट, लाइक, शेयर या फॉरवर्ड नहीं करेगा। ग्रुप एडमिन की यह व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी कि वह ग्रुप में इस प्रकार के संदेशों को रोके।
- कोई भी व्यक्ति सामुदायिक, धार्मिक, जातिगत विद्वेष फैलाने या लोगों अथवा समुदाय के मध्य घृणा, वैमनस्यता पैदा करने या दुर्भावित करने या हिंसा फैलाने का प्रयास उपरोक्त माध्यमों से नहीं करेगा और न ही इसके लिए किसी को प्रेरित करेगा।
- कोई भी व्यक्ति अफवाह या तथ्यों को तोड़ मरोड़कर भड़काकर उन्माद उत्पन्न करने वाले संदेश हिंसा या गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल हो जाएं, को प्रसारित नहीं करेगा और न ही लाइक, शेयर या फारवर्ड करेगा और न ही ऐसा करने के लिए किसी को प्रेरित करेगा।
- कोई भी व्यक्ति, समुदाय ऐसे संदेशों को प्रसारित नहीं करेगा, जिसमें किसी व्यक्ति, संगठन, समुदाय आदि को एक स्थान पर एक राय होकर जमा होने और उनसे कोई गैरकानूनी गतिविधियां करने के लिए आह्वान किया गया हो, जिससे कानून एवं शांति व्यवस्था भंग होने की प्रबल संभावना विद्यमान हो।

## खबर संक्षेप

### लगातार 600 दिनों से चल रही है अमरकंटक की चचाई यूनिट

**भोपाल।** मप्र पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड के इतिहास में आज एक स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया है। अमरकंटक थर्मल पॉवर स्टेशन चचाई की 210 मेगावॉट क्षमता वाली यूनिट ने लगातार 600 दिनों तक बिना किसी बाधा के निरंतर बिजली उत्पादन करने का एक अभूतपूर्व महा-रिकॉर्ड स्थापित किया है। कंपनी के इतिहास में आज तक किसी भी जनरेटिंग यूनिट ने इतने लंबे समय तक बिना बंद हुए उत्पादन नहीं किया है। प्लांट की यह ऐतिहासिक यात्रा 1 अक्टूबर 2024 से शुरू हुई थी, जो आज भी सफलतापूर्वक निरंतर जारी है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने प्लांट के नेतृत्व और पूरी तकनीकी टीम को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने विश्वास जताया है कि अमरकंटक थर्मल पॉवर स्टेशन भविष्य में भी उत्कृष्टता की इस भावना को बनाए रखेगा और राज्य की प्रगति के लिए सफलता के कई नए कीर्तिमान गढ़ेगा।

### 13.27 लाख किसानों से 102 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन

**भोपाल।** मप्र न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अब तक 13 लाख 27 हजार किसानों से गेहूं का उपार्जन कर देश में नंबर-1 स्थान पर है। अब तक लगभग 102 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन हो चुका है। गेहूं का उपार्जन अभी भी जारी है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि कोविड-19 की अवधि को छोड़कर विगत 10 वर्षों में इस वर्ष समर्थन मूल्य पर गेहूं का सर्वाधिक उपार्जन किया है। मंत्री राजपूत ने बताया है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रयासों से 78 लाख मीट्रिक टन गेहूं के उपार्जन लक्ष्य को केन्द्र सरकार द्वारा 100 लाख मीट्रिक टन कर दिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा प्रदेश में हो रहे गेहूं उपार्जन की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने स्वयं खरीदी केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर तौल व्यवस्था, बारदाने की उपलब्धता और खरीदी केन्द्रों पर किसानों के लिए जरूरी सुविधाओं का आकस्मिक निरीक्षण भी किया।

### शतरंज प्रशिक्षक गुरमीत सिंह का निधन

**औबेदुल्लागंज।** नगर के शतरंज प्रशिक्षक मध्य प्रदेश में शतरंज के जनक एवं मध्य प्रदेश शतरंज संघ के अध्यक्ष और रियल स्कूल के संस्थापक गुरमीत सिंह का सोमवार दोपहर निधन हो गया। उनके निधन से नगर में शोक लहर है। गुरमीत सिंह भाजपा नेता देवेंद्र सिंह राजू के बड़े भाई थे। उनके निधन पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, भाजपा के विरष्ठ नेता सुरेश पचौरी, विधायक सुरेंद्र पटवा, सुरजीत सिंह गिल, मनजीत सिंह, सरदार कांता पटेल, पवनजोत सिंह, लखविंदर सिंह लकी, हरजीत सिंह मंगू, सुरेंद्र सिंह, वरिष्ठ पत्रकार ऋषभ जैन, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर आदि ने शोक व्यक्त किया।



| शुभांक | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1638 | | |
| दिन: | 557 | 72 | 255 |
| रात: | 890 | 76 | 457 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 127 | 04 | 239 |
| रात: | 589 | 29 | 360 |

दरवाजा खटखटाने को लेकर हुआ था विवाद

# सास के लिव-इन पार्टनर ने चाकू से किया जानलेवा हमला, युवक गंभीर



हमले में उसके दोनों गालों और होंठ पर गंभीर चोटें आई

छोला मंदिर थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित न्यू ब्लॉक कैंची छोला में शनिवार देर रात दरवाजा खटखटाने की बात को लेकर हुए विवाद के बाद एक युवक ने पड़ोसी पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में उसके दोनों गालों और होंठ पर गंभीर चोटें आई हैं। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हत्या का प्रयास समेत अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी करीब चार साल से फरियादी की सास के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहा है। पुलिस के अनुसार न्यू ब्लॉक कैंची छोला निवासी रवि अहिरवार (32) लोहा बांधने का काम करता है। इन दिनों उसके घर में मेहमान आए हुए हैं। रवि के कमरे के सामने वाले कमरे में उसके ससुर रहते हैं।

### रवि ससुर के कमरे में सो रहा था

करीब पांच साल पहले हुए, सड़क हादसे में रवि के ससुर एक पैर से दिव्यांग हो गए थे। तभी से वह रवि के कमरे के सामने वाले कमरे में रह रहे हैं। जबकि रवि की सास कुछ दूरी पर सोनू लखेरा नामक व्यक्ति के साथ लिव-इन में रह रही हैं। मेहमान आने की वजह से रवि शनिवार रात अपने ससुर के कमरे में सो रहा था। इस बीच रात सोनू लखेरा ने रवि के ससुर का कमरा खटखटाया। कमरे में कुंडी नहीं होने के कारण दरवाजा खुल गया। इस पर वहां सो रहे रवि ने आपत्ति व्यक्त करते हुए कहा कि तू यहां क्यों आया है। अपने कमरे में जाकर सो जा। इसी बात को लेकर विवाद और फिर मारपीट शुरू हो गई। इस बीच सोनू ने अपनी जेब से चाकू निकालकर रवि पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में उसके दोनों गालों व होंठ पर गंभीर चोटें आई हैं। आरोपी ने फरियादी के गले पर वार किए थे, लेकिन खुद को बचाने के लिए वह झुक गया था। इसलिए चाकू गले पर न लगकर गाल पर लगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### नशे में धुत 60 साल के बुजुर्ग ने फांसी लगाकर दी जान

अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित गीता नगर कोलुआ कला में सोमवार दोपहर 60 साल के बुजुर्ग ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह शराब के नशे में घर आए थे और कमरे में चिल्लाचोट कर रहे थे। उनके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार कालूराम अहिरवार (60) गीता नगर, कोलुआ कला में रहते थे।

### आर-1 बाइक अनियंत्रित होकर फिसली, बाउंसर की मौत

अयोध्या नगर थाना क्षेत्र स्थित गणेश गैलेक्सी सिटी के सामने बायपास पर आर-1 फाइव बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। इस हादसे में बाइक सवार बाउंसर गंभीर रूप से घायल हुआ था। उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार अब्दुल रफीक (42) पिपलानी थाने के पीछे झुग्गी में रहता था और एक क्लब में बाउंसर की नौकरी करता था। शनिवार रात वह क्लब गया था। रविवार सुबह क्लब से अपनी आर-1 फाइव बाइक से वह पिपलानी स्थित अपने घर जाने के लिए निकला। सुबह करीब साढ़े 5 बजे गणेश गैलेक्सी सिटी के सामने बायपास पर आर-1 फाइव बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। राहगीरों ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची डायल 112 उसे लेकर निजी अस्पताल पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर अब्दुल रफीक को मृत घोषित कर दिया।

### विवाहिता के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने के दोषी को 7 वर्ष का कारावास

**भोपाल।** विवाहिता के घर में घुसकर अश्लील छेड़छाड़ कर दुष्कर्म करने का प्रयास करने वाले अभियुक्त आकाश चनाल पिता दिलीप चनाल (33) निवासी शांति नगर बरखेड़ा पठानी भोपाल को विशेष न्यायाधीश सुरेखा मिश्रा ने दोषी ठहराते हुए 7 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 7000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अभियोजन के अनुसार 11 मई 2024 को पीड़िता ने थाना गोविंदपुरा भोपाल में लिखित शिकायत पत्र पेश किया कि उसके पति खेती करने दो तीन माह से ग्राम बछाटी जिला कानपुर गए थे और वह भोपाल में घर में अकेली थी। रात 1 बजे आकाश उसके घर पर आया और उसके कुंडी खटखटाई तो उसने कहा कि रात है वह दरवाजा नहीं खोलेगी, तब आकाश हाथ में रॉड लेकर उसके घर की दीवार कूदकर घर में घुस आया। आरोपी ने उसके साथ झूमाझटकी कर अश्लील छेड़छाड़ कर दुष्कर्म करने का प्रयास किया था। उक्त घटना की सूचना के आधार पर पुलिस थाना गोविंदपुरा भोपाल द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया। पुलिस ने प्रकरण की विवेचना के दौरान आरोपी को गिरफ्तार कर घटनास्थल का नक्शा पंचनामा व साक्ष्य संकलित किए गए। विवेचना अधिकारी ने संपूर्ण विवेचना के पश्चात डीएनए टेस्ट रिपोर्ट, मेडिकल रिपोर्ट व अन्य दस्तावेज तथा परिजनों, चिकित्सकों और पुलिस कर्मियों सहित अन्य गवाहों की सूची कोर्ट में प्रस्तुत किया था।

विधायक कर्मचारी की डूबने से मौत का मामला

## पुलिस ने पूल के मालिक और मैनेजर पर किया प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कजलीखेड़ा थाना क्षेत्र स्थित केके फार्म हाउस सुहागपुर के स्वीमिंग पूल में 15 मई को विधायक के कर्मचारी की डूबने से हो गई थी। मर्ग जांच के बाद पुलिस ने स्वीमिंग पूल के मालिक और मैनेजर पर गैर इरादन हत्या का प्रकरण दर्ज किया है।

जांच में यह बात सामने आई कि स्वीमिंग पूल में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे और न ही स्वीमिंग कोच या ट्रेनर मौजूद थे। इसी वजह से युवक की डूबने से मौत हुई थी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार बरखेड़ी, जहांगीराबाद निवासी कुनाल महावर (22) विधायक भगवानदास सबनानी के बंगले पर काम करता था।

### पार्टी मनाने केके फार्म आउस पर गया था

शुक्रवार 15 मई की दोपहर वह अनिकेत शाक्य समेत तीन दोस्तों के साथ पार्टी मनाने और नहाने डी-मार्ट के पीछे केके फार्म हाउस पर गया था। शाम करीब चार बजे चारों दोस्त पूल में नहाने उतरे। उस समय पूल में 10-15 लड़के और भी नहा रहे थे। कुछ देर नहाते-नहाते कुनाल महावर अचानक गायब हो गया। दोस्तों को लगा कि शायद वह पूल से बाहर आकर बाथरूम गया होगा, लेकिन वह वाशरूम भी नहीं गया था। कुछ देर बाद कुनाल पानी में नजर आया। फौरन उसे जेके अस्पताल ले जाया गया, डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की।

### गोमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग...



**भोपाल।** शीतलदास की बगिया में शिव सेना के कार्यकर्ताओं ने जल सत्याग्रह कर गो हत्या बंद करने एवं गोमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग की।

नगर में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का छठवां दिन

## भगवान श्री कृष्ण व रुक्मिणी विवाह के साथ कंस वध की सुनाई कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के छठवें दिन सोमवार को भगवान कृष्ण और रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाया। इस दौरान भव्य झांकी बनाई गई।

चित्रकूट धाम के राष्ट्रीय कथा वाचक, पंडित संतोष तिवारी शास्त्री ने कथा सुनाते हुए बताया कि भगवान श्री कृष्ण ने कंस मृदन कैसे किया विस्तार से सुनाया। पंडित संतोष तिवारी शास्त्री ने बताया कंस वध के बाद भगवान कृष्ण द्वारकापुरी चले गए, वहां से विदर्भ देश की राजकुमारी रुक्मिणी का हरण किया और बड़े ही धूमधाम से विवाह संपन्न हुआ। इस दौरान कथा पंडाल विवाह के गीतों से गूंज उठा।



बड़ी संख्या में आसपास के श्रद्धालु कथा सुनने पहुंचे।

### नंदवंशी ने कथा वाचक से आशीर्वाद प्राप्त किया

जीतू नंदवंशी ने सोमवार को अनंत श्री विभूषित धर्म सम्राट पूज्यपाद श्री श्री 1008 श्री स्वामी ब्रह्मम्वारी जी बापोली मागंरोल एव श्री वृंदावन धाम के गुरुदेव गुरु जी का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। ग्राम बोरखाड़ी में समस्त ग्राम वासियों के द्वारा आयोजित पावन श्रीमद्भागवत कथा में शामिल होकर कथा श्रवण का किया और भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं एवं भक्तिमय वातावरण ने मन को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। इस दौरान छोटू अमन नन्दवंशी साथ में थे।



### बिजली बिल अपडेट करने के नाम पर ठेकेदार के साथ 1 लाख 5 हजार की ठगी

**भोपाल।** बिजली बिल अपडेट नहीं होने और कनेक्शन कटने का डर दिखाकर साइबर जालसाज ने प्राइवेट ठेकेदार के खाते से धोखाधड़ी कर 1 लाख 5 हजार रुपए की ऑनलाइन ठगी कर ली। आरोपी ने बिजली बिल अपडेट करने के नाम पर वाट्सएप पर एपीके फाइल डाउनलोड कराई और ओटीपी हासिल कर खाते से रकम उड़ा दी। साइबर सेल ने जीरो पर प्रकरण दर्ज करने के बाद डायरी कजलीखेड़ा पुलिस को भेजी है। पुलिस के अनुसार प्रियंका नगर कजलीखेड़ा निवासी हिमांशु शेखर गिरी (53) प्राइवेट ठेकेदारी करते हैं। विगत 12 मई की शाम छह बजे व्हाट्सएप पर मैसेज मिला कि आपके घर का बिजली कनेक्शन आज रात साढ़े 9 बजे कट जाएगा। मैसेज में लिखा था कि आपका नए मीटर का बिल अपडेट नहीं हुआ है। जालसाज ने एक एपीके फाइल एमपीईबी इलेक्ट्रिसिटी ऑनलाइन अपडेट नाम से सेंड कर दी। फरियादी ने प्रोसेस को फॉलो किया और पूछने पर आरोपी को ओटीपी नंबर बता दिया। ओटीपी बताने के कुछ देर बाद ही उनके खाते से 1 लाख पांच हजार रुपए का ट्रांजेक्शन हो गया।

आर्यिका माता की सड़क दुर्घटना में निधन पर विरोध

## जैन समाज ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा, उच्चस्तरीय जांच की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

जैन समाज के लोगों ने सोमवार को तहसीलदार को विहाररत जैन साधु-संतों की सुरक्षा व्यवस्था, राष्ट्रीय संत सुरक्षा नीति एवं आर्यिका माताजी दुर्घटना प्रकरण की निष्पक्ष उच्चस्तरीय जांच की मांग के लिए ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि समस्त जैन समाज ने अत्यंत दुःख एवं गहरी वेदना के साथ आपका ध्यान हाल ही में विहाररत पूज्य आर्यिका माताजी के साथ हुई अत्यंत दुःखद घटना की ओर आकर्षित करना चाहते हैं, जिसमें संघ की पूज्य आर्यिकाओं का असामयिक निधन हो गया। यह घटना केवल एक सामान्य सड़क दुर्घटना नहीं है। उपलब्ध तथ्यों, वीडियो क्लिपों एवं परिस्थितियों के आधार पर समाज में गहरी आशंका एवं चिंता का वातावरण निर्मित हुआ है। अतः इस संपूर्ण प्रकरण की निष्पक्ष, पारदर्शी एवं उच्चस्तरीय जांच अत्यंत आवश्यक है। जैन साधु-संत पूर्णतः निहत्थे, अहिंसक एवं पैदल विहार करने वाले तपस्वी होते हैं। वे किसी प्रकार की सुरक्षा या भौतिक सुविधाओं का उपयोग नहीं करते तथा समाज में शांति, संयम, करुणा और अहिंसा का संदेश प्रसारित करते हैं। ऐसे संतों के साथ निरंतर बढ़ती दुर्घटनाएं एवं हमले सम्पूर्ण समाज के लिए अत्यंत चिंताजनक विषय हैं।



तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते जैन समाज के लोग।

ग्राम कुराना में चल रही श्रीमद् भागवत कथा

## आओ सखियों मुझे मेहंदी लगा दो, श्याम सुंदर की दुल्हन बना दो... भजन सुन खूब झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

आओ मेरी सखियों मुझे मेहंदी लगा दो, मेहंदी लगा दो मुझे सुंदर बना दो, मुझे श्याम सुंदर की दुल्हन बना दो... भजन प्रस्तुति ने पंडाल में बैठे श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। कथा में रुक्मिणी अपनी सखियों सहित प्रकट हुईं, तो सारा कथा पंडाल झूम उठा।

ग्राम कुराना में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन कथा वाचक प्रीति नागर ने रुक्मिणी और भगवान श्रीकृष्ण के अलौकिक विवाह का वर्णन किया।



कथा पंडाल में विधायक भगवान दास भी पहुंचे।

### दुःख आने पर हार नहीं मानना चाहिए...

सोमवार को कथा सुनने आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रोतागण पहुंचे। कथा व्यास प्रीति नागर ने कहा कि जीवन में सुख दुःख आते रहते हैं। दुःख आने पर हार नहीं मानना चाहिए, क्योंकि जीवन में दुःख आएगा तो उससे अधिक सुख भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि जीव परमात्मा का अंश है। इसलिए जीव के अंदर अपार शक्ति रहती है।

### विधायक सबनानी भी पहुंचे कथा श्रवण करने

कथा में विधायक भगवानदास सबनानी एवं विष्णु खत्री, वरिष्ठ भाजपा नेता सुशील वासवानी, केदार सिंह मंडलोई, पूर्व विधायक जितेंद्र डागा एवं पार्षद अशोक मारण भी कथा श्रवण करने पहुंचे। प्रीति नागर ने इससे पहले गोवर्धन पूजा की कथा सुनाई। इसके बाद 56 भोग का आयोजन भी किया गया। छग्गनलाल विश्वकर्मा ने बताया कि 26 मई को गंगापूजन और पूर्णाहुति के साथ कथा का विश्राम किया जाएगा। यहां प्रतिदिन भंडारा भी चल रहा है।

रीझवानी की सेवाओं को कभी भुलाया नहीं जा सकताः महात्मा धीरज

## विभिन्न संगठनों ने स्व. साबूमल रीझवानी की द्वितीय पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

पूज्य सिंधी पंचायत के पूर्व अध्यक्ष व कई सामाजिक संस्थाओं से जुड़े रहे स्व. साबूमल रीझवानी की द्वितीय पुण्यतिथि झूलेलाल मंदिर में मनाई गई। प्रातः 10 से 12 बजे तक सत्संग व पूजा पाठ व भोग साहिब का कार्यक्रम हुआ। इसके बाद झूलेलाल मंदिर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जहां संत हिरदाराम नगर के भाजपा, कांग्रेस एवं सामाजिक, व्यापारिक संगठन व गणमान्य नागरिक शामिल हुए। सर्वप्रथम दादा रीझवानी साहिब के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।



स्व. साबूमल रीझवानी को श्रद्धांजलि अर्पित करते लोग।

### सिंधी भाषा व संस्कृति के लिए महात्मा धीरज ने कार्य किया

अनंदपुरी संत महात्मा धीरज द्वारा श्रद्धांजलि के साथ साथ आशीर्वाद भी दिया गया कहा कि रीझवानी की सेवाओ को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने सिंधी भाषा व संस्कृति के लिए कार्य किया। इस अवसर पर पार्षद व एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी, पार्षद अशोक मारण, भाजपा नेता राम बसंल, विनय दादलानी, मनीष बागवानी, किरण वाधवानी, नंद दादलानी, घनश्याम लालवानी, गुलाब जेठानी, पं मुकेश महाराज, लक्ष्मण नाथानी आदि ने श्रद्धांजलि देते हुए दादा जी के जीवन पर विचार रखे।



**'सत्या साची' में साची का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री अनंदिता साहू ने कहा**

# शूटिंग के दौरान समझ आया कि पुलिस अधिकारी बनना नहीं है आसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

साची का किरदार निभाते हुए मैंने कई तरह के इमोशंस को महसूस किया। शुरुआत में साची के लिए उसकी पढ़ाई और उसकी बहन सबसे ज्यादा मायने रखती थीं। वह बहुत निडर लड़की थी, जो उनके लिए किसी भी हद तक जा सकती थी और हमेशा सच का साथ देती थी। शादी के बाद जब वह बहू बनी, तो उसे थोड़ा शांत और ज्यादा जिम्मेदार बनना पड़ा। अब वह पुलिस अधिकारी बनती है, लेकिन ट्रैक की शूटिंग के दौरान मुझे समझ आया कि पुलिस अधिकारी बनना बिल्कुल आसान नहीं है.... यह कहना है अभिनेत्री अनंदिता साहू का, जो 'सत्या साची' सीरियल में साची का किरदार निभा रही हैं।

हरिभूमि चर्चा

### ट्रेनिंग वाले सीन्स की शूटिंग करते समय बहुत थक जाती थी

पुलिस ट्रेनिंग के कठिन सीन्स पर अनंदिता साहू ने कहा कि ट्रेनिंग वाले सीन्स की शूटिंग करते समय मैं बहुत थक जाती थी, क्योंकि मैं नियमित रूप से एक्सरसाइज नहीं करती और न ही जिम जाना पसंद करती हूं, इसलिए यह मेरे लिए और भी चुनौतीपूर्ण था।

### स्क्रीन पर खुद को देख मेरी मेहनत हुई सफल

उन्होंने कहा कि कई बार मुझे लगा कि हार मान लूं, लेकिन फिर मैंने खुद को प्रेरित किया और पूरी मेहनत और लगन के साथ सभी सीन्स शूट किए। जब मैंने बाद में ये सीन्स स्क्रीन पर देखे, तो लगा कि मेरी सारी मेहनत सफल हो गई।

# एक अच्छी पुस्तक वही, जो पाठक की चेतना, संवेदनशीलता और चिंतन में करे वृद्धि

## मप्र उर्दू अकादमी ने आयोजित किया पुस्तकों का विमोचन एवं विमर्श कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

म.प्र. उर्दू अकादमी द्वारा सोमवार को मुल्ला रमूजी संस्कृति भवन में पुस्तकों का विमोचन एवं विमर्श कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ नुसरत मेहदी ने कहा कि किसी भी पुस्तक का प्रकाशन मात्र एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक वैचारिक और सामाजिक जिम्मेदारी है। एक अच्छी पुस्तक वही है जो पाठक की चेतना, संवेदनशीलता और चिंतन में वृद्धि करे।



मुल्ला रमूजी संस्कृति भवन में पुस्तकों का विमोचन कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि।

### दिलों को जोड़ती, दिमाग को सुकून देती किताबें

इसके बाद पुस्तक लेखन, प्रकाशन और पाठकीयता के बदलते सरोकार विषय पर विमर्श हुआ, जिसकी अध्यक्षता करते हुए भोपाल के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. मो. नौमान खान ने कहा कि पुस्तकों का अध्ययन न केवल राष्ट्रों तथा व्यक्तियों के विवेक, विचार, कर्म, चेतना और समझ को निखार देता है, बल्कि आनंद से लेकर अंतर्दृष्टि तक का सफर तय करने में बेहद उपयोगी और सहायक साबित होता है। किताबें दिलों को जोड़ती हैं और दिमाग को सुकून व आनंद भी प्रदान करती हैं।


कार्यक्रम कें पुस्तकों का विमोचन करते अतिथि।

**18 पुस्तकों का हुआ विमोचन**

इस अवसर पर हबीब हुबाब खंडवा का लारेब (गजल संग्रह), मुजफ्फर इकबाल सिद्दीकी का दायरे (अफसानचों का संग्रह), अयाज कमर का तर्ज़ सुखन (गजल संग्रह) सहित 18 पुस्तकों का विमोचन किया गया।

**2300 से अधिक छात्राओं ने जाना सुरक्षित इंटरनेट उपयोग और साइबर सुरक्षा का महत्व**

# साइबर दुनिया में सुरक्षित कदम बढ़ाने का संदेश देता 'साइबर शक्ति' अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे भी चिंता का विषय**

डिजिटल दौर में जहां इंटरनेट बच्चों और युवाओं की जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुका है, वहीं साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे भी चिंता का विषय बन रहे हैं। ऐसे समय में छात्राओं को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में राष्ट्रीय रक्षा विवि भोपाल द्वारा चलाया गया 'साइबर शक्ति' अभियान एक प्रेरणादायक पहल बनकर सामने आया। गृह मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय महत्व के इस संस्थान द्वारा आयोजित इस अभियान का उद्देश्य छात्राओं को डिजिटल दुनिया के जोखिमों से परिचित कराना और उन्हें सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के लिए तैयार करना है। एआईसी आर आर यू एवं सीडीएसी के आईएसईए प्रोजेक्ट के अंतर्गत आयोजित इस अभियान का संचालन निदेशक प्रभारी डॉ. राकेश सिंह कुंवर एवं सहायक निदेशक प्रभारी प्रदीप रूसिया के मार्गदर्शन में किया गया, जबकि समन्वय की जिम्मेदारी डॉ. हर्षिता जैन ने निभाई।


साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में आयोजित 'साइबर शक्ति' अभियान स्कूली बच्चों को जानकारी देते हुए।



### इन स्कूलों की छात्राओं ने की सहभागिता

अभियान के तहत मध्यप्रदेश के कई प्रतिष्ठित विद्यालयों एलएनसीटी स्कूल, प्रज्ञा विद्यालय, सेंट जोसेफ्स को-एड स्कूल कोलार, सेंट जोसेफ्स को-एड स्कूल अरेरा कॉलोनी तथा बॉनी फोई को-एड सीनियर सेकेंडरी स्कूल सहित अन्य शिक्षण संस्थानों में साइबर जागरूकता सत्र आयोजित किए गए। इन सत्रों में 2300 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया।


साइबर सुरक्षा से जुड़ी अध्ययन सामग्री और पुस्तकें वितरित कर उन्हें जागरूकता करते हुए।

### साइबर स्टॉकिंग, ऑनलाइन उत्पीड़न से बचाव के जाने तरीके

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को साइबर स्टॉकिंग, ऑनलाइन उत्पीड़न, फिशिंग, सेक्सटॉर्शन और सोशल मीडिया से जुड़े खतरों के बारे में सरल और प्रभावी तरीके से जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने उन्हें यह भी समझाया कि किस प्रकार सतर्कता और सही जानकारी के माध्यम से साइबर अपराधों से बचा जा सकता है। छात्राओं को साइबर हेल्पलाइन, शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के बारे में भी विस्तार से बताया गया। साथ ही साइबर सुरक्षा से जुड़ी अध्ययन सामग्री और पुस्तकें वितरित कर उन्हें जागरूकता के साथ ज्ञान से भी जोड़ा गया।

# देश और दुनिया में वायरल 'चिकिरी चिकिरी' गीत को आवाज देना मेरे लिए है एक खूबसूरत अहसास...

## फिल्म पेद्दी के प्रमोशन के लिए भोपाल आए सिंगर मोहित चौहान ने हरिभूमि से बातचीत के दौरान कहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

फिल्म 'पेद्दी' के गीत 'चिकिरी चिकिरी' को अपनी आवाज देना मेरे लिए वाकई में एक खूबसूरत अहसास है। खासकर एआर रहमान जैसे महान संगीतकार के लिए गाकर मैं काफी खुश हूं और वाकई में इस गाने को पूरे देश और दुनिया से काफी प्यार भी मिल रहा है.... यह कहना है सिंगर मोहित चौहान का, जो हाल ही में पेद्दी फिल्म के प्रमोशन के लिए भोपाल आए और हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने जीवन से जुड़े पहलुओं पर चर्चा की।



हरिभूमि चर्चा

### भोपाल की खूबसूरती देख लगता है यहीं आकर बस जाऊं

भोपाल की खूबसूरती को बयां करते हुए मोहित ने कहा कि भोपाल एक बेहद ही खूबसूरत शहर है, यहां की लेक्स और हरियाली देखकर आंखों को काफी सूकून मिलता है, मेरा दिल करता है यहीं आकर बस जाऊं।

### माउंटेन म्यूजिक से इंस्पायर हैं मेरे गीत

वहीं, गानों के रिक्रिएशन और रैप म्यूजिक पर उन्होंने कहा कि मेरा मेलॉडिक जॉनर है और मैं वैसा ही गीत बनाता हूं। मेरे गीत फोक, लाइट क्लासिकल है या फिर माउंटेन म्यूजिक से इंस्पायर हैं। पहाड़ी संगीत विदेश के ब्लूज से भी बहुत क्लोज रहता है।

### इंडस्ट्री के फिल्म निर्माता फोक म्यूजिक को कर रहे लैक

फोक म्यूजिक को ज्यादा पहचान मिलने के सवाल पर उन्होंने कहा कि इसका कारण हमारी इंडस्ट्री के फिल्म निर्माता हैं, कहीं न कहीं वह इस म्यूजिक और उसके इमेजिनेशन को लैक कर रहे हैं ।

# भोपाल के युवा वायलिन वादक ऋषभ का चयन यंग आर्टिस्ट सीसीआरटी नेशनल स्कॉलरशिप में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल के युवा वायलिन वादक ऋषभ मलिक का चयन हिन्दुस्तानी क्लासीकल वायलिन वादन के क्षेत्र में भारत सरकार इंडियन मिनिस्ट्री ऑफ कल्चरल द्वारा यंग आर्टिस्ट सीसीआरटी नेशनल स्कॉलरशिप 2025-2026 अवॉर्ड के लिए किया गया है।

ऋषभ मलिक वरिष्ठ वायलिन वादक पंडित महेश मलिक के सुपुत्र हैं और आकाशवाणी से हाई ग्रेड कलाकार हैं। उन्होंने संगीत की शिक्षा अपने पिता एवं गुरु पंडित महेश मलिक से प्राप्त की। ऋषभ ने बादल राग समारोह भारत भवन भोपाल, विश्व रंग समारोह, युवा खोज समारोह में प्रस्तुति दी।



# ध्रुपद गायन से 'अनहद -नाद' की यात्रा का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सुरेखा कामले के सानिध्य में आयोजित संगीत संध्या 'अनहद -नाद' में ध्रुपद की अद्भुत एवं मनमोहक प्रस्तुति ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में आलाप, जोड़, झाला एवं सरगम की सुंदर प्रस्तुति ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके साथ ही चौताल में निबद्ध बंदिश मन में एक गूंज उठी... तथा पारंपरिक बंदिश दोनों करतार तुम राज साज के... डागर घराने की पारंपरिक बंदिश की प्रस्तुति ने वातावरण को आध्यात्मिक एवं संगीतमय बना दिया।

**1 आलाप, जोड़, झाला एवं सरगम की सुंदर प्रस्तुति ने बांधा समा**

**2 ध्रुपद के साथ वाद्यों का समन्वय ने किया आकर्षण**


संगीत संध्या 'अनहद -नाद' में अपनी प्रस्तुति देते कलाकार।

### इन्होंने दी संगत

कार्यक्रम में पखावज पर रोमन दास एवं जयंत गायकवाड़ ने संगति दी। तबले पर दिल्ली से आए मोहम्मद आसिफ, सारंगी पर भोपाल के हनीफ हुसैन तथा फ्लेमिंको पर संजीव की प्रस्तुति ने कार्यक्रम को एक अनूठे प्रयोग के रूप में स्थापित किया। ध्रुपद के साथ विभिन्न वाद्यों का यह समन्वय श्रोताओं के लिए अत्यंत नवीन और आकर्षक अनुभव रहा। तानपुरे पर मोहिनी पटेल एवं दिव्या चौहान ने मधुर संगत प्रदान की।

**हरदा में स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वाबलंबन अभियान का प्रांतीय विचार वर्ग**

# राष्ट्र उत्थान के लिए स्वदेशी अवधारणा मजबूरी नहीं, मजबूती है: सतीश कुमार

हरदा में आयोजित स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वालंबन अभियान के प्रांतीय विचार वर्ग के समापन के दौरान मंच पर अखिल भारतीय सह संगठक सतीश कुमार, प्रांत संयोजक श्रीकांत बुधौलिया, प्रांत महिला कार्य प्रमुख सीमा भारद्वाज तथा हरदा संयोजक रविलाल पटेल सहित 16 जिलों के 155 कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वालंबन अभियान के प्रांतीय विचार वर्ग का समापन हरदा में उत्साह एवं प्रेरणा के वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंच पर अखिल भारतीय सह संगठक सतीश कुमार, प्रांत संयोजक श्रीकांत बुधौलिया, प्रांत महिला कार्य प्रमुख सीमा भारद्वाज तथा हरदा संयोजक रविलाल पटेल उपस्थित रहे। अखिल भारतीय, क्षेत्रीय एवं प्रांत पदाधिकारियों में दो क्षेत्रों के संगठक केशव दुबोलिया, संजीव शर्मा, क्षेत्रीय कोष प्रमुख आरपी माहेश्वरी, अरुषेन्द्र, प्रमोद दुबे, सुरेश पाठक, नीति पांडे तथा हेमलता कुंभारे सहित 16 जिलों के 155 कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सतीश कुमार ने कहा कि आज जब होर्मुज जलडमरूमध्य में बढ़ता भू-राजनीतिक तनाव पूरी दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला को प्रभावित कर रहा है और अंतरराष्ट्रीय बाजार में ऊर्जा संकट की विकट परिस्थितियां निर्मित हो रही हैं, तब भारत के सामान्य नागरिकों के जीवन में स्वदेशी भावना 'मजबूरी नहीं, बल्कि मजबूती' का सशक्त आधार बनकर उभर रही है।



स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वालंबन अभियान के समापन अवसर पर पहुंचे प्रांत महिला कार्य प्रमुख सीमा भारद्वाज के साथ अन्य अतिथि।

### अनावश्यक खरीद पर नियंत्रण का किया आग्रह

उन्होंने कहा कि यदि हम अपने दैनिक जीवन में पांच महत्वपूर्ण बिंदुओं पर व्यवहार परिवर्तन करें, तो राष्ट्र को आत्मनिर्भर बनाने में बड़ा योगदान दे सकते हैं। उन्होंने सोने की अनावश्यक खरीद पर नियंत्रण, स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा, स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता, मितव्ययिता तथा ऊर्जा, जल एवं अन्य राष्ट्रीय संसाधनों के संयमित एवं विवेकपूर्ण उपयोग का आग्रह किया। साथ ही उपस्थित जनसमुदाय, प्रबुद्ध नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं से समाज में जागरण एवं प्रेरणा का वातावरण निर्मित करने की अपील भी की।

### स्वदेशी स्वावलंबन अभियान ऊर्जा बचत का संकल्प दिलाया


स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वालंबन अभियान के समापन अवसर पर बड़ी संख्या में पहुंचे कार्यकर्ता।

**प्रशिक्षणार्थियों ने हरदा विचार वर्ग की व्यवस्थाओं की प्रशंसा की**

मध्य प्रांत के 16 जिलों से आए प्रशिक्षणार्थियों ने हरदा विचार वर्ग की व्यवस्थाओं की प्रशंसा की। आयोजन को सफल बनाने में वर्ग के प्रबंधक रविलाल पटेल, नरेंद्र राठी, विनेश पटेल, ओम पटेल, बनबारीलाल यादव, वल्लभ तोषनीवाल, नरेंद्र भांबू,अरुण मालवीय, योगमाया शर्मा सहित संपूर्ण समिति ने पूर्ण लगन एवं उत्साह से कार्य किया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन डॉ. एल. एन. पाराशर द्वारा किया गया। प्रान्त संयोजक श्रीकांत बुधौलिया ने सभी को नए अभियान स्वदेशी स्वावलंबन अभियान ऊर्जा बचत का संकल्प दिलवाया।

### उपराष्ट्रपति राधाकृष्ण और पीएम मोदी रहे उपस्थित

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 66 विभूतियों को पद्म पुरस्कार से किया सम्मानित

**7** महिलाओं को मिला सम्मान

**9** हस्तियों को मरणोपरांत सम्मान

वर्ष 2026 के लिए कुल 131 पद्म पुरस्कारों को मंजूरी दी गई है, जिनमें 5 पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री शामिल हैं। बाकी पुरस्कार बाद में आयोजित दूसरे समारोह में दिए जाएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में आयोजित वर्ष 2026 के पहले नागरिक अलंकरण समारोह में 66 पद्म पुरस्कार प्रदान किए। समारोह में उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस चरण में 2 पद्म विभूषण, 6 पद्म भूषण और 58 पद्म श्री पुरस्कार दिए गए। वर्ष 2026 के लिए कुल 131 पद्म पुरस्कारों को मंजूरी दी गई है, जिनमें 5 पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री शामिल हैं।

बाकी पुरस्कार बाद में आयोजित दूसरे समारोह में दिए जाएंगे। ये सम्मान कला, विज्ञान, साहित्य, चिकित्सा, खेल, सामाजिक कार्य, लोक सेवा और उद्योग समेत विभिन्न क्षेत्रों में योगदान के लिए दिए जाते हैं।



पुदुच्चेरी के के. पजानिवेल ने पद्म श्री पुरस्कार लेने से पहले पीएम मोदी को प्रणाम कर आशीर्वाद लिया। वे प्राचीन तमिल मार्शल आर्ट सिलंबम निःशुल्क सिखाते हैं।

### धर्मेंद्र को मरणोपरांत मिला पद्म विभूषण



इस बार 5 हस्तियां पद्म विभूषण से सम्मानित की गईं हैं जिनमें से आज दो हस्तियों महाराष्ट्र से कला के क्षेत्र में धर्मेंद्र सिंह देओल (मरणोपरांत) और यूपी से कला में एन राजम को सम्मानित किया गया। धर्मेंद्र की ओर से पत्नी और दिग्गज अभिनेत्री व सांसद हेमा मालिनी ने यह पुरस्कार प्राप्त किया। इस दौरान वे भावुक नजर आईं। बेटी अहाना के आंसू छलक आए।

### 15 में से आज 6 हस्तियां पद्म भूषण से सम्मानित

इस बार 13 हस्तियां पद्म भूषण से सम्मानित की गईं हैं जिनमें से 6 को सोमवार के दिन सम्मानित किया गया है। इनमें महाराष्ट्र से कला के क्षेत्र में पीयूष पांडे (मरणोपरांत), व्यापार और उद्योग में उदय कोटक, उत्तराखंड से लोक सेवा क्षेत्र में भगत सिंह कोश्यारी, कर्नाटक के शतावधानी डॉ. आर गणेश को कला में, लोक सेवा के क्षेत्र में दिल्ली से प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा (मरणोपरांत) और तमिलनाडु से चिकित्सा क्षेत्र में डॉ. कल्लिपट्टी रामासामी पलानीस्वामी को सम्मानित किया गया है।

### कोटक महिंद्रा बैंक के संस्थापक हैं उदय कोटक



भारत के वित्तीय और बैंकिंग क्षेत्र में अपने असाधारण योगदान के लिए कोटक महिंद्रा बैंक के संस्थापक और दिग्गज बैंकर उदय कोटक को 'पद्म भूषण' सम्मान से नवाजा गया है। यह सम्मान न केवल उदय कोटक की व्यक्तिगत व्यावसायिक सफलता को दर्शाता है, बल्कि देश के व्यापार और उद्योग क्षेत्र की मजबूती की भूमिका को मान्यता देता है।

### 6 दशक से निःशुल्क संगीत सीखा रहे कसम



गुजरात के जूनागढ़ के महान लोक संगीतकार मीर हाजी कसम, जिन्हें लोकप्रिय रूप से 'हाजी रामकडू' के नाम से जाना जाता है, को गुजराती पारंपरिक संगीत में उनके असाधारण योगदान, ढोलक वादन में पद्म श्री से सम्मानित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### एथेनॉल आधारित स्वदेशी स्टोव लॉन्च किया



**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने एथेनॉल आधारित स्वदेशी कुकिंग स्टोव टेक्नोलॉजी का अनावरण किया। उन्होंने दावा किया कि इस नए स्टोव पर खाना बनाना कमर्शियल एलपीजी से काफी सस्ता पड़ेगा। इस स्टोव में 7 प्रतिशत एथेनॉल को पानी के साथ मिलाकर उपयुक्त लौ उत्पन्न होगी।

### कांग्रेस पर कभी भरोसा न करें: उदयनिधि



**चेन्नई।** तमिलनाडु में द्रमुक युवा शाखा प्रमुख उदयनिधि स्टालिन ने पार्टी के कार्यकर्ताओं से कांग्रेस पर दोबारा कभी भरोसा न करने को कहा है। उन्होंने कहा कि अपनी पूर्व सहयोगी रही द्रमुक का चुनावी फायदा उठाकर कांग्रेस ने पीठ में छुरा घोंपने का काम किया है। 20 से अधिक साल तक कांग्रेस पार्टी हमारी पीठ पर सवार रही।

### कर्नाटक में सीएम बदलने की तैयारी!



**नई दिल्ली।** कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर जारी अटकलों पर अंतिम फैसला जल्द लिया जा सकता है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार की बैठक के बाद अगले दो से तीन दिनों में स्थिति साफ होने की उम्मीद है। सीएम सिद्धारमैया मंगलवार सुबह 11 बजे दिल्ली में कांग्रेस नेतृत्व से मिलेंगे।

### राजकोट में पलटी बस 2 की मौत, 20 घायल




**राजकोट।** गुजरात के राजकोट जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है, जहां श्रद्धालुओं को ले जा रही एक बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब 20 यात्री घायल हो गए हैं। पुलिस के अनुसार, हादसा अचानक हुआ जब बस चालक ने नियंत्रण खो दिया।

### चौथी बार बढ़े पेट्रोल-डीजल के दाम, भड़के विपक्षी दल

# राहुल के दावे पर भाजपा बोली- एक टूलकिट मॉडल, जो विध्वंसक, अराजक, अपरिपक्व

भारतीय जनता पार्टी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और उसके नेता जनता के बीच नकारात्मकता फैलाकर राजनीतिक लाभ लेना चाहते हैं, लेकिन देश की जनता अब इस राजनीति को समझ चुकी है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी से आम जनता की चिंता बढ़ गई है। पिछले 10 दिनों के भीतर चौथी बार ईंधन के दाम बढ़ाए जाने के बाद परिवहन से लेकर घरेलू बजट तक पर इसका सीधा असर देखने को मिल रहा है। तेल कंपनियों द्वारा की गई इस ताजा बढ़ोतरी के बाद कई शहरों में पेट्रोल और डीजल की कीमतें नए स्तर पर पहुंच गई हैं। लगातार बढ़ती कीमतों के कारण लोगों को रोजमर्रा की जरूरतों पर अधिक खर्च करना पड़ रहा है, जबकि माल ढुलाई महंगी होने से खाद्य पदार्थों और अन्य वस्तुओं की कीमतों में भी बढ़ोतरी की आशंका जताई जा रही है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में फिर वृद्धि होने के बाद सोमवार को आरोप लगाया कि 'महंगाई मानव' पीएम नरेंद्र मोदी चुनाव के समय वादे करते हैं और बाकी समय जनता की जेब पर वार करते हैं। एक साल में मोदी सरकार की विदाई तय है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दावा किया कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में यह बढ़ोतरी मोदी सरकार द्वारा रोजाना की जाने वाली 'डकैती' है और इसका खामियाजा आम लोग भुगत रहे हैं। बता दें, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में सोमवार को एक बार फिर वृद्धि की गयी। पेट्रोल की कीमत 2.61 रुपए प्रति लीटर जबकि डीजल के दाम 2.71 रुपए प्रति लीटर बढ़ाए गए हैं। पिछले दो सप्ताह से भी कम समय में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में यह चौथी बार बढ़ोतरी है।

**कांग्रेस नकारात्मकता से राजनीतिक लाभ लेना चाहती: भाजपा**



राहुल गांधी




गौरव भाटिया

### कांग्रेस देश को भ्रम में डाल रही: भाटिया

भारतीय जनता पार्टी के सांसद और पार्टी प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि राहुल गांधी की राजनीति एक "टूलकिट मॉडल" पर आधारित है, जो विध्वंसक, अराजक, अपरिपक्व और मूर्खतापूर्ण सोच को दर्शाती है। गौरव भाटिया ने कहा कि राहुल गांधी लगातार ऐसे बयान देते हैं जिनसे देश में भ्रम और अस्थिरता का माहौल पैदा करने की कोशिश होती है। उन्होंने कहा कि हाल ही में राहुल गांधी द्वारा यह दावा किया गया कि केंद्र सरकार एक साल के भीतर गिर जाएगी।

### तेल कंपनियों का घाटा कम होकर 600 करोड़ रुपए प्रतिदिन पर

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में चार चरणों में हुई करीब 7.5 रुपए प्रति



लीटर की बढ़ोतरी से सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों का घाटा कम होकर लगभग 600 करोड़ रुपए प्रतिदिन रह गया है। उन्होंने कहा कि 15 मई से शुरू हुए मूल्य संशोधन से पहले पेट्रोल, डीजल और घरेलू रसोई गैस एलपीजी की बिक्री पर तेल कंपनियों को करीब 1,000 करोड़ रुपए प्रतिदिन का घाटा हो रहा था। शर्मा ने कहा कि घाटा अब कम होकर प्रतिदिन 600 करोड़ रुपए से थोड़ा कम रह गया है। घरेलू रसोई गैस एलपीजी रियायती दर पर बेची जाती है और लागत तथा बिक्री मूल्य के बीच का अंतर सरकार वहन करती है।

### जनता पर महंगाई की मार: प्रियंका

शिवसेना यूबीटी नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि चुनाव के बाद लगातार कीमत में बढ़ोतरी



हो रही है। अब जब जनता पर भार पड़ रहा है महंगाई की मार पड़ रही है और कमी चल रही है तो सरकार जनता पर और भार डाल रही है ये दुर्भाग्यपूर्ण हैं और दिखा रहा है कि ये सरकार की नीति और नीयत सिर्फ चुनाव जीतने की है। जनता को दिक्कत हो रही है।

### ईंधन का स्टॉक न करें: फडणवीस

महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों को 'वैश्विक



संकट' करार दिया और लोगों से ईंधन का भंडारण न करने की अपील की। उन्होंने कहा कि दुनिया भर के कई देशों ने पेट्रोल और डीजल से संबंधित आपातकाल घोषित कर दिया है। कुछ जगहों पर तो दो दिनों के लिए लॉकडाउन भी लागू किया गया है।

### सस्ता तेल क्यों नहीं खरीद रहे?: आप संयोजक केजरीवाल



आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पीएम मोदी से सवाल किया कि केंद्र रूस और ईरान से ईंधन क्यों नहीं खरीद रहा? रूस और ईरान हमें सस्ता और पर्याप्त तेल तथा गैस देने को तैयार हैं। देश के लोग बढ़ती महंगाई के कारण परेशान हैं।

### अवैध निर्माण विवाद मामला

# अभिषेक के घर पहुंची पुलिस की रेड, कई उपकरण बरामद



टीएमसी सांसद अभिषेक बेनर्जी

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस के महासचिव, सांसद और ममता बेनर्जी के भतीजे अभिषेक बेनर्जी के घर पुलिस की टीम ने छापामारी की है। पुलिस ने अभिषेक बनर्जी के घर से मॉनिटर समेत कई चीजें जब्त की हैं और उन्हें अपने साथ लेकर चली गई। अभिषेक बेनर्जी का घर 188-ए हरीश मुखर्जी रोड पर स्थित है। सोमवार को कोलकाता पुलिस टीम अभिषेक बेनर्जी के घर पर पहुंची और मॉनिटर समेत कई सामान लेकर चली गई। इस मामले में बताया जा रहा है कि कोलकाता नगर निगम की तरफ से अवैध निर्माण को लेकर नोटिस जारी किया गया था। नोटिस दिए जाने के बाद यह कार्रवाई की गई है। हालांकि, रविवार को अभिषेक बनर्जी ने नगर निगम से अतिरिक्त समय की मांग की थी, जिसके बाद समय सीमा को 10 दिन के लिए बढ़ा दिया गया।

### सुरक्षा उपकरण हटाए

कोलकाता पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी नेकहा कि कानून-व्यवस्था का कोई मुद्दा नहीं है और न ही कोई विशेष अभियान चलाया गया है। यह एक नियमित आधिकारिक प्रक्रिया का हिस्सा था। टीम ने सुरक्षा स्कैनर से जुड़ा एक टीवी मॉनिटर हटा दिया, जिसे पहले टीएमसी नेता के आवास के प्रवेश द्वार पर स्थापित किया गया था। सुरक्षा कारणों से उपकरण वहां रखे गए थे। बाद में यह निर्णय लिया गया कि मशीनें वापस ले ली जाएंगी, क्योंकि वे सरकार की संपत्ति हैं। ये स्कैनर उन स्कैनरों के समान थे, जो आमतौर पर हवाई अड्डों, रेलवे स्टेशनों और बड़े सार्वजनिक या निजी प्रतिष्ठानों में देखे जाते हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि स्कैनिंग मशीनों को पहले ही अधिकारियों द्वारा हटा दिया गया था, क्योंकि यह पता चला था कि ये उपकरण सरकारी संपत्ति थे।

### अवैध विदेशी नागरिकों की संख्या बताएं

टीएमसी सांसद बाबुल सुप्रियो ने राज्य सरकार के उस निर्देश पर सवाल उठाए हैं, जिसमें जिलों को कथित तौर पर अवैध विदेशी नागरिकों के लिए डिटेंशन सेंटर स्थापित करने के लिए कहा गया है। उन्होंने मतदाता सूची से हटाए गए लगभग 27 लाख लोगों के मामले को लेकर टिप्पणी करते हुए कहा कि सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि इनमें से कितने नाम बांग्लादेशी और रोहिंग्या नागरिकों के हैं।

### केरल के सीएम सतीशन का ऐलान

# 'मुनंबम वक्फ भूमि' विवाद में नहीं होगी बेदखली, देंगे जमीन

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

केरल के सीएम वीडी सतीशन ने कहा कि केरल राज्य वक्फ बोर्ड द्वारा मुनंबम की



जमीन को वक्फ संपत्ति के रूप में अधिसूचित करेगा। हमने हमने यह फैसला लिया है कि इन पीड़ितों को उनकी जगहों से बेदखल नहीं किया जाएगा। उनकी रक्षा की जाएगी। उन्हें उनकी भूमि मिलेगी। हम अंत तक इसके लिए लड़ेंगे।

### केलकर की नियुक्ति सांविधानिक

सतीशन ने पूर्व सीईओ रतन यू केलकर को अपना सचिव बनाए जाने के फैसले का पुरजोर समर्थन किया। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले केरल के किसी भी राजनीतिक दल ने केलकर के खिलाफ कोई शिकायत नहीं की थी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी की नियुक्ति एक मानक सांविधानिक प्रक्रिया के तहत होती है। गुरुवायूर श्री कृष्ण मंदिर के दौरे पर भाजपा ने आरोप लगाया।

### मेकेदातु बांध विवाद: विजय सख्त

# अधिकारियों को कानूनी कार्रवाई तेज करने के दिए सीधे निर्देश

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु के सीएम सी. जोसेफ विजय ने कर्नाटक की प्रस्तावित मेकेदातु बांध परियोजना को लेकर



उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में कावेरी जल विवाद से जुड़े सभी कानूनी पहलुओं की विस्तार से समीक्षा की गई। सीएम ने कहा कि तमिलनाडु के अधिकारों की रक्षा और किसानों के हितों को सुरक्षित रखा जाए।

### अन्नाद्रमुक के 3 बागी विधायकों का इस्तीफा

अन्नाद्रमुक तीन बागी विधायकों मदुरंतकम से मरगाथम कुमारवेल, धारापुरम से सत्यभामा और पेरुंदुरई से जयकुमार ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इन्होंने तमिलनाडु विधानसभा अध्यक्ष जेसीडी प्रभाकर से मुलाकात की और उन्हें अपना इस्तीफा सौंपा जो मंजूर कर लिया गया। संभावना है कि ये तीनों सीएम सी जोसेफ विजय की पार्टी टीवीके में शामिल हो सकते हैं।

### सेवारत कर्मियों पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों को होगा लाभ

# आधुनिक रेडियोथेरेपी तकनीक से होगा कैंसर का बेहतर इलाज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली स्थित सेना के अस्पताल (रिसर्च एंड रेफरल) में प्राणघातक बीमारी कैंसर का इलाज आधुनिक रेडियोथेरेपी तकनीक ('रिंग गैन्ट्री आधारित लीनियर एक्सीलेटर') से किया जा सकेगा। सेवारत सैन्यकर्मियों के अलावा इसका फायदा पूर्व सैनिकों और उनके परिवारजनों को भी मिलेगा। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने सोमवार को इस तकनीक का उद्घाटन किया है। अस्पताल में आंतरिक उपचार क्षमता में भी वृद्धि होने की संभावना है।



राजेश कुमार सिंह

### ट्यूमर तक सही विकिरण पहुंचेगा

यह तकनीक अस्पताल की कैंसर देखभाल सेवाओं को और अधिक मजबूत करेगी और इससे जरूरतमंदों तक उन्नत रेडियोथेरेपी तक पहुंच में सुधार होगा। यह तकनीक रोगी के ट्यूमर कोशिकाओं तक सटीक विकिरण पहुंचाने में मदद करती है और आसपास के ऊतकों पर विकिरण प्रभाव कम करती है।

### कैंसर की कई थेरेपी में मददगार

सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा के तहत लीनियर एक्सेलेरेटर की खरीद पहले के मुकाबले एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस लीनियर एक्सेलेरेटर वॉल्यूमेट्रिक मॉड्यूलेटेड आर्क थेरेपी की मदद से कैंसर के रोगियों की इंटेंसिटी मॉड्यूलेटेड रेडिएशन थेरेपी, इमेज गाइडेड रेडिएशन थेरेपी, स्टीरियोटैक्टिक बॉडी रेडिएशन थेरेपी और स्टीरियोटैक्टिक रेडियोसर्जरी के अलावा आधुनिक रेडियोथेरेपी तकनीकों को प्रदान करने में सक्षम है।

### सुप्रीम कोर्ट में कॉकरोच जनता पार्टी के खिलाफ जनहित याचिका

# सीजेआई बोले- उचित समय आने पर करेंगे सुनवाई, अभी इसकी जरूरत नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने सोमवार को एक याचिकाकर्ता से कहा कि वह 'कॉकरोच जनता पार्टी' (सीजेपी) के मुद्दे को इतना भावनात्मक तरीके से न लें। दरअसल, कॉकरोच जनता पार्टी के मामले में जनहित याचिका दायर करते हुए एक वकील ने अदालत से जल्द सुनवाई की मांग की थी। वकील की इस दलील पर सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि इसे इतने भावनात्मक तरीके से मत लीजिए। सीजेआई ने कहा कि ऐसी कोई गंभीर तात्कालिकता नहीं है और सर्वोच्च न्यायालय उचित समय पर इसकी नियमानुसार सुनवाई करेगा।



### सीबीआई जांच की मांग की

जनहित याचिका में निर्देश देने की मांग की गई है कि अदालत में होने वाली बातचीत का इस्तेमाल व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए न किया जाए और फर्जी वकीलों की डिग्रियों के मामले में सीबीआई जांच की जाए। जनहित याचिका में व्यंग्यात्मक ऑनलाइन अभियान कॉकरोच जनता पार्टी से जुड़ी गतिविधियों की सीबीआई जांच की मांग की गई है।

### यह युवाओं की नाराजगी की आवाज: टीडीपी

एनडीए सहयोगी टीडीपी ने के आंध्र प्रदेश अध्यक्ष पल्ला श्रीनिवास राव ने कहा कि सीजेपी को केवल राजनीतिक नजरिए से नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि इसे देश के युवाओं की निराशा और भावनाओं के रूप में समझने की जरूरत है।

### नीट-यूजी परीक्षा को लेकर प्रधान ने लिखा सभी सीएम को पत्र कहा

# प्रत्येक परीक्षा केंद्र में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें

## अगले महीने 21 जून को फिर से होगी परीक्षा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पेपर लीक के बाद एक बार फिर से अगले महीने 21 जून को होने वाली नीट-यूजी की परीक्षा को लेकर केंद्र सरकार कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ना चाहती है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों, उप-राज्यपालों और प्रशासकों को पत्र लिखकर परीक्षा के सुरक्षित ढंग से निष्पक्ष और सफल संचालन के लिए सहयोग प्रदान करने के लिए आग्रह किया है। जिसमें हर परीक्षा केंद्र पर छात्रों के लिए परिवहन, पीने के पानी, बैठने की पर्याप्त व्यवस्था, चालू पंखे, कूलर, साफ शौचालय, छायादार प्रतीक्षा क्षेत्र, बिजली की निर्बाध आपूर्ति सहित अन्य व्यवस्थाओं को बनाए रखने को कहा है।



केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान

### पेपर लीक के चलते रद्द की गई थी परीक्षा

मंत्रालय ने बताया कि नीट-यूजी की फिर से परीक्षा कराने के पीछे की वजह 3 मई को पेपर लीक के मामले का सामना आना है। सरकार ने आंतरिक स्तर पर विस्तृत जांच की, जिसमें लीक के दावे को सही पाया गया और उसके बाद 12 मई को केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के साथ विचार-विमर्श करने के लिए राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने इस परीक्षा को रद्द कर आगामी वक्त में नई तारीख के साथ कराने का ऐलान किया।

**पिछली बार 5 हजार से अधिक परीक्षा केंद्र थे**

अनुमानित आंकड़ों के हिसाब से इस बार 3 मई को हुई इस परीक्षा में कुल करीब 22.5 लाख से ज्यादा छात्रों ने भाग लिया था। परीक्षा देश के 551 शहरों में बनाए गए 5 हजार से अधिक केंद्रों पर आयोजित की गई थी।

### छात्रों का हित प्राथमिकता

केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने अपने पत्र में परीक्षा संचालित करने वाले जिला अधिकारियों, सभी स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों तथा अन्य संस्थानों को उम्मीदवारों की सुविधा के लिए जरूरी बुनियादी सुविधाएं बनाए रखने के लिए कहा है। उन्होंने छात्रों के हितों और कल्याण को एक बार फिर से सरकार की प्राथमिकता बताते हुए कहा कि 21 जून को रविवार के दिन परीक्षा होने की वजह से अभ्यर्थियों के लिए पर्याप्त परिवहन सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। साथ ही विश्वास जताते हुए कहा कि सभी प्रदेश नीट-यूजी 2026 की पुनर्परीक्षा के सुचारू, पारदर्शी और निष्पक्ष रूप से संचालन में पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे।



▶▶डायना बेंच पर फोटो खिंचवाई, 41 डिग्री के तापमान में 45 मिनट ताजमहल परिसर में बिताए

▶▶विदेश मंत्री मार्क रूबियो और उनकी पत्नी जेनेट सुबह 10 बजे विशेष विमान से आगरा पहुंचे

▶▶तीन दिवसीय भारत दौरे पर आए रूबियो जयपुर के आमेर महल भी पहुंचे

▶▶60 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने भारतीय संस्कृति और परंपराओं की जमकर तारीफ की

# अमेरिकी विदेश मंत्री ने ताज महल देखते ही पूछा- इसे कितने लोगों ने बनवाया, पत्नी ने कहा-अबकी बार बच्चों को लेकर आऊंगी

एजेंसी ▶▶ आगरा

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने पत्नी जेनेट रूबियो के साथ सोमवार को ताजमहल देखा। दोनों ने डायना बेंच पर बैठकर फोटो खिंचवाए। 41 डिग्री तापमान में मार्को और जेनेट 45 मिनट तक ताजमहल परिसर में घूमे। जेनेट ने ताज को देखकर कहा- बेहद खूबसूरत। गाइड नितिन सिंह से दोनों ने ताजमहल की नक्काशी के बारे में जानकारी ली और कई सवाल पूछे। नितिन के मुताबिक मार्को और जेनेट बहुत खुश थे। ताजमहल की खूबसूरती और आर्किटेक्चर से काफी प्रभावित हुए। उन्होंने बताया- मार्को ने पूछा कि ताजमहल को बनाने में कितने लोग लगे थे। जेनेट इतनी खुश हुईं कि उन्होंने कहा- अगली बार बच्चों को साथ लेकर आऊंगी। तब सूर्योदय के वक्त ताज के नजारे का आनंद लूंगी। बता दें कि मार्को और जेनेट के चार बच्चे हैं- 2 बेटियां डैनिएला और अमांडा, बेटे एंथनी और डोमिनिक। इससे पहले, मार्को काले कोट-पैंट में, जबकि जेनेट गाउन में काला चश्मा लगाकर ताजमहल पहुंचे। दोनों 60 लोगों के प्रतिनिधिमंडल के साथ सुबह 10 बजे आगरा पहुंचे। एयरपोर्ट पर कमिश्नर दीपक कुमार और डीएम मनीष बंसल ने उनको रिसीव किया। यहां से सीधे ताजमहल पहुंचे और गोल्फ कार्ट से परिसर के भीतर गए। ताजमहल देखने के बाद मार्को रूबियो प्रतिनिधिमंडल के साथ होटल अमर विलास पहुंचे। यहां लंच के बाद वे दोपहर 12:48 बजे खेरिया एयरपोर्ट से विशेष विमान से जयपुर रवाना हो गए। मार्को के दौरे को देखते हुए ताजमहल में बैरिकेडिंग की गई और अंदर मौजूद पर्यटकों को कुछ समय के लिए बाहर कर दिया गया था।


ईवी वाहन का किया उपयोग


आमेर फोर्ट की बालकनी में मार्को

### गुलाबी नगरी पहुंचे विदेशी महमान कहा- 'हैव फन'

*अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो भी अपनी पत्नी जेनेट डी. रूबियो और अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर के साथ गुलाबी नगरी पहुंचे हैं। उन्होंने यहां आमेर महल की खूबसूरती को निहारा। जयपुर एयरपोर्ट पर विशेष विमान से उतरने के बाद अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को बेहद उत्साहित नजर आए। उन्होंने जयपुर की मीडिया के सामने 'हैव फन' कहकर खुशी जाहिर की। दोपहर करीब डेढ़ बजे आगरा से विशेष विमान की ओर से जयपुर एयरपोर्ट पहुंचने ।*

### ऐतिहासिक महल में 20 मिनट

*अमेरिकी विदेश मंत्री ने आमेर महल में करीब 20 मिनट का समय बिताया। जयपुर के स्थानीय गाइड महेश कुमार शर्मा ने उन्हें महल के ऐतिहासिक और वास्तुकला के महत्व से रूबरू कराया।*


डायना बेंच पर पत्नी के साथ रूबियो

## खबर संक्षेप

### बांग्लादेश में ट्रक पलटने से 15 की मौत, 10 घायल

**ढाका।** मध्य बांग्लादेश के तंगेल जिले में सोमवार तड़के एक भीषण सड़क हादसे में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, लोहे की छड़ों और यात्रियों से भरी एक लॉरी (ट्रक) जमुना पुल के पूर्वी हिस्से में अनियंत्रित होकर पलट गई। यह हादसा ईद-अल-अजहा की छुट्टियों के दौरान हुआ, जब लोग त्योहार मनाने अपने पैतृक घर जा रहे थे। सभी घायलों को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। फिलहाल मृतकों की पहचान की कोशिशें जारी हैं।



### पहले कनाडा में कैफ पर अब कपिल के घर हुई फायरिंग

**अमृतसर।** कॉमेडियन-एक्टर कपिल शर्मा के अमृतसर स्थित घर के बाहर सोमवार को फायरिंग होने की खबर आई। इससे पहले कनाडा में उनके कैफे पर भी फायरिंग होने की खबरें आई थी।कपिल के परिवार से जुड़े सूत्रों ने दावा किया कि हमलावर बाइक पर आए और 2 राउंड फायरिंग करके भाग गए। अभी तक हमले की जिम्मेदारी किसी ने नहीं ली है। एसीपी कमलजीत सिंह औलख ने कहा- गोली चलने की पुष्टि नहीं हुई है। अमृतसर के पॉश इलाके हॉली सिटी में कपिल शर्मा का घर है। इलाके को सील कर दिया।



### नेपाल के पूर्व पीएम देउबा की गिरफ्तारी पर रोक

**काठमांडु।** नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा और उनकी पत्नी आरजू राणा देउबा को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बड़ी राहत मिली है। नेपाल के सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक अंतरिम आदेश जारी करते हुए इस दंपति की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी। जस्टिस महेश शर्मा पौडेल और नित्यानंद पांडे की बेंच ने इस मामले में सुनवाई करते हुए काठमांडू जिला अदालत द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट पर सवाल उठाए। अदालत ने कहा कि देउबा दंपति के खिलाफ वारंट जारी करते समय उचित प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया था।



## आज क्वाड की बैठक से पहले हुई मुलाकात के बड़े मायने

# अमेरिकी विदेश मंत्री रूबियो और एनएसए डोभाल की मुलाकात, चीन पर कसावट की बड़ी तैयारी

*क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक से ठीक पहले भारत और अमेरिकी रक्षा सलाहकारों की बैठक हुई है। यह बैठक इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में आपसी तालमेल के लिए तो जरूरी है ही, चीन-पाकिस्तान गठजोड़ तोड़ने के लिए भी अहम है।*

रुबियो-डोभाल की बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर हुई चर्चा

इंडो-पैसिफिक को किसी दबदबे से मुक्त रखने की हुई पहल


रूबियों और डोभाल आत्मीयता से मिले


बैठक के लिए जाते हुए दोनों दिग्गज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए भारत यात्रा पर आए हैं। यह बैठक मंगलवार को नई दिल्ली में होने वाली है। इससे पहले रुबियो ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ भी द्विपक्षीय बैठक की। यह बैठक इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि मार्को रुबियो इस समय अमेरिका के एनएसए की भी जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। मार्को रुबियो और अजीत डोभाल के बीच रविवार को हुई द्विपक्षीय बैठक के बारे में विदेश मंत्रालय ने जानकारी दी कि यह चर्चा डिफेंस, सिक्योरिटी और स्ट्रैटजिक टेक्नोलॉजी से जुड़े सहयोग पर आधारित थी, जिसमें ट्रस्ट पहल भी शामिल है। विदेश मंत्रालय के अनुसार आपसी चर्चा के दौरान दोनों एनएसए ने द्विपक्षीय व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को प्राथमिकता दिए जाने पर जोर दिया। अगर मौजूदा जियोपॉलिटिक्स और क्वाड विदेश मंत्रियों की होने वाली बैठक की संभावनाओं के हिसाब से देखें तो अमेरिका और भारत के बीच यह चर्चा चीन की विस्तारवादी नीतियों पर नजर रखने की एक बड़ी पहल साबित हो सकती है। इंडो-पैसिफिक मैरीटाइम रीजन को सुरक्षित रखने में भारत और अमेरिका का साझा हित तो जुड़ा ही है, जापान और ऑस्ट्रेलिया का भी हित इसमें शामिल है। चीन जिस तरह से क्षेत्र में अपना दबदबा बढ़ाने की लागातर कोशिशें कर रहा है, उसको लेकर भारत और अमेरिका ही नहीं, क्वाड के अन्य दोनों सदस्य देश जापान और ऑस्ट्रेलिया भी चिंतित हैं। भारत और अमेरिका के बीच इस क्षेत्र में रणनीतिक साझेदारी से हिंद महासागर ही नहीं, दक्षिण चीन सागर क्षेत्र में भी मुक्त, खुला और निर्बाध व्यापार सुनिश्चित हो सकता है।

### दोनों एनएसए के अनुभवों का क्वाड को मिलेगा लाभ

*क्वाड के विदेश मंत्रियों की बैठक से पहले भारत और अमेरिका के शीर्ष सुरक्षा नेतृत्वों के बीच हुई यह बैठक पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन से मिल रही सुरक्षा चुनौतियों के लिए खास है। इससे क्वाड बैठक से पहले इस मसले पर चारों देशों के सामने आपसी सुरक्षा चर्चा को एक ठोस आधार मिल गया है। क्योंकि, मार्को रुबियो और अजीत डोभाल दोनों ही अपने क्षेत्र के सुरक्षा एक्सपर्ट हैं और इनके अनुभव का लाभ समुद्री सुरक्षा के क्षेत्र में सभी क्वाड देशों को मिल सकता है।*

### चीन-पाकिस्तान के नापाक गठजोड़ तोड़ने के लिए जरूरी

*मार्को रुबियो के साथ अजीत डोभाल की हुई द्विपक्षीय मुलाकात से पाकिस्तान को भी मिर्ची लगनी तय है। हाल ही में चीन की ओर से आधिकारिक तौर पर ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान को सक्रिय सपोर्ट करने की पोल खुल चुकी है। सीमा-पार मौजूद आतंकी नेटवर्क और उसे संरक्षण देने में चीन-पाकिस्तान के इस गठजोड़ को तोड़ने में अब भारत और अमेरिका के बीच इंटेलिजेंस साझा करने में सहयोग का दायरा बढ़ने की संभावना भी बढ़ गई है।*

### अंतरराष्ट्रीय कानून और खुले समाज पर जोर

*क्वाड के मिशन को साफ करते हुए जयशंकर ने कहा कि यह समूह नियम-आधारित व्यवस्था को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हम सभी बाजार अर्थव्यवस्थाएं और खुले समाज हैं। हम चाहते हैं कि व्यापार और जीवन अंतरराष्ट्रीय कानून और बाजार प्रथाओं के आधार पर चले। इसलिए, विशेष रूप से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में, क्वाड देशों का सहयोग बेहद जरूरी है और दो दिन बाद मंच पर आपको यही एकजुटता देखने को मिलेगी।*

## बीकानेर, भुज, त्रिपुरा और बंगाल में सुरक्षा समीक्षा बैठकों के साथ जवानों से करेंगे संवाद

# सीमा सुरक्षा पर अमित शाह का बड़ा अभियान, राजस्थान से बंगाल तक बॉर्डर इलाकों का करेंगे दौरा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह आने वाले दिनों में देश के विभिन्न सीमावर्ती क्षेत्रों का व्यापक दौरा करेंगे। इस दौरान वे सीमा सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करने के साथ-साथ सीमा पर तैनात सुरक्षा बलों के जवानों से संवाद करेंगे और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का उद्घाटन भी करेंगे। सूत्रों के अनुसार, अमित शाह का यह दौरा राजस्थान, गुजरात, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल के संवेदनशील बॉर्डर क्षेत्रों पर केंद्रित रहेगा।

### बीकानेर पहुंचें अमित शाह

गृह मंत्री 25 मई की रात राजस्थान के बीकानेर पहुंचें। इसके बाद 26 मई की सुबह करीब 10 बजे वे भारत-पाकिस्तान सीमा पर स्थित बीएसएफ की सांचू सीमा चौकी का दौरा करेंगे। शाह सीमा सुरक्षा बल के जवानों से मुलाकात करेंगे, तथा सुरक्षा बलों के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का उद्घाटन भी करेंगे। जवानों का मनोबल बढ़ाने के साथ-साथ सीमा क्षेत्रों में आधुनिक सुरक्षा संसाधनों और तकनीकी व्यवस्थाओं की भी समीक्षा करेंगे।



### दोपहर में होगी उच्चस्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक

सांचू चौकी के दौरे के बाद अमित शाह दोपहर करीब 2 बजे बीकानेर में एक उच्चस्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक करेंगे। इस बैठक में गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी, राजस्थान सरकार के प्रतिनिधि, बीएसएफ अधिकारी, तथा राजस्थान के पांच सीमावर्ती जिलों के जिला अधिकारी और पुलिस अधीक्षक शामिल होंगे। बैठक में सीमा पार गतिविधियों, तस्करी, घुसपैठ, ड्रोन मूवमेंट, सुरक्षा समन्वय और सीमावर्ती क्षेत्रों में आधारभूत ढांचे को लेकर विस्तृत चर्चा होने की संभावना है।

### 29 मई को गुजरात के भुज जाएंगे

राजस्थान दौरे के बाद गृह मंत्री 29 मई को गुजरात के भुज का दौरा करेंगे। यहां भी वे बीएसएफ की सीमा चौकियों का निरीक्षण करेंगे और जवानों से संवाद करेंगे। बताया जा रहा है कि अमित शाह कच्छ क्षेत्र के रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हरामीनाला इलाके का भी दौरा करेंगे। हरामीनाला क्षेत्र सुरक्षा और निगरानी की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील माना जाता है।

### जून में त्रिपुरा और बंगाल का दौरा

इसके बाद गृह मंत्री अगले माह 5 जून को त्रिपुरा के सीमावर्ती क्षेत्रों का दौरा करेंगे। इस दौरान बांग्लादेश सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था, अवैध घुसपैठ और सीमा प्रबंधन की समीक्षा की जाएगी। सूत्रों के मुताबिक, अमित शाह जून के मध्य यानी लगभग 15 जून के आसपास पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती क्षेत्रों का भी दौरा करेंगे। वहां भी वे सीमा सुरक्षा से जुड़े अधिकारियों के साथ बैठकें करेंगे और जमीनी हालात का आकलन करेंगे। गृह मंत्री का यह व्यापक दौरा ऐसे समय हो रहा है जब केंद्र सरकार सीमा सुरक्षा को लेकर लगातार सक्रिय रणनीति पर काम कर रही है।

## हवा में नेविगेशन सिस्टम फेल

# पुतिन के इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर से अंधा हुआ ब्रिटिश रक्षा मंत्री का विमान

एजेंसी ▶▶ लंदन

रूस और ब्रिटेन के बीच जारी कूटनीतिक तनाव के बीच एक बेहद गंभीर घटना सामने आई है। ब्रिटिश मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रूस ने ब्रिटेन के रक्षा मंत्री जॉन हीली के विमान (आरएएफ जेट) का नेविगेशन सिस्टम इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर के जरिए जाम कर दिया। यह घटना उस समय घटी जब ब्रिटिश रक्षा मंत्री एस्टोनिया में तैनात नाटो सैनिकों से मुलाकात कर स्वदेश लौट रहे थे। रूसी सीमा के निकट उड़ान भरते समय अचानक विमान का सैटेलाइट सिग्नल और इंटरनेट नेटवर्क पूरी तरह ठप हो गया। बताया जा रहा है कि रूस की इस इलेक्ट्रॉनिक जैमिंग के कारण विमान का जीपीएस सिस्टम लगभग तीन घंटों तक अंधा रहा, जिससे आसमान में ही हड़कंप मच गया। आपातकालीन स्थिति को संभालते हुए पायलटों को तुरंत वैकल्पिक बैकअप नेविगेशन सिस्टम का सहारा लेना पड़ा, जिसके बाद विमान सुरक्षित रूप से लैंड हो सका।



## 6 हजार डॉलर देने होंगे जुर्माने में

# अवैध प्रवासियों को शरण देने के मामले में भारतीय नागरिक पर आरोप तय

एजेंसी ▶▶ सिंगापुर

सिंगापुर में आव्रजन कानूनों का उल्लंघन करने वाले 13 भारतीय नागरिकों को अवैध रूप से अपने फ्लैट में शरण देने और रोजगार मुहैया कराने के मामले में एक 26 वर्षीय भारतीय नागरिक कनोजिया रिकेन के खिलाफ अदालत में आरोप तय किए गए हैं। आव्रजन एवं जांच चौकी प्राधिकरण (आईसीए) द्वारा जारी बयान के अनुसार, रिकेन ने बिना वैध दस्तावेजों की जांच किए इन लोगों को दिसंबर 2025 से मार्च 2026 के बीच अपने फ्लैट में ठहराया था। गत 3 मार्च को मारें गए छापे में पकड़े गए इन सभी 13 प्रवासियों (11 पुरुष और 2 महिलाएं) के यात्रा पास की अवधि समाप्त हो चुकी थी। इसी मामले में लापरवाही बरतने और अवैध रूप से काम पर रखने के आरोप में दो स्थानीय सिंगापुरी नागरिकों-चीनी मूल के सोंग यी दा (37) और भारतीय मूल की सुबा प्रियदर्शिनी पर भी कानूनी कार्रवाई की गई है। सोंग पर बिना वर्क परमिट के एक भारतीय नागरिक राजप्पा राजू (39) को काम पर रखने का आरोप है।



## युद्ध को समाप्त करने पर कोई बात नहीं हुई

# समझौते में देरी पर भड़के ईरान ने कहा अमेरिका बार-बार बदल रहा अपना रुख

अभी न्यूक्लियर मुद्दे से जुड़ी बारीकियों पर कोई बातचीत नहीं हुई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईरान ने सोमवार को अमेरिका की ओर से शांति वार्ता में हो रहे बदलावों की कड़ी आलोचना की। ईरान ने कहा कि शांति वार्ता जारी होने के बावजूद इस तरह के बदलावों से बातचीत और भी मुश्किलें पैदा करती हैं। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघई ने समझौते में देरी लगने पर अमेरिका की आलोचना भी की। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने इस बात की पुष्टि की कि अभी दोनों पक्ष कई विषयों पर किसी निष्कर्ष पर पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा, यह सही है कि हम चर्चा के अधिकांश विषयों पर किसी निष्कर्ष पर पहुंच गए हैं, लेकिन यह कहना कि इसका मतलब जल्द ही किसी समझौते पर हस्ताक्षर होना है- ऐसा दावा कोई नहीं कर सकता। अमेरिकी अधिकारियों के रुख में बार-बार होने वाले बदलाव हर बातचीत को जटिल बना देते हैं। ईरान की अर्ध सरकार समाचार एजेंसी आईएसएनए की रिपोर्ट के मुताबिक, इस्माइल बाघई ने कहा कि अभी चल रही बात मुख्य रूप से युद्ध को समाप्त करने को लेकर हैं और अभी न्यूक्लियर मुद्दे से जुड़ी बारीकियों पर कोई बातचीत नहीं हुई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, बातचीत का मुख्य केंद्र युद्ध को समाप्त करना है, और इस चरण पर, हम परमाणु मुद्दे की बारीकियों पर चर्चा नहीं कर रहे हैं। इससे पहले सोमवार को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि ईरान और अमेरिका के बीच शांति समझौता कराने पर बात हो रही है और उन्होंने भरोसा दिलाया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कोई बुरा समझौता नहीं करेंगे। ईरान से जुड़े सवाल पूछे जाने पर मार्को रूबियो ने कहा, हम अभी भी इस पर काम कर रहे हैं।



## हरियाणा के परिवार का ब्रिटेन में जलवा

# सिर्फ 23 की उम्र में बेटा बना मेयर एक हफ्ते बाद मां ने भी रचा इतिहास

सोनीपत जिले का रोहना गांव के हैं मां-बेटा

एजेंसी ▶▶ लंदन

हरियाणा से यूके पहुंचे एक भारतीय परिवार की कहानी दुनियाभर में चर्चा का विषय बन गई है। 23 वर्षीय तुषार कुमार ब्रिटेन में भारतीय मूल के सबसे युवा मेयर बने हैं जबकि उनकी मां परवीन रानी भी मेयर चुनी गई हैं। परिवार ने इसे गर्व का क्षण बताया है। तुषार कुमार ने 13 मई को एल्स्ट्री और बोरेहमवुड टाउन काउंसिल के मेयर के रूप में पदभार संभाला। इसके साथ ही वह ब्रिटेन में भारतीय मूल के सबसे युवा मेयर बन गए। एक सप्ताह बाद उनकी मां परवीन रानी को हर्ट्समीयर बरो काउंसिल का मेयर चुना गया। यह परिवार 2013 में हरियाणा से यूनाइटेड किंगडम चला गया था। सुनील दहिया ने कहा कि उस समय उनके पास कोई स्पष्ट योजना नहीं थी। उन्होंने कहा, जब हम 2013 में यूके आए थे, तब हमारे मन में कोई खास योजना नहीं थी उस समय तुषार सिर्फ 10 साल का था। उन्होंने कहा कि यह बहुत गर्व की बात है कि अब मां और बेटा दोनों मेयर पद पर हैं। तुषार कुमार ने कम उम्र में ही सार्वजनिक जीवन में कदम रख दिया था। लंदन में पढ़ाई के दौरान 20 साल की उम्र में वह काउंसलर चुने गए थे और बाद में डिप्टी मेयर रहने के बाद अब मेयर बने हैं। उनके पिता ने कहा कि तुषार का मानना है कि सार्वजनिक या सामाजिक सेवा में शामिल होने के लिए उम्र कभी बाधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि तुषार और उनकी मां परवीन रानी दोनों सामाजिक कामों में सक्रिय रहे हैं।


तुषार अपनी मां के साथ

## स्वीडन में चुनावी मुद्दा बन गई घटती जनसंख्या

# दुनिया में सबसे ज्यादा खुशहाल देश का अजीब चुनावी वादा, तुम हमें वोट दो, हम तुम्हें बच्चे देंगे

अगर सत्तारूढ़ पार्टी की सरकार फिर आई, तो वे कपल्स को बच्चा पैदा करने के लिए मदद देंगे

हाल ही में स्वीडन के इलेक्शन कैंपेन से जुड़ी खबर डराती भी है और चौंकाती भी है


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में जनसंख्या बढ़ना समस्या है और परिवार नियोजन एक बड़ी डिबेट बनी हुई है। ये उपाय ढूंढे जा रहे हैं कि कैसे जनसंख्या को कम किया जाए। हालांकि चुनावी मुद्दे अब भी ये विषय शामिल नहीं है लेकिन एक ऐसा भी देश है, जहां चुनाव में लोगों से वादे किए जा रहे हैं कि अगर उनकी सरकार आई, तो लोगों के परिवार बढ़ाकर ही मानेंगे। जब तक उनके घर में किलकारी नहीं गूंजती, इस प्रयास का सारा खर्चा सरकार उठाएगी। आप सोच रहे होंगे कि भला ऐसा कौन करता है, तो आपको बता दें कि दुनिया के सबसे खुशहाल देश में ये चुनावी वादे हो रहे हैं। दुनिया के सबसे खुशहाल देशों में शामिल स्वीडन इस समय एक बड़ी समस्या से जूझ रहा है। देश में लगातार गिरती जन्मदर ने सरकार की चिंता बढ़ा दी है। हालात इतने गंभीर हो गए हैं कि प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टेर्सन ने आने वाले आम चुनाव में मुद्दा सड़क, बिजली, पानी या भत्ते नहीं हैं बल्कि आईवीएफ यानी इन विट्रो फर्टिलाइजेशन बना हुआ है। स्वीडन सरकार ने हाल ही में पहली बार माता-पिता बनने की कोशिश कर रहे लोगों के लिए सरकारी सहायता बढ़ाने का फैसला लिया है। पहले सरकार आईवीएफ के तीन प्रयासों का खर्च उठाती थी, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 6 कर दिया गया है। प्रधानमंत्री क्रिस्टर्सन ने कहा है कि अगर उनकी मॉडरेट पार्टी सितंबर में होने वाले चुनाव में फिर सत्ता में आती है।


चुनावी प्रचार

### घटती जन्मदर की बड़ी समस्या

*ब्रिटिश अखबार द गार्डियन के मुताबिक प्रधानमंत्री क्रिस्टर्सन ने एक पॉडकास्ट इंटरव्यू में कहा कि यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि हो सकता है कि कुछ लोग बच्चे नहीं चाहते हों, लेकिन मुझे पूरा भरोसा है कि बहुत से लोग ऐसे हैं जो बच्चे चाहते हैं, लेकिन किसी कारण से माता-पिता नहीं बन पा रहे हैं। ऐसे में नए नियमों के तहत पहले बच्चे के लिए छह बार मुफ्त आईवीएफ सुविधा मिलेगी. हालांकि अभी अतिरिक्त बच्चों के लिए यह सुविधा लागू नहीं हुई है। स्वीडन में एक बार आईवीएफ कराने की लागत लगभग 50 हजार स्वीडिश क्रोनर होती है। क्रिस्टर्सन ने कहा कि कई परिवार एक बच्चे के बाद दूसरे बच्चे की भी इच्छा रखते हैं, ताकि उनके बच्चे का भाई या बहन हो सके। हालांकि उन्होंने यह भी साफ किया कि सरकार यह तय नहीं करना चाहती कि किसी परिवार में कितने बच्चे होने चाहिए, क्योंकि यह पूरी तरह निजी फैसला है।*





# जोकोविच रिकॉर्ड 22वीं बार खेल रहे हैं फ्रेंच ओपन, पहुंचे दूसरे दौर में

एजेंसी ▶▶| पेरिस

फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दिन कुछ उम्रदराज खिलाड़ियों ने अपना जलवा दिखाया, जिनमें नोवाक जोकोविच प्रमुख थे, जिन्होंने एक बार फिर साबित कर दिया कि 39 वर्ष की उम्र में भी वह अपने युवा प्रतिद्वंद्वियों पर भारी पड़ सकते हैं।

**दो घंटे 51 मिनट तक चले मैच में पेरीकार्ड को हराया**

जोकोविच को पहले दौर में न सिर्फ अपने से लगभग आधी उम्र के स्थानीय खिलाड़ी का सामना करना पड़ रहा था बल्कि उन्हें दर्शकों का भी समर्थन नहीं मिल रहा था। जोकोविच ने अपने रिकॉर्ड 82वें ग्रैंड स्लैम में फ्रांस के 22 वर्षीय खिलाड़ी जियोवानी म्पेटशी पेरिकार्ड से पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके दो घंटे 51 मिनट तक चले मैच में 5-7, 7-5, 6-1, 6-4 से जीत हासिल की।

### फेडरर और फेलिसियानो लोपेज को पीछे छोड़ा

अपने 39वें जन्मदिन के ठीक दो दिन बाद कोर्ट पर कदम रखते ही जोकोविच ने पुरुषों में सबसे अधिक ग्रैंड स्लैम खेलने का रिकॉर्ड बना दिया। उन्होंने रोजर फेडरर और फेलिसियानो लोपेज को पीछे छोड़ा। जोकोविच ने उन 82 ग्रैंड स्लैम में से रिकॉर्ड 24 जीते हैं। जोकोविच रिकॉर्ड 22वीं बार फ्रेंच ओपन के पुरुष एकल में खेल रहे हैं। इस तरह से उन्होंने फ्रांसीसी खिलाड़ी रिचर्ड गैस्केट और एंटोनी जेंटियन की बराबरी कर ली है। वह यहां पिछले 20 टूर्नामेंट में से 19 में कम से कम क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे हैं। उन्होंने 2016, 2021 और 2023 में फ्रेंच ओपन का खिताब जीता।

# बसवरेड्डी ने किया उलटफेर, सातवीं वरीयता प्राप्त फ्रिट्ज को दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| पेरिस



भारतीय मूल के टेनिस खिलाड़ी निशेष बसवरेड्डी ने फ्रेंच ओपन में पहला बड़ा उलटफेर करते हुए पहले दौर में सातवीं वरीयता प्राप्त अमेरिका के खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज को हराया।

वाइल्डकार्ड से प्रवेश पाने वाले और अब अमेरिकी नागरिक बन चुके बसवरेड्डी ने दो घंटे 45 मिनट के कड़े मुकाबले में विश्व नंबर 9 फ्रिट्ज को 7-6(5), 7-6(5), 6-7(9), 6-1 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। इक्कीस वर्षीय बसवरेड्डी के माता-पिता 1999 में आंध्र प्रदेश के नेल्लोर से अमेरिका चले गए थे। वह साल 2000 के बाद इस ग्रैंड स्लैम में शीर्ष 10 रैंकिंग वाले खिलाड़ी को हराने वाले अमेरिका के पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे पहले 2000 में यान-माइकल गैम्बिल ने 2000 में तत्कालीन विश्व नंबर 8 निकोलस कीफर शिकस्त दी थी।



ऑरेंज कैप
साई सुदर्शन
638 रन
गुजरात

पर्पल कैप
भुवनेश्वर कुमार
24 विकेट
बेंगलुरु

## खबर संक्षेप



### सौडल ओपनः 63वें स्थान पर रहे संधू

**रिंकवेन ।** भारतीय गोल्फर युवराज संधू को सौडल ओपन के अंतिम दिन काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा और आखिर में वह संयुक्त 63वें स्थान पर रहे। डीपी वर्ल्ड टूर में पहली बार खेल रहे 29 वर्षीय संधू ने अंतिम दिन 73 का स्कोर बनाया। इस प्रतियोगिता में यह उनका एकमात्र ओवर पार स्कोर था। उन्होंने चार दौर में 70-68-68-73 के कार्ड खेले और आखिर में पांच अंडर पार के स्कोर के साथ अपने अभियान का समापन किया। इस बीच डीपी वर्ल्ड टूर में सात बार के विजेता दक्षिण अफ्रीका के रिचर्ड स्टर्न ने 13 साल बाद कोई खिताब जीता। स्टर्न का कुल स्कोर 18 अंडर पार (64-68-68-66) रहा।

### विश्व कप फुटबॉल टीम में शामिल यमल-विलियम्स



**मैड्रिड।** चोटिल फॉरवर्ड लेमाइन यमल और निको विलियम्स को स्पेन की विश्व कप फुटबॉल टीम में शामिल किया गया है। र्सीलोना के यमल और एटलेटिक बिलबाओ के विलियम्स को सत्र के आखिर में मांसपेशी में चोट लगी थी लेकिन कोच लुईस डे ला फुऐंटे ने कहा कि वह विश्व कप से पहले फिट हो जाएंगे। स्पेन को ग्रुप एच के पहले मैच में 15 जून को अटलांटा में केप वर्डे से खेलना है। इसके बाद 21 जून को सऊदी अरब और 26 जून को उरुग्वे से सामना होगा। पहली बार विश्व कप के लिए स्पेन की टीम में रीयाल मैड्रिड का कोई खिलाड़ी नहीं होगा।

### तलवार ने किया शानदार प्रदर्शन, रहे 40वें स्थान पर

**ओडेंसे।** भारतीय गोल्फर सप्तक तलवार ने बीच के दो दौर में औसत प्रदर्शन करने के बाद अंतिम दौर में शानदार खेल का नमूना पेश किया, जिससे वह डेनिश गोल्फ चैलेंज में संयुक्त 40वें स्थान पर रहे।



तलवार में अंतिम दौर में चार अंडर 68 का स्कोर बनाया, जिससे उनका कुल स्कोर आठ अंडर पार (67-70-75-68) रहा। तलवार अब रोड टू मलोरका तालिका में 21वें स्थान पर हैं। इसमें 2026 में डीपी वर्ल्ड टूर के लिए 15 कार्ड उपलब्ध हैं।

## क्वालीफायर-1 : आज शाम 7.30 बजे से गिल और कोहली की टीमों के बीच टक्कर

# विराट ब्रिगेड की बल्लेबाजी पर गुजरात टाइटंस का हमला, आज असली जंग !

एजेंसी ▶▶| धर्मशाला

लगातार दूसरी बार खिताब जीतने की तरफ मजबूती से कदम बढ़ा रहे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को अगर सीधे फाइनल में जगह बनानी है तो उसे आईपीएल के पहले क्वालीफायर में मंगलवार को गुजरात टाइटंस के अनुशासित गेंदबाजी आक्रमण का डटकर सामना करना होगा।

दोनों टीमों ने 14 मैचों में 18 अंक के साथ लीग चरण के अपने अभियान का समापन किया, लेकिन बेहतर नेट रन रेट के कारण आरसीबी शीर्ष स्थान पर रहा। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटन्स निस्संदेह आईपीएल 2026 की दो सबसे संपूर्ण टीमें रही हैं,हालांकि प्लेऑफ तक पहुंचने के लिए उन्होंने अलग-अलग रास्ते अपनाए हैं।



### आरसीबी ने गेंदबाजी के दम पर आगे बढ़ाया अभियान

रजत पाटीदार के नेतृत्व में आरसीबी ने आक्रामक बल्लेबाजी और पिछली प्रतियोगिताओं की तुलना में कहीं अधिक भरोसेमंद गेंदबाजी इकाई के दम पर अपना अभियान आगे बढ़ाया।मौजूदा चैंपियन टीम ने इस सत्र में लगातार 200 रन का आंकड़ा पार किया। आरसीबी को बल्लेबाजी में शीर्ष क्रम में दिग्गज विराट कोहली के अनुभव और गेंदबाजी में जोश हेजलवुड और भुवनेश्वर कुमार के शानदार प्रदर्शन से काफी फायदा हुआ। विपक्षी टीम के मैदान पर जीत हासिल करने की महारत और करीबी मुकाबलों को निर्णायक मोड़ पर समाप्त करने की क्षमता ने आरसीबी को लीग चरण में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीम में से एक बना दिया। इस मैच में आरसीबी को धर्मशाला की परिस्थितियों से परिचित होने का भी लाभ मिलेगा, जहां उन्होंने इस महीने की शुरुआत में पंजाब किंग्स के खिलाफ महत्वपूर्ण जीत हासिल की थी।

### कोहली और रबाडा निभा सकते हैं अहम भूमिका

कोहली और दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज रबाडा के बीच का मुकाबला मैच का परिणाम तय करने में अहम भूमिका निभा सकता है। धर्मशाला में मिलने वाली अतिरिक्त उछाल को देखते हुए यह काफी महत्वपूर्ण होगा, जिसमें गुजरात के तेज गेंदबाजों के शुरुआती आक्रमण का सामना करने की कोहली की क्षमता आरसीबी के पावरप्ले का रुख तय कर सकती है।

### शुरुआती छह ओवर बेहद महत्वपूर्ण

गुजरात की शीर्ष तीन बल्लेबाजों पर निर्भरता को देखते हुए शुरुआती छह ओवर बेहद महत्वपूर्ण होंगे। बीच के ओवरों में राशिद खान और आरसीबी के बल्लेबाजों के बीच का मुकाबला भी निर्णायक साबित हो सकता है, हालांकि कप्तान पाटीदार का स्पिन के खिलाफ रिकॉर्ड शानदार रहा है। दोनों टीम की मजबूती को देखते हुए यह मुकाबला रोमांचक होने की संभावना है।

*मैच का समय : शाम 7.30 बजे।*

### *गुजरात की गेंदबाजी सबसे प्रभावशाली*

*जहां तक गुजरात का सवाल है तो उसने अपने दमदार गेंदबाजी आक्रमण और शीर्ष क्रम के शानदार प्रदर्शन के दम पर प्लेऑफ में जगह बनाई है। उसकी बल्लेबाजी में कप्तान शुभमन गिल, कौशल से परिपूर्ण साई सुदर्शन और विस्फोटक विकेटकीपर-बल्लेबाज जोस बटलर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। टूर्नामेंट आगे बढ़ने के साथ गुजरात की गेंदबाजी सबसे प्रभावशाली रही है। मोहम्मद सिराज, कैगिसो रबाडा और प्रसिद्ध कृष्णा की तेज गेंदबाजी तिकड़ी ने नई गेंद से लगातार विकेट लिए हैं, वहीं राशिद खान और बाएं हाथ के स्पिनर आर साई किशोर ने बीच के ओवरों में शानदार नियंत्रण बनाए रखा है।*

# टी20 वर्ल्ड कप से पहले मेगट शट ने चौंकाया कहा-मेरा आखिरी टूर्नामेंट



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईसीसी विमेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज मेगन शट का अंतिम आईसीसी टूर्नामेंट होगा। मेगट ने खुद इसकी पुष्टि की है। साल 2012 में अंतरराष्ट्रीय सफर की शुरुआत करने वाली मेगन ने अपने टेस्ट करियर में 4 मैच खेले, जिसमें 9 विकेट हासिल किए। इसके अलावा, 111 वनडे मुकाबलों में उन्होंने 24.15 की औसत के साथ 148 शिकार किए। 125 टी20 मुकाबलों में मेगन 152 विकेट अपने नाम कर चुकी हैं।

शट ने कहा, भूख एक 'शब्द' है, लेकिन मेरे लिए यह 'बदला' या 'मन की भड़ास' है। यह निश्चित रूप से एक ऐसा टूर्नामेंट है, जिसे मैं जीतना चाहती हूं। मैं जो भी करती हूं, उसमें बहुत प्रतिस्पर्धी होती हूं, जो एक अच्छी और बुरी दोनों बातें हैं। पिछले दो टूर्नामेंट्स की हार मुझे चुभी है, और इतनी सारी सफलता का हिस्सा रहने के बाद, यह और भी ज्यादा चुभती है। फिर आप उन युवा खिलाड़ियों के बारे में सोचते हैं, जिन्होंने अभी तक विश्व कप नहीं जीता है।

# महिला हॉकी : आस्ट्रेलिया के खिलाफ आज से सीरीज

एजेंसी ▶▶| पर्थ



भारतीय महिला हॉकी टीम आस्ट्रेलिया के खिलाफ मंगलवार से शुरू हो रही 4 मैचों की श्रृंखला के जरिए एफआईएच नेशंस कप की मजबूत तैयारी करने का प्रयास करेगी।सलीमा टेटे की कप्तानी वाली टीम का लक्ष्य 15 से 21 जून तक आकलैंड में होने वाले नेशंस कप से पहले लय हासिल करने का होगा। अर्जेंटीना में इस साल की शुरुआत में बेहतर प्रदर्शन करने वाली भारतीय टीम ने दुनिया की दूसरे नंबर की टीम के खिलाफ श्रृंखला 2-2 से ड्रॉ कराई थी। पहले दो मैच हारने के बाद भारत ने दो मैच जीतकर वापसी की थी। भारतीय टीम ने बेंगलुरु स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र पर शिविर में काफी अभ्यास किया, जिससे खिलाड़ियों को ढांचागत खेल, अपने कौशल को निखारने, पेनल्टी कॉर्नर में विविधता आजमाने और मैच फिटनेस हासिल करने में मदद मिली।

# ग्रैंडमास्टर गुकेश का स्वीकारनामा कहा- मैंने नहीं किया अच्छा प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶| ओस्लो

भारतीय ग्रैंडमास्टर डी. गुकेश ने किसी तरह का बहाना बनाने से परहेज करते हुए स्वीकार किया कि 2024 का विश्व खिताब जीतने के बाद से उनका प्रदर्शन अपेक्षानुरुप नहीं रहा और उनके खेल को लेकर पूर्व दिग्गजों की आलोचना जायज थी। गुकेश ने पिछले 18 महीनों में निराशाजनक प्रदर्शन किया है और वह इस साल के आखिर में अपना विश्व किताब बचाए रखने के लिए सर्वश्रेष्ठ फॉर्म हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इस 19 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि वह आलोचनाओं को नजरअंदाज करने की कोशिश करते हैं लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि चैलेंजर जावोखिर सिंदारोव के खिलाफ अपने विश्व खिताब का बचाव करने से पहले परिणाम उनके अनुकूल नहीं रहे हैं।



### आलोचना पर नहीं किया गौर

गुकेश ने कहा, 'कुछ पूर्व दिग्गज खिलाड़ियों की आलोचना या टिप्पणियों पर मैंने गौर नहीं किया लेकिन इनमें से कुछ मैंने सुनी हैं और मुझे लगता है कि वह जायज हैं।' उन्होंने कहा, ' पिछले डेढ़ साल से मेरा प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है।

### भारत में हो विश्व चैंपियनशिप

गुकेश ने कहा कि उन्हें विश्व चैंपियनशिप का मैच दुनिया में कहीं भी खेलने में खुशी होगी, लेकिन इसके साथ ही यह भी स्वीकार किया कि अगर इसे भारत में आयोजित किया जाता है तो यह उनके लिए खास बन जाएगा। उन्होंने कहा, 'इसे कहीं भी आयोजित किया जाता है मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगा। भारत में हमेशा बहुत दबाव रहता है। विश्व चैंपियनशिप बहुत से लोगों का ध्यान आकर्षित करेगी। अगर यह भारत में होती है तो यह बहुत बढ़िया होगा और मुझे बहुत खुशी होगी।'

## सिंगापुर ओपन

# खिताबी सूखा खत्म करने उतरेंगे लक्ष्य और सिंधू



■ आज से शुरू दस लाख डॉलर का ईनामी टूर्नामेंट

एजेंसी ▶▶| सिंगापुर

शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन और पीवी सिंधू मंगलवार से शुरू हो रहे दस लाख डॉलर ईनामी राशि के सुपर 750 टूर्नामेंट में लय हासिल करके खिताब का सूखा खत्म करने की कोशिश करेंगे। राष्ट्रमंडल खेल चैंपियन लक्ष्य पिछले सप्ताह पहले दौर से बाहर हो गए थे। वह पहले मैच में चीन के लू गुआंग झू से खेलेंगे। महिला एकल में सिंधू पहले दौर में इंडोनेशिया की पांचवीं वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वरदानी से खेलेंगी। थाईलैंड ओपन में क्वार्टर फाइनल तक पहुंची सिंधू विभिन्न टूर्नामेंटों से जल्दी बाहर होती आई है। आयुष शेट्टी कनाडा के विक्टर लाइ से खेलेंगे, जिन्होंने पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था।

### श्रीकांत का सामना विश्व चैंपियन लोह कीन यू से

दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत का सामना 2021 विश्व चैंपियन लोह कीन यू से होगा। वहीं विश्व चैंपियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता एच एस प्रणय इंडोनेशिया के पांचवीं वरीयता प्राप्त जोनाथन क्रिस्टी से खेलेंगे। पोलिश ओपन विजेता दुनिया की 22वें नंबर की खिलाड़ी उन्नति हुड्डा का सामना पूर्व जूनियर विश्व चैंपियन जापान की तोमोका मियाजाकी से होगा। मालविका बंसोड़ चीनी ताइपै की लिन सियांग ति से खेलेगी।

## लियोनेल ने मैच के बीच में छोड़ा मैदान

# लियोनेल मेस्सी की चोट ने बढ़ाई अर्जेंटीना की टेंशन

एजेंसी ▶▶| मियामी

लियोनेल मेस्सी के विश्व कप से पहले चोटिल होने की आशंका बन गई है क्योंकि अर्जेंटीना के इस स्टार फुटबॉलर ने इंटर मियामी की तरफ से खेलते हुए मैच के बीच में मैदान छोड़ दिया था। इस तरह से मेस्सी समय से पहले अवकाश पर चले गए और अब मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना को यह देखना होगा कि क्या उन्हें कोई चोट लगी है या नहीं। मेस्सी 73वें मिनट में मैदान से बाहर चले गए। लुई सुआरेज के तीन गोल की मदद से इंटर मियामी ने इस मैच में फिलाडेल्फिया यूनियन के खिलाफ 6-4 से जीत हासिल की।

### *16 जून को अल्जीरिया से पहला मुकाबला*

*अर्जेंटीना विश्व कप के ग्रुप जे में है, जिसमें उसका सामना 16 जून को कंसास सिटी में अल्जीरिया, 22 जून को अर्लिंग्टन, टेक्सास में ऑस्ट्रिया और 27 जून को अर्लिंग्टन में ही जॉर्डन के खिलाफ होगा। अर्जेंटीना अगर आगे बढ़ता है तो मेस्सी को मियामी गार्डंस में भी खेलने का मौका मिल सकता है।*



### पांच विश्व कप में हिस्सा ले चुके हैं मेस्सी

मेस्सी पहले भी कह चुके हैं कि वह पूरी तरह फिट होने पर ही विश्व कप में खेलेंगे। अर्जेंटीना ग्रुप चरण का अपना पहला मैच 16 जून को खेलेगा। मेस्सी पांच विश्व कप में हिस्सा ले चुके हैं और टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में दो बार गोल्डन बॉल पुरस्कार जीत चुके हैं। उन्होंने यह पुरस्कार पहली बार 2014 में और फिर 2022 में जीता था जब उन्होंने अर्जेंटीना को खिताब दिलाया था। यह पुरस्कार 1982 से ही दिया जा रहा है, लेकिन वह इसे दो बार जीतने वाले इकलौते खिलाड़ी हैं।

### मेस्सी को जूझना पड़ा हैमस्टिंग की समस्या से

इंटर मियामी के साथ अपने तीन साल के कार्यकाल के दौरान मेस्सी को कम से कम दो बार हैमस्टिंग की समस्या से जूझना पड़ा है।मेस्सी ने मैदान छोड़ने से पहले कम से कम एक बार अपनी बायीं हैमस्टिंग को स्पर्श किया और फिर जब उन्हें सब्स्टीट्यूट किया जा सकता था तो वह इंटर मियामी के बेंच की ओर भी नहीं गए। मेस्सी मैदान को टीम के लॉकर रूम से जोड़ने वाली सुरंग से होते हुए बाहर निकल गए।




## मोदी सरकार के 12 साल पूरे होने पर भाजपा चलाएगी 20 दिन का अभियान

**भोपाल।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के अवसर पर मध्यप्रदेश भाजपा 20 दिनों तक विशेष जनसंपर्क अभियान चलाएगी। इस अभियान के तहत केंद्रीय मंत्री, प्रदेश सरकार के मंत्री, सांसद, विधायक और निगम-मंडल के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रों में जनता के बीच जाकर सरकार की उपलब्धियां और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देंगे।

प्रदेश भाजपा संगठन ने इस अभियान को "विश्वास के, विकास के, जन कल्याण के" थीम पर आयोजित करने का निर्णय लिया है। पार्टी ने इसकी विस्तृत रूपरेखा तैयार कर सभी जिला अध्यक्षों को भेज दी है। अभियान 5 जून से 21 जून तक लगातार चलेगा। इस दौरान विभिन्न संगठनात्मक और जनहितैषी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान के क्रियान्वयन के लिए पार्टी ने अलग-अलग जिम्मेदारियां तय करते हुए विशेष टोली गठित की हैं। अभियान की शुरुआत 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर "एक पेड़ मां के नाम" वृक्षारोपण कार्यक्रम से होगी। इसके बाद 8 जून से 14 जून तक विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत केंद्रीय मंत्री, सांसद, प्रदेश सरकार के मंत्री, विधायक और निगम-मंडल अध्यक्ष जनता के बीच पहुंचेंगे। केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों को अपने लोकसभा क्षेत्र की प्रत्येक विधानसभा में एक दिन बिताना होगा, जबकि विधायकों को अपने विधानसभा क्षेत्र के मंडलों में एक दिन सक्रिय रूप से कार्यक्रम करना होगा।

गंगा जल संवर्धन अभियान के तहत सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने किया पन्ना के तालाबों का निरीक्षण

सांसद, प्रभारी मंत्री, विधायक समेत जनप्रतिनिधि, सामाजिक और औद्योगिक संस्थाएं तालाब को लेंगी गोद

# पन्ना में पुनर्जीवित होंगे सभी 16 तालाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने पन्ना नगर के सभी 16 तालाबों का ई वी स्कूटी से निरीक्षण किया। सांसद शर्मा ने विभिन्न तालाबों एवं जल संरचनाओं का विस्तृत निरीक्षण कर संरक्षण कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने तालाबों की साफ-सफाई, गहरीकरण, जल संग्रहण क्षमता बढ़ाने तथा सौंदर्यीकरण से जुड़े कार्यों का जायजा लिया और



संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सांसद और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि जल संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है। आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए जल स्त्रोतों का संरक्षण और संवर्धन अत्यंत जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान का उद्देश्य पारंपरिक जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करना तथा लोगों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। निरीक्षण के दौरान सांसद ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि तालाबों में जलभराव क्षमता बढ़ाने, आसपास स्वच्छता बनाए रखने एवं अतिक्रमण हटाने की दिशा में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देकर जल संकट की समस्या को काफी हद तक कम किया जा सकता है।



### सरंक्षण करने संस्थाएं लेंगी तालाबों को गोद

निरीक्षण के निरीक्षण के दौरान निर्णय लिया गया कि पन्ना के सभी 16 तालाब को जनप्रतिनिधि सामाजिक और औधोगिक संस्थाएं गोद लेंगी, ताकि पन्ना के तालाबो का संरक्षण, सौंदरीयकरण आसपास पार्कों का विकास किया जा सके। जनसहयोग से गहरीकरण और साफ़ सफाई का अभियान चलाया जाएगा।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सीएम की घोषणा पर जताया आभार

# सनातन संस्कृति की वैश्विक पहचान को और आगे ले जाएगी 'भोजशाला'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

धार भोजशामा में मां वाग्देवी की पूजा-अर्चना करने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने धार में मां सरस्वती लोक और राजा भोज शोध संस्थान बनाने की घोषणा की है।

इस घोषणा पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास भी विरासत भी के संकल्पों को साकार करने वाला कदम है। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने धार भोजशाला को मां सरस्वती का मंदिर होने का जो ऐतिहासिक



फैसला दिया है, वह सनातन संस्कृति की वैश्विक पहचान को और आगे ले जाने वाला निर्णय है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार सनातन के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए लगातार कार्य कर रही है।

धार भोजशाला आंदोलन में प्राणों की आहूति देने वालों के परिजनों को भी पांच-पांच लाख रूपए की आर्थिक सहायता की घोषणा उन बलिदानियों का सम्मान है, जिन्होंने सनातन की रक्षा के लिए अपने प्राणों का न्यौछावर किया था। खण्डेलवाल ने कहा कि मां वाग्देवी के आशीर्वाद से सैकड़ों सालों का इंतजार समाप्त हुआ और कोर्ट के फैसले के बाद भोजशाला में प्रतिदिन पूजा-अर्चना शुरू हो चुकी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने धार में पीएम मित्रा पार्क की सौगात देकर जिले को विकास की मुख्य धारा में पहले ही शामिल कर चुकी है। धार अब तेजी से आगे बढ़ रहा है। 750 साल के संघर्ष के बाद भोजशाला मां वाग्देवी के मंदिर के रूप में फिर से स्थापित हुआ है। धार अब उद्योग के साथ पर्यटन और साहित्य का केंद्र भी बनेगा।

### भोज के जल संरक्षण के कार्यों को आगे बढ़ा रहे

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि आज गंगा दशमी है। राजा भोज ने जल संरक्षण के लिए कई जल संरचनाएं बनवाई हैं। भोपाल का बड़ा तालाब भी राजा भोज ने बनवाया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव राजा भोज के जल संरक्षण के कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं। मध्यप्रदेश में तीन महीने तक चलने वाला जल गंगा संरक्षण अभियान चल रहा है।

30 दिन में जॉइनिंग का नियम ताक पर, अब नई जगह से

# तबादले के 9 महीने बाद भी नई पोस्टिंग पर नहीं पहुंचे अफसर, सरकार ने किया एकतरफा रिलीव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में राज्य प्रशासनिक सेवा के कई अफसर ऐसे हैं, जिन्होंने सरकार के तबादला आदेशों को लंबे समय तक गंभीरता से नहीं लिया। हालात यह हैं कि ट्रांसफर आदेश जारी होने के नौ महीने बाद तक भी कई अधिकारी नई पदस्थापना वाले जिलों में ज्वॉइन करने नहीं पहुंचे। अब राज्य सरकार ने सख्ती दिखाते हुए ऐसे अफसरों को एकतरफा रिलीव कर दिया है।

सामान्य प्रशासन विभाग (कार्मिक) ने पिछले वर्ष 4 अगस्त को राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के तबादला आदेश जारी किए थे। इसके तहत कई अधिकारियों की नई पदस्थापना तय की गई थी, लेकिन कई अफसर अब तक पुराने स्थानों पर ही जमे रहे।

जानकारी के मुताबिक बड़वानी में पदस्थ 2006 बैच के राज्य प्रशासनिक सेवा अधिकारी उमेश कुमार गंगवार को अपर कलेक्टर बनाया गया था। वहीं, 2019 बैच के अधिकारी विजय कुमार दहेरिया, जो सागर में डिप्टी कलेक्टर थे, उनका तबादला छतरपुर में डिप्टी कलेक्टर पद पर किया गया था। इसी तरह रायसेन में पदस्थ प्रभारी डिप्टी कलेक्टर संतोष मुद्गल को सामाजिक न्याय विभाग में प्रभारी उप संचालक बनाया गया था। कटनी में पदस्थ प्रभारी डिप्टी कलेक्टर रोहित कुमार चौरसिया का तबादला रीवा में प्रभारी डिप्टी कलेक्टर पद पर किया गया था, लेकिन इन अधिकारियों ने अब तक नई पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण नहीं किया।

### नियमों का खुला उल्लंघन

स्थानांतरण आदेश जारी होने के बाद नौ महीने तक नई जगह ज्वॉइन नहीं करना शासन के नियमों का सीधा उल्लंघन माना जा रहा है। सामान्य प्रशासन विभाग के नियमों के अनुसार किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को तबादला आदेश के अधिकतम 30 दिनों के भीतर कार्यमुक्त होकर नई जगह ज्वॉइन करना अनिवार्य होता है।

### कहीं कलेक्टरों ने रोका, कहीं पारिवारिक कारण

सूत्रों के मुताबिक सामान्य प्रशासन विभाग ने इन अधिकारियों को कई बार नई पदस्थापना स्थल पर ज्वॉइन करने के निर्देश दिए, लेकिन कुछ मामलों में जिलों के कलेक्टरों ने जरूरी काम का हवाला देकर अधिकारियों को रोक लिया। वहीं कुछ अधिकारियों ने पारिवारिक जरूरतों का कारण बताते हुए नई जगह कार्यभार ग्रहण नहीं किया। बार-बार निर्देशों के बावजूद जब अधिकारियों ने नई जगह ज्वॉइन नहीं किया तो सामान्य प्रशासन विभाग ने अब उन्हें वर्तमान पदस्थापना स्थल से एकपक्षीय रूप से कार्यमुक्त कर दिया है।

## स्थानीय खेल समाचार

# बुमराह हाउस ने फाइनल में किया प्रवेश

## विराट हाउस को 171 रन के बड़े अंतर से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अरेरा प्रीमियर इंटर हाउस क्रिकेट लीग अंडर 16 एज ग्रुप प्रतियोगिता में सोमवार को जसप्रीत बुमराह और विराट कोहली हाउस के बीच में मैच खेला गया, जिसमें बुमराह हाउस ने 7 विकेट खोकर 279 रन बनाए। इनमें होमी सोलंकी 110 रन पर नाट आउट रहे और नीर यादव ने 90 रनों की पारी खेली। गेंदबाजी में मार्तंड पाल ने 2, वैभव मारण, युग वर्मा, समर्थ थापक और चारु शर्मा ने 1-1 विकेट लिए। जवाब में कोहली हाउस सभी विकेट खोकर 108 रन



शानवी मंडलोई और होमी सोलंकी को प्लेयर ऑफ द मैच से पुरस्कृत करते वरिष्ठ क्रिकेटर अमिताभ वर्मा।

बना सका। इनमें रजित मीणा 31, सुधीर अहिरवार 19 और वैभव मारण 14 रन ही बना सके। गेंदबाजी में शानवी मंडलोई ने 5 पारस बछलिया, नीर यादव और फैजान खान ने 1-1 विकेट लिए। बुमराह हाउस ने यह लीग मैच 171 रनों के विशाल अंतर से जीत कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल की दूसरी टीम रोहित शर्मा हाउस है। मंगलवार को फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। पूर्व वरिष्ठ प्लेयर एवं बीडीसीए चयनकर्ता अमिताभ वर्मा ने शानवी मंडलोई और होमी सोलंकी को दोहरे प्रदर्शन पर प्लेयर आफ द मैच से पुरस्कृत किया।

एच एम जी कप 2026 इंटर क्लब

# सिली पॉइंट ने ऐस क्रिकेट अकादमी को हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बीडीसीए द्वारा आयोजित एच एम जी कप अंडर-15 बॉयज इंटर क्लब अकादमी क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ बीडीसीए के अध्यक्ष ध्रुव नारायण सिंह ने डीपीएस क्रिकेट मैदान,नीलबड़ में किया। आज का मैच ऐस क्रिकेट अकादमी और सिली पॉइंट क्रिकेट अकादमी में खेला गया, जिसमें ऐस अकादमी ने 48.2 ओवर में 179 रन बनाए। इनमें खुशवंत सिंह ने 53, मनमोहन पंडा ने 23 और सर्व कामले ने 22 रन बनाए। सिली पॉइंट से युग रघुवंशी, अद्विक पटेरिया और नकुल शर्मा ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में सिली पॉइंट ने 40.4 ओवर में 8 विकेट पर 180 रन बनाकर 2 विकेट से यह मैच जीत लिया, जिसमें नैतिक शर्मा ने 83 और शुभ भटनागर ने 25 रन बनाए । ऐस क्रिकेट अकादमी से गेंदबाजी करते हुए खुशवंत सिंह ने 4 विकेट और मनमोहन पंडा ने 3 विकेट लिए । सिली पॉइंट क्रिकेट अकादमी ने 2 विकेट से जीत दर्ज की।

## द्वितीय ब्लाइंड फुटबॉल प्रीमियर लीग अहमदाबाद में अगले माह

**भोपाल।** गुजरात के अहमदाबाद में जून के चौथे सप्ताह में इंडियन ब्लाइंड फुटबॉल फेडरेशन के तत्त्वावधान में द्वितीय ब्लाइंड फुटबॉल प्रीमियर लीग का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पिछले साल की तरह इस साल भी मप्र की महिला एवं पुरुष वर्ग की दोनों टीमें मप्र टाइगर्स के नाम से भाग लेंगी । पिछले साल मप्र की पुरुष टीम तीसरे स्थान पर रही थी। टूर्नामेंट में भाग लेने दोनों टीमें अभ्यास कर रही हैं। जून महीने के दूसरे सप्ताह में इंदौर मे कैंप आयोजित किया जाएगा। इसके बाद टीम टूर्नामेंट के लिए अहमदाबाद रवाना होगी। मध्य प्रदेश ब्लाइंड फुटबॉल फेडरेशन के सचिव मोहम्मद शाहिद ने अपनी ख़ुशी ज़ाहिर करते हुए बताया कि मध्य प्रदेश टाइगर्स टीम के सदस्यों की चयन प्रक्रिया पूरी हो गई है ।

## 31 मई तक चलेगा ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण

आरोह 2026 में विषय विशेषज्ञ दे रहे खिलाड़ियों को ज्ञान

# खिलाड़ियों को दी साइबर सुरक्षा, नशा और मोबाइल एडिक्शन पर जानकारी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संचालनालय, खेल और युवा कल्याण के निर्देशानुसार जिला-भोपाल के में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर (आरोह), 2026 का आयोजन 1 से 31 मई तक किया जा रहा है। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर (आरोह), 2026 अंतर्गत अंकुर खेल परिसर में पंकज



प्रकाश, सी.आई.डी., भोपाल द्वारा साइबर सुरक्षा, नशा मुक्ति और मोबाईल एडिक्शन नियंत्रण पर खिलाड़ियों को अवगत कराया गया। योगेश सराठे, प्रशिक्षक, आगा क्लब, भेल, भोपाल द्वारा खिलाड़ी एवं उनके परिवार को फैमिली के साथ फिटनेस डे का आयोजन किया गया।प्रवीण कुमार दोहरे, पुलिस लाइन, नेहरू नगर, भोपाल द्वारा रचनात्मक गतिविधियों एवं मनोरंजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930